देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 05 अगस्त 2023 | वर्ष –67 | अंक –271 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00

■ सही आंकड़े छिपा कर ...
■ गांधी को गायब करने ... 04

■ पाकिस्तान ने अमेरिका के साथ चुपचाप...
■ नाइजर से 350 फ्रांसीसी नागरिकों को... 09

■ भारत से अमेरिका तक जा रहे स्मार्टफोन...
■ एसबीआई का मुनाफा जून तिमाही में ... 11

■ एशियाई खेलों से भारतीय...
■ वर्ल्डकप 2023 के बेस्ट... 10

# राहुल को बड़ी राहत

## दो साल की सजा पर सुको ने लगाई रोक, बहाल होगी संसद सदस्यता



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मोदी सरनेम मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात की अदालत के फैसले पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत का कहना है कि- जब तक इस मामले में कोई अंतिम फैसला नहीं हो जाता तब तक सजा पर रोक लगी रहेगी। राहुल गांधी ने इससे पहले गुजरात की मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को सेशन कोर्ट और अहमदाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। लेकिन वहां से उनको राहत नहीं मिल सकी थी।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि- राहुल की संसद सदस्यता अब बहाल है। वो संसद जा सकते हैं। तीन जजों की (न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार) की पीठ ने कहा कि- निचली अदालत ने मानहानि के अपराध के लिए भारतीय दंड संहिता के तहत निर्धारित अधिकतम दो साल की कैद की सजा देने का कोई विशेष कारण नहीं बताया है।

### कोर्ट की तीन महत्वपूर्ण टिप्पणियां

-सुप्रीम कोर्ट ने कहा इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनका बयान गुड टेस्ट में नहीं था। सार्वजनिक जीवन में रहने वाले व्यक्ति से सार्वजनिक भाषण देते समय सावधानी बरतने की उम्मीद की जाती है। जैसा कि इस अदालत ने अवमानना याचिका में उनके हलफनामे को स्वीकार करते हुए कहा कि उन्हें (राहुल गांधी) अधिक सावधान रहना चाहिए था।

-सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट के जज द्वारा अधिकतम दो साल की सजा देने का कोई कारण नहीं बताया गया है। अंतिम निर्णय आने तक दोषसिद्धि के आदेश पर रोक लगाने की जरूरत है।

-सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को राहत देते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट के आदेश के प्रभाव व्यापक हैं। अदालत ने कहा कि इससे न केवल गांधी का सार्वजनिक जीवन में बने रहने का अधिकार प्रभावित हुआ, बल्कि उन्हें चुनने वाले मतदाताओं का अधिकार भी प्रभावित हुआ।

### सच्चाई की जीत आज नहीं तो कल

राहुल ने कहा कि आज नहीं तो कल सच्चाई की तो जीत होनी ही थी। मुझे क्या करना है, मेरे दिमाग में सब क्लियर है। ट्वीट कर भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि- हमारी जिम्मेदारी वही रहने वाली है जो पहले थी। भारत के विचार की रक्षा हो, हमारा यही उद्देश्य है। उन्होंने जोर देकर कहा है कि वे जैसे पहले अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे, आगे भी वैसे ही करने वाले हैं। उनके तेवर में कोई फर्क नहीं आएगा।

### सदस्यता तुरंत बहाल करने की मांग

शीर्ष अदालत के फैसले के तुरंत बाद लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की और उनसे राहुल की सदस्यता तुरंत बहाल करने की मांग की। उन्होंने उम्मीद जताई की लोकसभा अध्यक्ष जल्द ही इस मामले में फैसला ले लेंगे।

### भारत की जनता की जीत हैः खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सारे लोग खुश हैं। मैं सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करता हूं। अभी संविधान जिंदा है। न्याय मिल सकता है। सिर्फ राहुल गांधी की जीत नहीं है, भारत की जनता और डेमोक्रेसी की जीत है। राहुल गांधी को हटाने के लिए 24 घंटे में सब कुछ हुआ। अब देखना है कि उनकी दोबारा सांसदी कब बहाल होती है।

## सार संक्षेप

### मोटर दुर्घटना दावा उस क्षेत्र के एमएसीटी के समक्ष दायर करने की आवश्यकता नहीं जहां दुर्घटना हुई : सुको

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दावेदारों के लिए मोटर वाहन अधिनियम की धारा 166 के तहत मुआवजे के लिए उस क्षेत्र पर एमएसीटी के समक्ष आवेदन दायर करना अनिवार्य नहीं है जहां दुर्घटना हुई थी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने स्थानांतरण याचिका पर फैसला करते हुए कहा कि दावेदार उस स्थानीय सीमा के भीतर एमएसीटी से संपर्क कर सकते हैं जिसके अधिकार क्षेत्र में वे रहते हैं या व्यवसाय करते हैं या प्रतिवादी रहते हैं। आपत्तिजनक वाहन के मालिक द्वारा दायर इस स्थानांतरण याचिका में एक आधार यह उठाया गया था कि दुर्घटना दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी में हुई थी और इस प्रकार दार्जिलिंग में एमएसीटी के लिए दावा याचिका पर निर्णय लेना समीचीन होगा। अदालत ने कहा, दावेदारों ने यूपी के फतेहगढ़ में एमएसीटी, फर्रुखाबाद से संपर्क करने का विकल्प चुना है, एक मंच जिसे कानून उन्हें चुनने की अनुमति देता है, याचिकाकर्ता द्वारा एनपी शिकायत उठाई जा सकती है। विवाद गलत है और इसलिए इसे खारिज कर दिया गया है। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि चूंकि उसके सभी गवाह सिलीगुड़ी से हैं, इसलिए भाषा बाधा बन सकती है। इस तर्क को खारिज करते हुए न्यायाधीश ने कहा, भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, इसमें कोई संदेह नहीं है कि लोग अलग-अलग भाषाएं बोलते हैं। कम से कम 22 आधिकारिक भाषाएं हैं। हालांकि, हिंदी राष्ट्रीय भाषा है, इसलिए यह अपेक्षित है। गवाह जिन्हें एमएसीटी, फतेगढ़, यूपी के समक्ष याचिकाकर्ता द्वारा हिंदी में संवाद करने और अपना पक्ष बताने के लिए पेश किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री कृषि विपणन बोर्ड के स्वर्ण-जयंती महोत्सव में शामिल हुए



# कृषि उपज मण्डी व्यवस्था के कारण किसानों को मिल रहा फसलों का उचित मूल्य : शिवराज

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कृषि उपज मण्डी की उत्तम व्यवस्था के कारण किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल पा रहा है।

यह सब आप सबके निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि मण्डी समितियों ने जिन्सों की आवक और मण्डी की आय में अब तक की सर्वाधिक वृद्धि हासिल की है। मैं प्रदेश के सभी किसानों और मण्डी बोर्ड की पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ। मुख्यमंत्री आज प्रशासन अकादमी में मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के स्वर्ण-जयंती महोत्सव में संबोधित कर रहे थे।

### कृषि क्षेत्र में म.प्र. का उल्लेखनीय कार्य : तोमर

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल, राज्य नीति एवं योजना आयोग के उपाध्यक्ष प्रो. सचिन चतुर्वेदी, पूर्व मंत्री डॉ. रामकृष्ण कुसमारिया, गौरीशंकर बिसेन, राज्य कृषि विपणन बोर्ड की उपाध्यक्ष मंजू दादू, दर्शन सिंह चौधरी ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मूलतः हम सभी किसान हैं।

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## ज्ञानवापी में जारी रहेगा एएसआई सर्वे

**नई दिल्ली।** ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष को सुप्रीम कोर्ट से भी बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट से फैसले को बरकरार रखते हुए फैसला लिया है कि ज्ञानवापी परिसर में एएसआई का सर्वे जारी रहेगा।

सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने सुनवाई कहा कि हाईकोर्ट के समक्ष सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महानिदेशक,स्ढ्ढ को सहायता के लिए बुलाया गया था। ,स्ढ्ढ के एडीजी ने प्रस्तावित सर्वेक्षण की प्रकृति बताते हुए एक हलफनामा दायर किया है। एडीजी द्वारा दी गई दलीलें हाईकोर्ट के फैसले में दर्ज की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत वैज्ञानिक सर्वेक्षण के लिए निर्देश दे सकती है।सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई को आदेश दिया है बिना खुदाई के सर्वे किया जाए। इससे पहले हाईकोर्ट ने भी ऐसा ही फैसला सुनाया था। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि हमले जिला कोर्ट से इस मामले में 15 दिन का समय मांगा है।

## डेटा के साथ खिलवाड़ पर सरकार सख्त, नया बिल पेश

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने संसद में डेटा प्रोटेक्शन बिल पेश कर दिया। खास बात है कि इस बिल में 250 करोड़ रुपये के जुर्माने तक का भी प्रावधान है। खुद केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने इस बात की पुष्टि की है। अब संसद में बिल आते ही विपक्ष ने इसे लेकर जमकर विरोध किया और कहा कि सरकार इसे मनी बिल के दायरे में शामिल कर सकती है। साथ ही विपक्ष के आरोप हैं कि यह निजता के अधिकार का उल्लंघन करता है। इधर, सरकार ने आरोपों का खंडन किया है और विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने की बात कही है।

### 250 करोड़ के जुर्माने का प्रावधान

अगर संसद में संशोधित डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल पास हो जाता है, तो डेटा उल्लंघन के मामले में जिम्मेदार व्यक्ति पर 250 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया जा सकेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिल संसद में पेश किया। केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर ने कहा, आज डेटा का गलत इस्तेमाल हो रहा है और इसपर पूरी तरह रोक लगेगी। उन्होंने कहा, सरकार और निजी कंपनियों की जवाबदेही तय करने के लिए कड़े प्रावधान शामिल किए गए हैं। हर बार डेटा उल्लंघन करने पर 250 करोड़ रुपये की पेनाल्टी लगेगी। जरा सोचिए कि अगर 1 हजार लोगों का डेटा ब्रीच हुआ है, तो कितनी राशि होगी। उन्होंने कहा कि इस बिल का मकसद देश के करोड़ों नागरिकों के डेटा को ज्यादा सुरक्षित बनाना और उनकी निजता की रक्षा करना है।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-बड़ी अदालत से राहत मिलने के बाद राहुल ने इशारा किया है कि- उनके तेवर में कोई अन्तर नहीं आयेगा।

**चुहिया- हां प्रिये**- तेवर चाहे जैसे रखें लेकिन यह मामला जुबान को काबू में रखने की नसीहत तो दे ही गया।

# मणिपुर में हिंसा का तांडव जारी

## पुलिसकर्मी की हत्या, भीड़ ने सुरक्षा चौकियों पर हमला कर लूट लिए हथियार

**इंफाल।** मणिपुर में बीते कई महीनों से जारी हिंसा पर फिलहाल लगाम लगती नहीं दिख रही है। इंफाल पश्चिम में हुई हिंसा में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई है। उधर बिष्णुपुर जिले में भीड़ ने कम से कम दो सुरक्षा चौकियों पर तोड़फोड़ की, इस दौरान स्वचालित बंदूकों सहित हथियार और गोला-बारूद लूट लिए गए।

**कौतरुक, हरोथेल और सेंजम चिरांग इलाकों में हुई गोलीबारी**-मणिपुर पुलिस के अनुसार, पुरुषों और महिलाओं दोनों की भीड़ ने बिष्णुपुर जिले में मणिपुर सशस्त्र पुलिस की दूसरी बटालियन के कीरेनफाबी पुलिस चौकी और थंगलवई पुलिस चौकी में तोड़फोड़ की और हथियार लूट लिए। 45 गाड़ियों में सवार होकर और पैदल आए उपद्रवियों की कुल संख्या 500 रही थी। इस लूट को अंजाम देने में केवल 30 मिनट लगे। उपद्रवियों ने 22000 से अधिक गोलियां भी लूट ली। इसके अलावा जो घातक हथियार लूटे गए हैं, उपद्रवी बड़ी संख्या में उनकी मैगजीन भी साथ ले गए।

### 22 हजार गोलियां और बड़ी संख्या में स्वचलित राईफलें, मशीन गनें ले गए

भीड़ ने हेनगांग और सिंगजामेई पुलिस स्टेशनों से भी हथियार और गोला-बारूद जब्त करने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने उनके हमले को विफल कर दिया। इंफाल पश्चिम के सेनजम चिरांग में स्नाइपर के सिर में गोली लगने से मणिपुर पुलिस के एक जवान की मौत हो गई।



## केदारनाथ के गौरीकुंड में भारी भूस्खलन से 19 लोगों की मौत का डर, 3 शव मिले

**रुद्रप्रयाग देहरादून।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ यात्रा मार्ग पर गौरीकुंड में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद एक दर्जन से लोग लापता हो गए हैं। शाम तक तीन शव बरामद किए गए हैं। अन्य लोगों की तलाश जारी है। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर गौरीकुंड के पास भूस्खलन के कारण मंदाकिनी नदी में तीन दुकानें बह गईं। हादसे में 19 लोगों की मौत की आशंका है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

घटना डाट पुलिया पर गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 12.15 बजे हुई। रुद्रप्रयाग जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी (डीडीएमओ) नंदन सिंह रजवार ने कहा, गौरीकुंड के पास भूस्खलन की वजह से तीन दुकानों के नदी में बहने से 19 लोग लापता हो गए हैं। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), पुलिस और जिला प्रशासन के कर्मी बचाव और खोज अभियान चला रहे हैं।

## भोजन की तलाश रहे 3 हाथियों की करंट लगने से मौत



**कामरूप (असम)।** गुवाहाटी के निकटवर्ती रानी में करंट लगने से तीन जंगली हाथियों की मौत हो गई। पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार यह घटना रानी वन रेंज कार्यालय के तहत रानी चाय बागान के पानीचंदा में हुई। जानकारी के अनुसार जंगली हाथियों का एक झुंड भोजन की तलाश करते हुए बिजली के तार को पार करने लगा। इसी दौरान झुंड में से 3 हाथियों को करंट लग गया। इस दुखद घटना में तीनों हाथियों की मौत हो गई. घटना की सूचना पाकर मौके पर मौजूद रानी वन कार्यालय के लोग आगे की कार्रवाई में जुट गए।

उल्लेखनीय है कि इस प्रकार की घटना पहली बार नहीं हुई है। इस इलाके में हाथियों की मौत अक्सर करंट लगने से हुआ करती है। फिर भी विभागीय अधिकारियों द्वारा जानवरों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस और कारगर उपाय नहीं किया जा रहा है। एक साथ तीन हाथियों की मौत से पर्यावरण और पशु प्रेमियों में दुख के साथ आक्रोश है। लोगों का कहना है कि इन मूक पशुओं की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाये जाना चाहिये और करंट वाली तारवाड़ियों पर रोक लगना चाहिए।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से

मोतियाबिंद ऑपरेशन

मध्य भारत का सबसे आधुनिक

नया युग

आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर

डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894

जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL

Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319

An English Medium Co-educational School



ADMISSIONS OPEN

Class: Nursery 12th

(Science, Commerce & Humanities)

Call us: 0761-2676370, 9826587200

Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

## हौसला — योग्यता हासिल करने की कोई उम्र नहीं

# 78 साल के बुजुर्ग ने 9वीं कक्षा में कराया दाखिला

**चम्फाई ।** योग्यता हासिल करने का हौसला हो तो फिर उम्र भी आड़े नहीं आती। मिजोरम के एक 78 वर्षीय बुजुर्ग लालरिंगथारा ने कुछ ऐसी ही मिसाल कायम की है। लालरिंगथारा स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर और किताबों से भरा बैग लेकर अपनी कक्षा तक पहुंचने के लिए हर दिन 3 किलोमीटर की दूरी तय करते हैं।

मिजोरम के चम्फाई जिले के ह्रुआइकोन गांव के रहने वाले लालरिंगथारा की कहानी कई लोगों के लिए प्रेरणा बन गई है। उन्होंने गांव के राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) हाई स्कूल में कक्षा 9 में दाखिला लिया है।

1945 में भारत-म्यांमार सीमा के पास खुआंगलेंग गांव में जन्मे लालरिंगथारा अपने पिता की मृत्यु के कारण कक्षा 2 के बाद



अपनी शिक्षा जारी नहीं रख सके। रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें कम उम्र में ही खेतों में अपनी मां की मदद करने के लिए मजबूर होना पड़ा। वह माता-पिता के इकलौते बच्चे थे। उनका परिवार 1995 में न्यू ह्रुआइकॉन गांव में बस गया। गरीबी के कारण उनके करियर के कई वर्ष बर्बाद हो गए।

अब वह स्कूल वापस पहुंचे हैं। उन्हें अपनी अंग्रेजी में सुधार लाना है। वह अंग्रेजी में आवेदन लिखने से लेकर न्यूज चैनलों की रिपोर्टों को समझना चाहते हैं। लालरिंगथारा को मिजो भाषा का ज्ञान है। वह पढ़ने और लिखने में सक्षम हैं। वह वर्तमान में न्यू ह्रुआइकॉन में चर्च में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा, मुझे मिजो भाषा में पढ़ने या लिखने में कोई समस्या नहीं है। शिक्षा की मेरी इच्छा अंग्रेजी भाषा सीखने के मेरे जुनून के कारण बढ़ी है।

आजकल साहित्य के हर टुकड़े में कुछ अंग्रेजी शब्द शामिल होते हैं। ये शब्द अक्सर मुझे भ्रमित करते हैं। इसलिए मैंने अपने ज्ञान को बेहतर बनाने के लिए स्कूल वापस जाने का फैसला किया। खासकर मैं अंग्रेजी भाषा सीखना चाहता हूं।

स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक वनलालकिमा ने कहा-लालरिंगथारा छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए समान रूप से एक प्रेरणा और चुनौती हैं। सीखने के जुनून के साथ एक सराहनीय व्यक्ति उस सभी समर्थन के हकदार हैं जो उन्हें प्रदान किया जा सकता है।

# देश-विदेश

## असम में 4 करोड़ की ड्रग्स जब्त, 1 गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के करीमगंज जिले में पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान के दौरान 4 करोड़ की ड्रग्स जब्त की गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को कायस्थग्राम इलाके में ऑपरेशन चलाया गया। त्रिपुरा सीमा की ओर जा रहे एक वाहन को सुरक्षाकर्मियों ने रोका और गहन जांच करने पर साबुन के डिब्बों में छिपा हुआ नशीला पदार्थ पाया गया।

## बॉम्बे हाईकोर्ट के जज ने अदालत में दिया इस्तीफा

### कहा, आत्मसम्मान के खिलाफ काम नहीं कर सकता, पूर्व प्रोफेसर को आरोपमुक्त करने का दिया था आदेश

**नागपुर, (एजेंसियां)।** एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में, बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ के जज जस्टिस रोहित बी. देव ने शुक्रवार दोपहर यहां खुली अदालत में अपना इस्तीफा दे दिया।

पद छोड़ने के अपने फैसले की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि वह अपने आत्मसम्मान के खिलाफ काम नहीं कर सकते। उस वक्त वो जस्टिस एम. डब्ल्यू. चंदवानी के साथ एक खंडपीठ का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने वकीलों से माफी मांगी और उन्हें अपना परिवार बताया। अदालत में मौजूद हर वकील से माफी मांगते हुए जस्टिस देव ने कहा, मैंने आपको डांटा क्योंकि मैं चाहता था कि आप सुधर जाएं...आप लोग कड़ी मेहनत करो।

उन्होंने कहा कि उनका इरादा कभी भी किसी को चोट पहुंचाने का नहीं था क्योंकि सभी उनके लिए एक परिवार की तरह थे और मैं अपने आत्मसम्मान के खिलाफ काम नहीं कर सकता। 14 अक्टूबर, 2022 को न्यायमूर्ति देव और न्यायमूर्ति अनिल पंसारे की खंडपीठ ने कथित माओवादी लिंक मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा और पांच अन्य को आरोपमुक्त कर दिया था और उनकी तत्काल रिहाई का भी आदेश दिया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने फैसले पर रोक लगा दी थी**-हालांकि, फैसले को महाराष्ट्र सरकार द्वारा चुनौती दिए जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। 19 अप्रैल, 2023 को शीर्ष अदालत ने फैसले को रद्द कर दिया और मामले को नए सिरे से सुनवाई के लिए किसी अन्य पीठ को सौंपने का निर्देश दिया।



## मेक्सिको में खाई में गिरी बस, 6 भारतीय समेत 18 की मौत, 23 घायल

**मेक्सिको।** मेक्सिको में एक बस दुर्घटना में मारे गए कम से कम 18 लोगों में छह भारतीय भी शामिल थे। हादसे में 23 लोग भी घायल हो गए। यह दुर्घटना उत्तर-पश्चिमी मेक्सिको के नायरिट राज्य में हुई। एएफपी के मुताबिक बस विदेशी प्रवासियों और स्थानीय लोगों को ले जा रही थी। इसी दौरान खड्डु में जा गिरी। नायरिट राज्य में नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने सूचना दी कि मृतकों में तीन नाबालिग भी शामिल हैं।

**बस में करीब 40 लोग सवार थे**-हादसे के वक्त बस में करीब 40 लोग सवार थे। बस मेक्सिको सिटी से उत्तर-पश्चिमी तिजुआना जा रही थी, जो सैन डिएगो की सीमा पर है। कई प्रवासी वहां से अमेरिका में शरण लेने की कोशिश करते हैं।

**अधिकांश यात्री विदेशी**-नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने कहा, %अधिकांश यात्री विदेशी हैं और भारत, डोमिनिकन गणराज्य और अफ्रीकी महाद्वीप जैसे देशों से आए हैं, जिनमें से कुछ संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने के लिए तिजुआना जा रहे थे। एजेंसी ने कहा कि बचावकर्मी अभी भी लोगों को बस से निकालने का प्रयास कर रहे हैं। इसने की कहा गया कि मरने वालों की संख्या प्रारंभिक है। रॉयटर्स ने बताया कि बस 50 मीटर गहरी खाई में फंसी हुई है।

**बस ड्राइवर को लिया गया हिरासत में**-तेज गति से गाड़ी चलाने के संदेह में बस के ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है। एजेंसी ने कहा, ऐसा संदेह है कि ड्राइवर ने तेज गति के कारण नियंत्रण खो दिया और बस को राज्य की राजधानी टेपिक के पास एक तटबंध से नीचे गिरा दिया।

### भारतीय मूल की जज के सामने पेश हुए डोनाल्ड ट्रंप कहा-

## मैं दोषी नहीं हूं, चुनाव नतीजों को पलटने की कोशिश से जुड़े आरोप किए खारिज

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नवंबर 2020 का चुनाव हारने के बावजूद सत्ता में बने रहने के लिए आपराधिक साजिश रचने के आरोप में एक भारतीय-अमेरिकी न्यायाधीश के समक्ष खुद को निर्दोष बताया।



ट्रम्प, जो रिपब्लिकन पार्टी से 2024 का राष्ट्रपति चुनाव लड़ना चाह रहे हैं,उन्होंने मजिस्ट्रेट न्यायाधीश मोक्सिला ए उपाध्याय के समक्ष दोषी न होने की याचिका दायर की, जब वह कैपिटल से कुछ ही दूरी पर स्थित अदालत में उपस्थित हुए, तो इस दौरान उनके नाराज समर्थकों ने अमेरिका पर हमला किया था। गहरे नीले रंग का सूट और लाल टाई पहने 77 वर्षीय ट्रम्प, न्यू जर्सी के बेडमिंस्टर से उड़ान भरने के बाद एक मोटरसाइकिल में कोर्टहाउस पहुंचे। पूर्व राष्ट्रपति को विशेष वकील जैक स्मिथ के अभियोग में उल्लिखित चार गुंडागर्दी के मामलों में गिरफ्तार किया गया और उन पर मुकदमा चलाया गया। संयुक्त राज्य अमेरिका को धोखा देने की साजिश, आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालने की साजिश, आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालने का प्रयास, और अधिकारों के खिलाफ साजिश का आरोप है।

मैं दोषी नहीं हूं स्मिथ द्वारा इस सप्ताह की शुरुआत में वाशिंगटन, डीसी में 45 पेज का अभियोग दायर किया गया था।

## अमरनाथ यात्रा के लिए 1,181 तीर्थयात्री जम्मू शिविर से रवाना

**श्रीनगर।** तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ यात्रा जारी रखी है और 1,181 यात्रियों का एक और जत्था शुक्रवार को जम्मू से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने कहा कि यात्रा सुचारू रूप से जारी है, हालांकि कुछ दिनों से तुलनात्मक रूप से कम संख्या में तीर्थयात्रियों का आगमन हो रहा है। इस साल एक जुलाई से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा में अब तक चार लाख से अधिक लोग शामिल हो चुके हैं।

## कम नहीं हो रही कश्मीरी पंडितों की परेशानी

### कश्मीर में आने पर पर्यटक की सूची में जोड़ा जा रहा

सुरेश एस डुग्गर

**श्रीनगर, देशबन्धु।** कश्मीर में बहने वाली वितस्ता अर्थात जेहलम नदी का जन्म दिन, क्षीर भवानी में मत्था टेक और दशहरा मना कर कश्मीरी पंडित अपने दिलों में रूके पड़े सैलाब को तो बाहर निकाल रहे हैं पर ये सब वे अपनी जन्मभूमि में वहां के वाशिंदे बन कर नहीं बल्कि 'पर्यटक' बन कर ही कर पा रहे हैं। यह कड़वा सच है कि इन रस्मों और त्यौहारों को मनाने वाले कश्मीरी पंडित कश्मीर में पर्यटक बन कर ही आ रहे हैं।

यूं तो उनकी इन रस्मों और त्यौहारों को कामयाब बनाने में केंद्र व प्रदेश सरकार की अहम भूमिका रहती है पर वह भी अभी भी कश्मीरी पंडितों को कश्मीर के लिए 'पर्यटक' ही मानती है। अगर ऐसा न होता तो कश्मीरी बच्चों को वादी की सैर पर भिजवाने का कार्य सेना क्यों करती और कश्मीर आने वाले पर्यटकों की संख्या में कश्मीरी पंडितों की संख्या को भी क्यों जोड़ा जाता। यह हकीकत है। कश्मीर में आने वाले पर्यटकों की संख्या में पिछले कुछ सालों से प्रदेश प्रशासन अमरनाथ श्रद्धालुओं को भी लपेटता रहा है तो कुछ खास त्यौहारों पर कश्मीर आए

**पंडितों के पलायन किए हुए हो चुके है 33 साल**

कश्मीरी पंडितों और विभिन्न सुरक्षाबलों द्वारा वादी की सैर पर भिजवाए गए उनके बच्चों की संख्या का रिकार्ड बतौर पर्यटक ही रखा जा रहा है। यही नहीं अब तो उस संख्या में माता वैष्णो देवी के तीर्थस्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को भी जोड़ा जा रहा है जो विश्व समुदाय को कश्मीर में लौटती शांति के तौर पर बताई जा रही है। इससे कश्मीरी पंडित नाराज भी नहीं हैं। दरअसल वे अपने पलायन के इन 33 सालों के अरसे में जितनी बार कश्मीर गए 3 से 4 दिनों तक ही वहां टिके रहे। कारण जो भी रहे हों वे कश्मीर के वाशिंदे इसलिए भी नहीं गिने गए क्योंकि कश्मीर के प्रवास के दौरान या तो वे होटलों में रहे या फिर अपने कुछ मुस्लिम मित्रों के संग।यह कश्मीरी पंडितों के साथ भयानक त्रासदी के तौर पर लिया जा रहा है कि वे कश्मीर के नागरिक तथा कश्मीरियत के अभिन्न अंग होते हुए भी फिलहाल कश्मीर तथा वहां की सरकार के लिए मात्र पर्यटक भर से अधिक नहीं हैं।

वैसे सरकारी तौर पर उन्हें कश्मीर में लौटाने के प्रयास जारी हैं। 33 सालों में 1200 के लगभग कश्मीरी पंडितों के परिवार कथित तौर पर कश्मीर वापस लौटे भी। पर उनकी दशा देख कश्मीरी पंडितों को उससे अच्छा विस्थापित जीवन ही लग रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### कृषि उपज मंडी.....

मैंने खेती-किसानी की है और हल-बक्खर चलाया है। अत: किसानों के दुख-दर्द और परेशानियाँ समझते हैं। सरकार किसानों के कल्याण और उन्हें उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने के लिये निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बोर्ड के शेष चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का भी आमेलन किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में किसानों को हर तरह की सुविधाएँ दी जा रही हैं। किसान अब एमपी फार्म एप के माध्यम से वे अपनी कृषि उपज को अपने घर, खेत अथवा गोदाम कहीं से भी आसानी से विक्रय कर सकते हैं। इलेक्ट्रिक तौल-काँटे से लेकर बोली लगाने के लिये सरकारी कर्मचारी तक की व्यवस्था को पारदर्शी बनाया गया है। किसानों को अपने खेत-खलिहानों से ही फसल बेचने की सुविधा दी गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बोर्ड के अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि मण्डी में जो नीलामी होती है, उसमें 2 प्रतिशत से अधिक कमीशन न काटा जाये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बोर्ड की 50 वर्ष की सफल यात्रा के लिये सभी संबंधितों को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी तथा आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी बोर्ड निरंतर किसानों के कल्याण और प्रदेश के विकास के लिये कार्य करता रहेगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश दिन दूनी-रात चौगुनी प्रगति कर रहा है। मध्यप्रदेश कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर निरंतर कृषि कर्मण अवार्ड जीत रहा है। यह हमारे प्रदेश के किसानों के परिश्रम का प्रतिफल है। कृषि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सरकार ने किसानों को कई सौगातें दी हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व और मार्गदर्शन में किसान को अतिरिक्त आय अर्जित हो रही है। कार्यक्रम में हम्मालों और तुलावटियों को सम्मानित किया गया।

## दिल्ली जा रही इंडिगो फ्लाइट की पटना एयरपोर्ट पर हुई इमरजेंसी लैंडिंग



### सभी यात्री सुरक्षित

**नई दिल्ली।** पटना के जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार की सुबह 8्40 में 181 यात्रियों को लेकर इंडिगो की पटना से दिल्ली के लिए उड़े इंडिगो विमान 6श्व 2433 की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

उड़ान भरने के बाद इंजन फेल हो गया, जिससे विमान का संतुलन गड़बड़ा गया। पायलट ने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क साधा और इमरजेंसी लैंडिंग की इजाजत मांगी। इसके बाद विमान को नीचे उतारा गया। इस दौरान किसी भी यात्री को कोई परेशानी नहीं हुई। पटना एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से बताया गया है कि इंडिगो की उड़ान 6श्व 2433 पटना से दिल्ली के लिए उड़ान भरने के 3 मिनट बाद एक इंजन के निष्क्रिय होने की सूचना मिली। फ्लाइट की 9.11 पर पटना एयरपोर्ट पर सेल्फ लैंडिंग कराई गई। इंडिगो की फ्लाइट के इंजन की जांच की जा रही है। जांच के बाद फ्लाइट को दिल्ली के लिए रवाना किया जाएगा। हवाईअड्डे पर सभी परिचालन सामान्य है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग - जबलपुर माधवराव सप्रे मार्ग. ( मुख्य मार्ग क्रमांक 03 ) भोपाल (म.प्र.) 462003

नि.आ.सू. क्रं. / एन.एच.एम./03/2023-24/525 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — भोपाल दिनांक 23/07/2023

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं संभाग जबलपुर की ओर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग- जबलपुर की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से (www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services) टेण्डर दो लिफाफा पद्धति से प्रपत्र 'अ' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू, लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 15.09.2022 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

**ई-निविदा सूचना क्रमांक-07/2023-24 दिनांक 28.07.2023**

| सं. क्र. | टेण्डर नं. 2023_DHS | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि रू. (लाख में) | जमा धरोहर राशि रू. | टेण्डर दर राशि रू. में | समय सीमा वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 294878 | जिला नरसिंहपुर मे 01 चिकित्सालय नरसिंहपुर, 01 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय नरसिंहपुर, डग स्टोर एवं 01 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेन्दूखेडा मरम्मत एवं आवश्यक कार्य। कुल 03 | 44.19 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | 294880 | जिला कटनी में 01 जिला चिकित्सालय 02 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रीठी एवं बहोरीबंद भवनों में मरम्मत एवं आवश्यक कार्य। कुल 03 | 45.60 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | 294881 | जिला मण्डला 01 डग स्टोर, 01 ए.एन.एम टेनिंग सेन्टर भवन, 01 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहगांव में मरम्मत एवं आवश्यक कार्य। कुल 03 | 26.23 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4 | 294882 | जिला बालाघाट में 01 जिला चिकित्सालय, 01 सिविल अस्पताल वारासिवनी एवं 05 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरलांजी, रामपायली, कटंगी, लालबर्रा एवं बिरसा में मरम्मत एवं आवश्यक कार्य। कुल 07 | 85.71 | 85710.00 | 10000.00 | 4 माह |
| 5 | 294883 | जिला डिण्डोरी में 01 जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू, 01 कार्यालय मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी, 04 सामुदायिक केन्द्र समनापुर, करंजिया मेहदवानी एवं शाहपुरा में मरम्मत एवं आवश्यक कार्य। कुल 08 | 80.39 | 80390.00 | 10000.00 | 4 माह |
| 6 | 294884 | जिला में जबलपुर 01 सीएमएचओ कार्यालय 01 सिविल अस्पताल सीहोरा 02 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटन एवं शाहपुर में मरम्मत एवं आवश्यक कार्य। कुल 04 | 54.65 | 54650.00 | 10000.00 | 4 माह |
| 7 | 294885 | क्षेत्रीय संचालक जबलपुर कार्यालय के 01 प्रशिक्षण केन्द, 01, 18 आवास गृहों. 01 छात्रावास की बाउण्डीवाल मे मरम्मत एवं आवश्यक कार्य। कुल 03 | 83.19 | 83190.00 | 10000.00 | 4 माह |
| 8 | 294886 | जिला सिवनी में 01 सीएमएचओ कार्यालय, 04 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धनौरा, कुरई, छपारा एवं गोपालगंज एवं 01 जी.एन.एम टेनिंग सेन्टर भवनो में मरम्मत एवं आवश्यक कार्य। कुल 06 | 63.91 | 63910.00 | 10000.00 | 4 माह |
| 9 | 294888 | जिला छिन्दवाडा में 01 जिला चिकित्सालय 01 सिविल अस्पताल चादामेटा,03 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नांदनवाडी, धनौरा एवं बिछुआ में मरम्मत एवं आवश्यक कार्य। कुल 05 | 71.81 | 71810.00 | 10000.00 | 4 माह |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 02/08/2023 प्रात: 10.30 बजे से दिनांक 16/08/2023 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते हैं। 3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम. भोपाल के पक्ष में देय होगी। 4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा।

G-17751/23 — दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। — कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग- जबलपुर

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग - रीवा माधवराव सप्रे मार्ग. ( मुख्य मार्ग क्रमांक 03 ) भोपाल (म.प्र.) 462003

नि.आ.सू. क्रं. / एन.एच.एम./03/2023-24/311 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — भोपाल दिनांक 28/07/2023

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं संभाग रीवा की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से (www.mptenders.gov.in)(Department of Directorate of Health Services) निविदा आमंत्रण सूचना के स.क 1 03 लिफाफा पद्धति से एवं 02 से 04 तक दो लिफाफा पद्धति से प्रपत्र 'अ' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ. आर. 15.09.2022 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है । निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

**ई-निविदा सूचना क्रमांक- 03 / 2023-24 दिनांक 28.07.2023**

| सं. क्र. | टेण्डर नं. 2023_DHS | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | जमा धरोहर राशि रू. | टेण्डर दर राशि रू. में | समय सीमा वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 294896 | जिला में रीवा 01 जिला चिकित्सालय रीवा, 02 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चाकघाट एवं गोविन्दगढ, 01 जिला चिकित्सालय सीधी, 01 टेनिंग सेन्टर, 01 सीएमएचओ, डीपीएम कार्यालय एवं डग स्टोर, 01 जिला चिकित्सालय सिंगरौली, 01 जिला चिकित्सालय सतना में एसएनसीयू हेतु मादरवार्ड, 01 जीएनएम कालेज एवं सीएमएचओ कार्य में मरम्मत एवं अन्य कार्य। कुल 09 | 151.71 | 151710.00 | 12500.00 | 06 माह |
| 2 | 294999 | जिला उमरिया में 01 चिकित्साल के सीवर लाईन, 01 सीएमएचओ कार्यालय, जिला शहडोल में 01 चिकित्सालय में सीवर लाईन, 01 विद्युतीकरण कार्य, 01 मरेलिया कार्यालय, 01 सीएचसी धनपुरी में स्टॉफ क्वार्टर, 01 पीएचसी टेहकी में 150 मीटर टूटी हुई बाउण्ड्रीवाल का मरम्मत एवं अन्य कार्य। कुल 07 | 83.00 | 83000.00 | 10000.00 | 03 माह |
| 3 | 295001 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धनपुरी के 300 मीटर बाउण्डीवाल के निर्माण,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर में 10 बिस्तरीय एन. आर. सी हेतु भवन निर्माण एवं परिसर में पेवर ब्लाक लगाने कार्य कार्य, सिविल अस्तपाल ब्यौहारी मे नवीन मॉडल मर्चुरी भवन का निर्माण कार्य। कुल 03 | 61.00 | 61000.00 | 10000.00 | 03 माह |
| 4 | 295003 | जिला रीवा के अर्न्तगत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगवां बैकुण्ठपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगेव, जवा एवं रायपुर करर्चुलियान मे कोल्ड चैन रुमें के सुदृणीकरण एवं उन्नयन कार्य । द्वितीय आमंत्रण | 22.66 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 02/08/2023 प्रात: 10.30 बजे से दिनांक 16/08/2023 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते हैं। 3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम. भोपाल के पक्ष में देय होगी। 4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा। 5. उपरोक्तानुसार कार्यों का विस्तृत विवरण ऑन-लाईन में देखा जा सकता है।

G-17746/23 — दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। — कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग - रीवा

## कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) मंडला, जिला - मण्डला

क्रमांक / छात्रा./ ई. निविदा / सहा. आयु. / 2023-24 / 3052 — मंडला दिनांक 17/07/2023

**प्रथम ऑन-लाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिये पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विशिष्ट संस्था कन्या शिक्षा परिसर (चटुआमार ) मण्डला जिला मण्डला में हाऊस कीपिंग कर्मचारी एवं भोजन व्यवस्था, मेस संचालन हेतु संबंधित विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मों से ऑन-लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत

विवरण ऑन लाइन विभागीय पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। ऑन-लाइन निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि 16 / 08 / 2023 एवं ऑन-लाइन निविदा अभिलेख जमा करे की अंतिम तिथि 16/08/2023 को समय 5.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा निविदा का शेडयूल (key date) विभागीय ई निविदा के पोर्टल पर देखा जा सकता है।

**निविदा का विवरण निम्नानुसार है-**

| क्र. | NIT क्र. / दिनांक | Online Tender NiT No | स्वीकृत सीट | निविदा कार्य का नाम | प्रति विद्यार्थी मासिक शिष्यवृति राशि (दस माह ) | वर्ष 2023-24 में प्रचलित कलेक्टर दर (अकुशल) प्रतिमाह राशि (बारह माह) | वर्ष 2023-24 हेतु निविदा की राशि (दस माह ) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 3051 दिनाँक 17/7/2023 | 2023 TAD 293495-1 | 490 | कन्या शिक्षा परिसर मण्डला, में रसोईया को छोड़कर 07 हाउस कीपिंग कर्मचारी (03 भृत्य, 02 जलवाहक, 02 चौकीदार) मेस संचालन व्यवस्था कार्य | 1500/- | 8800 | 79.66 (उन्नयासी लाख छियासठ् हजार) | 3.00 (तीन लाख) | 15000 (पन्द्रह हजार) |

उपरोक्तानुसार विभागीय विशिष्ट आवासीय विद्यालय में मेस संचालन हेतु आउटसोर्स के माध्यम से किया जाना है तथा निविदा की शेष अनिवार्य शर्ते पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

(विजयसिंह तेकाम)
सहायक आयुक्त, कृते - कलेक्टर मण्डला

G-17789/23 — दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

## कनिविदा/नियुक्ति/जाहिरात

## कार्यालय नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा

दूरभाष - 07162-222346 वेबसाईट -www.chhindwaranagarnigam.com
ई-मेल- commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com, comm-cdw@mp.gov.in

**आम सूचना इश्तेहार**

क्रमांक/2833/रा.शा./न.पा.नि./2023 — छिंदवाड़ा, दिनांक 04/08/2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत भवनों के नामांतरण (बिंदु) क्र.05 में अंकित आवेदनकर्ता के नाम किया जाना है। आम इश्तेहार प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज संलग्न कर अधोहस्ताक्षरकर्ता के नामे लिखित रूप में इस कार्यालयीन समय में दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं दी गई समयावधि के उपरांत नामांतरण (नाम परिवर्तन) कर दिया जावेगा। समयावधि समाप्ति के पश्चात् प्राप्त दावे आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।


| अनु. क्र. | वार्ड क्रमांक | दुकान/भवन क्रमांक | वार्ड का नाम | आवेदनकर्ता नाम जिनका नामांतरण किया जाना है | पूर्व भवन स्वामी का नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 29 | 86 | पं. मदनमोहन मालवीय वार्ड | श्री अकलेश शर्मा पिता स्व. श्री भैय्यालाल शर्मा | श्रीमती रामफुल बाई पति श्री भैय्यालाल शर्मा | मृत्यु प्रमाण पत्र नोटरी सहमति शपथपत्र के आधार पर |
| 2 | 33 | 232/2 | महात्मा ज्योतिबा फुले वार्ड | श्री विष्णु धौलपुरिया पिता श्री बच्चुलाल धौलपुरिया | श्री लक्ष्मीदास पिता श्री संजयदास | रजिस्ट्री संशोधित पावती के आधार पर |
| 3 | 10 | 1784 | सिद्धी विनायक वार्ड | श्री दिगम्बर देशमुख पिता श्री युवराज देशमुख | श्री लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी पिता श्री गेन्दलाल सूर्यवंशी | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 4 | 17 | 697/जी 4-5 | संतोषी माता मंदिर वार्ड | श्रीमती हर्षा घई पति श्री गौरव घई | श्री अमृतलाल अनेजा पिता श्री ज्वाला प्रसाद अनेजा | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 5 | 17 | 697/जी 6-7 | संतोषी माता मंदिर वार्ड | श्रीमती वीनस घई पति श्री सचिन घई | श्री अमृतलाल अनेजा पिता श्री ज्वाला प्रसाद अनेजा | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 6 | 18 | 197 | संतोषी माता मंदिर वार्ड | श्री देवी सिंह राठौर पिता स्व. लखन सिंह राठौर | श्रीमती सुन्दर बाई राठौर पति स्व. लखन सिंह राठौर | हकत्याग रजिस्ट्री के आधार पर |
| 7 | 45 | 744 | महर्षि बाल्मिकी वार्ड | 1. श्रीमती फूलमती कुशवाहा पति श्री रमेश कुशवाहा 2. श्री रमेश कुशवाहा पिता श्री कालीचरण कुशवाहा | श्री रामदयाल चौहान पिता रतिराम चौहान | रजिस्ट्री के के आधार पर |
| 8 | 45 | 1249/6 | महर्षि बाल्मिकी वार्ड | श्रीमती आशा चौकसे पति श्री महेन्द्र चौकसे | श्री मजहर खान पिता श्री लियाकत खान | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 9 | 45 | 1242/6 | महर्षि बाल्मिकी वार्ड | श्री कासिफ पिता शेख रहीम कुरैशी | श्री अब्दुल रसीद पिता श्री अब्दुल सकुर खां | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 10 | 14 | 639 | चंद्रशेखर आजाद वार्ड | श्रीमती शमीना कुरैशी पति श्री जमील अहमद कुरैशी | श्रीमती तरूण बाई सूर्यवंशी पति श्री रामनारायण सूर्यवंशी | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 11 | 27 | 666-667 | श्रीराम मंदिर बड़ी माता वार्ड | श्री कमलेश गुप्ता पिता श्री ईश्वर गुप्ता | 1. श्री वासुदेव जावड़ेकर/नारायण 2. श्रीमती शालिनी/रामचंद एवं अन्य वारसान | नजूल नामांतरण के आधार पर |
| 12 | 27 | 666-667 | श्रीराम मंदिर बड़ी माता वार्ड | श्री आशीष गुप्ता पिता श्री रोशन लाल गुप्ता | 1. श्री वासुदेव जावड़ेकर/नारायण 2. श्रीमती शालिनी/रामचंद एवं अन्य वारसान | नजूल नामांतरण के आधार पर |
| 13 | 27 | 666-667 | श्रीराम मंदिर बड़ी माता वार्ड | श्रीमती रेखा गुप्ता पति श्री कमलेश गुप्ता | 1. श्री वासुदेव जावड़ेकर/नारायण 2. श्रीमती शालिनी/रामचंद एवं अन्य वारसान | नजूल नामांतरण के आधार पर |
| 14 | 27 | 666-667 | श्रीराम मंदिर बड़ी माता वार्ड | श्रीमती गीता गुप्ता पति श्री आशीष गुप्ता | 1. श्री वासुदेव जावड़ेकर/नारायण 2. श्रीमती शालिनी/रामचंद एवं अन्य वारसान | नजूल नामांतरण के आधार पर |
| 15 | 05 | 516/1 | बादल भोई वार्ड | श्रीमती रूपा नरेश मेहता पति श्री नरेश मेहता | श्रीमती निधि शर्मा (तिवारी) पिता श्री अरविंद शर्मा | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 16 | 35 | 408/3 | कुलबहरा वार्ड | श्री शुभम साहू पिता श्री अरूण साहू | श्री राजेश कुमार साहू पिता श्री हीरालाल साहू | रजिस्ट्री के आधार पर |

प्राधिकृत अधिकारी - नगर पालिक निगम, छिंदवाड़ा

# अभिमत

*राजनीतिक दावों व अधिकारियों द्वारा पेश फर्जी आंकड़ों तथा जमीनी आंकड़ों के बीच का विरोधाभास स्वतंत्र रूप से आंकड़े रिपोर्ट करने में समर्थ आईआईपीएस के स्वतंत्र एनएफएचएस चलाने के महत्व को प्रतिपादित करता है। हालांकि आईआईपीएस स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) का एक हिस्सा है किन्तु यह एक स्वायत्त संस्थान है और इसे कभी भी अपने सर्वेक्षणों और निष्कर्षों पर सवालों का सामना नहीं करना पड़ा है। वास्तव में एनएचएफएस का सर्वेक्षण विश्वस्तरीय है।*

## सही आंकड़े छुपा कर विकास के झूठे दावे



जगदीश रत्तनानी

**एनएचएफएस- 5 ने बताया कि पांच वर्ष से कम आयु के 36 प्रतिशत बच्चे अविकसित हैं। मतलब यह कि उनकी उम्र के हिसाब से विकास बहुत कम है जो एनएफएचएस-4 में देखे गए क्रोनिक कुपोषण के मामले में मामूली बदलाव बताता है जो केवल 38 फीसदी है। इसी तरह पांच साल से कम उम्र के 19 प्रतिशत बच्चे कमजोर हैं अर्थात उनकी ऊंचाई के हिसाब से बहुत पतले हैं जो एनएचएफएस-4 में देखे गए 21 फीसदी से थोड़ा ही कम है।**

इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंसेस (आईआईपीएस) एक प्रतिष्ठित डीम्ड भारतीय विश्वविद्यालय है। 63 साल पुराना यह संस्थान अन्य कार्यों के अलावा अत्यधिक सम्मानित और प्रसिद्ध राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) श्रृंखला और रिपोर्टों के लिए प्रसिद्ध है। इन रिपोर्टों में एनएफएचएस राउंड के तहत डेटा विश्लेषण किया गया है जिसने पिछले तीन दशकों से भारत की जनसांख्यिकीय और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का एक स्वतंत्र बुनियादी नज़रिया प्रदान किया है ताकि हमें बताया जा सके कि नीतिगत निर्देशों से जमीनी स्तर पर बदलाव हो रहा है या नहीं। इस प्रकार आईआईपीएस डेटा पर एक महत्वपूर्ण स्थान पर काम करता है जो सरकार को उसके कामों का आईना दिखाता है और नीतिगत कार्यों को सही दिशा में चलाने में मदद कर सकता है।

इस महत्वपूर्ण संस्थान के निदेशक प्रसिद्ध जनसांख्यिकी, शोधकर्ता और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व संकाय सदस्य प्रोफेसर केएस जेम्स को पिछले हफ्ते निलंबित कर दिया गया। उन्हें जांच पूरी होने तक मुख्यालय क्षेत्र मुंबई न छोड़ने का निर्देश दिया गया है। बताया जा रहा है कि इस निर्णय से आईआईपीएस फैकल्टी और पूर्व छात्र सदमे में हैं। विपक्ष ने इस कदम की आलोचना की है। इस घटनाक्रम से वैज्ञानिक और अन्य संकायों के सदस्य चिंतित हैं। निलंबन किन कारणों से किया गया इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है लेकिन मामले की जानकारी रखने वालों का कहना है कि निदेशक को हटाने के लिए पहले कई तरह के प्रयास किए गए जिसके बाद निलंबन का आदेश जारी किया गया। जाहिर तौर पर उन्हें कुछ महीने पहले इस्तीफा देने के लिए कहा गया था लेकिन जेम्स ने कथित तौर पर यह कहते हुए इंकार कर दिया कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और वे बिना किसी कारण के इस्तीफा नहीं देंगे।

इस निलंबन से एक बार फिर यह आशंका पैदा हो रही है कि सरकार संस्थानों को नियंत्रित करने और उन लोगों को दंडित करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है जिन पर वह लगाम नहीं लगा पा रही है। यह सच है कि जेम्स का निलंबन सजा नहीं है बल्कि जांच होने तक की गई कार्रवाई है। यह भी सच है कि सरकार को प्राप्त शिकायतों या सूचनाओं के आधार पर जांच करने का अधिकार है। लेकिन अगर अंदरूनी खबरों पर भरोसा किया जाए तो यह भी उतना ही सच है कि सरकार निदेशक को बाहर करना चाहती थी, लेकिन अगर यह अनियमितताओं का मामला है तो निदेशक को कैसे और क्यों जाने के लिए कहा जाएगा और जांच भी तभी शुरू की गई जब उन्होंने चुपचाप जाने से इंकार कर दिया?

ये सवाल तब महत्वपूर्ण हो जाते हैं जब आईआईपीएस के काम को जनसांख्यिकी से संबंधित आंकड़ों को सामने रखने में इसकी भूमिका, प्रजनन और बाल स्वास्थ्य, सामाजिक-आर्थिक संकेतक, प्रजनन क्षमता, माता तथा बाल मृत्यु दर, पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर, पोषण की स्थिति, टीकाकरण की पहुंच, पानी, स्वच्छता, लैगिंक हिंसा और यहां तक कि मधुमेह और रक्तचाप जैसी जीवन शैली की आधुनिक बीमारियों के प्रसार जैसे प्रमुख मापदंडों में देखा जाता है।

एनएफएचएस रिपोर्ट की नवीनतम रिलीज (एनएफएचएस- 5, 2019-2021) में देश को बताया गया है कि 19 प्रतिशत भारतीय परिवार खुले में शौच करते हैं। एनएफएचएस-4 की 2015-16 की रिपोर्ट की तुलना में खुले में शौच करने वाले आंकड़ों में 39 फीसदी सुधार ग्रामीण भारत के लिए एनएफएचएस- 5 ने बताया कि 26 फीसदी घरों में अभी भी शौचालय नहीं थे इसलिए वे खुले में शौच करते थे। निश्चित तौर पर पिछले कुछ वर्षों में संख्या में सुधार है लेकिन फिर भी यदि आप इसे इस तरह से देखना चाहते हैं तो यह उस व्यापक दावे की हवा निकाल देता है जिसमें 2019 में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि ग्रामीण भारत पहले से ही खुले में शौच से मुक्त है। उन्होंने महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती मनाने के लिए चल रहे कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में यह दावा किया था।

राजनीतिक दावों व अधिकारियों द्वारा पेश फर्जी आंकड़ों तथा जमीनी आंकड़ों के बीच का विरोधाभास स्वतंत्र रूप से आंकड़े रिपोर्ट करने में समर्थ आईआईपीएस के स्वतंत्र एनएफएचएस चलाने के महत्व को प्रतिपादित करता है। हालांकि आईआईपीएस स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) का एक हिस्सा है किन्तु यह एक स्वायत्त संस्थान है और इसे कभी भी अपने सर्वेक्षणों और निष्कर्षों पर सवालों का सामना नहीं करना पड़ा है। वास्तव में एनएचएफएस का सर्वेक्षण विश्वस्तरीय है और अमेरिका के आईसीएफ, यूनाईटेड स्टेट एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट, ब्रिटेन के अंतरराष्ट्रीय विकास विभाग, बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, यूनिसेफ, यूएनएफपीए तथा भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय जैसे वैश्विक भागीदारों के साथ काम करता है।

एनएफएचएस- 5 की 2019-2021 की रिपोर्ट में अन्य आंकड़े भी हैं जो हमें बताते हैं कि भारत वास्तव में अच्छा नहीं कर रहा है। उदाहरण के लिए एनीमिया बढ़ गया है। एनएचएफएस- 5 के दौरान छह महीने से पांच वर्ष की आयु के 67 फीसदी बच्चों में एनीमिया (हीमोग्लोबिन का स्तर 11.0 ग्राम प्रति डेसीलीटर से नीचे) था जो एनएफएचएस- 4 (2015-16) के 59 फीसदी के अनुमान से अधिक है। एनीमिया के कारण बच्चों का विकास धीमी गति से होता है और न्यूरो डेवलपमेंट को प्रभावित करता है।

एनएचएफएस- 5 ने बताया कि पांच वर्ष से कम आयु के 36 प्रतिशत बच्चे अविकसित हैं। मतलब यह कि उनकी उम्र के हिसाब से विकास बहुत कम है जो एनएफएचएस- 4 में देखे गए क्रोनिक कुपोषण के मामले में मामूली बदलाव बताता है जो केवल 38 फीसदी है। इसी तरह पांच साल से कम उम्र के 19 प्रतिशत बच्चे कमजोर हैं अर्थात उनकी ऊंचाई के हिसाब से बहुत पतले हैं जो एनएचएफएस-4 में देखे गए 21 फीसदी से थोड़ा ही कम है। यह घातक कुपोषण का संकेत है। 32 फीसदी बच्चे कम वजन के हैं जो एनएफएचएस-4 के दौरान 36 फीसदी से कम हैं।

ये आंकड़े एक तरह से उस सरकार के सामने की चुनौतियों की ओर इशारा करते हैं जो सफलता का दावा करने और उन सभी लड़ाइयों, योजनाओं एवं मिशनों में जीत की बात करने की जल्दी में है जिन्हें वह उजागर करना चाहती है। जो बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं उनकी सच्ची कहानी थोड़ी अलग है। यथार्थ को स्वीकार करने, नीति को दुरुस्त करने और वांछित लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए खर्च को प्राथमिकता देने में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन खोखले दावे जल्द ही खोखले साबित होंगे। वे देर-सबेर सरकार की छवि खराब करेंगे। सरकार एक ऐसे भारत की कहानी नहीं बना सकती जो एक वैश्विक, विशाल और मजबूत अर्थव्यवस्था है जिसमें एनीमिक, दुबले, अविकसित और कुपोषित बच्चे हैं। भारत खुले में शौच से मुक्त होने की घोषणाओं के साथ स्वच्छ नहीं हो सकता है। इसके बजाय सरकार पूरी सफलता के लिए कोशिश करने का दावा कर सकती है। अगर प्रयासों में अधिक समय लगता है तो भी यह एक अच्छी यात्रा होगी। यह याद रखना अच्छा होगा कि इराक युद्ध के बाद अमेरिकी नौसेना के सुसज्ज विमानवाहक पोत पर 'मिशन पूर्ण' की घोषणा करने की राष्ट्रपति जॉर्ज बुश की हड़बड़ी संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए आपदा के अलावा कुछ नहीं लाई। हमें वहां जाने की जरूरत नहीं है। आईआईपीएस द्वारा दी गई ऐसी रिपोर्ट्स हमें ईमानदार बनाए रखेंगी। इसलिए विकास के एजेंडे के साथ आगे बढ़ते समय आईआईपीएस के निदेशक को निलंबित करना अच्छा नहीं है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)*

### बीता सप्ताह

**29 जुलाई**
- चीन के फुजियान प्रांत में इस साल का पांचवां तूफान डोवसुटी पहुंचा।
- ज्योतिरादित्य सिंधिया पहली बार ग्वालियर के आरएसएस दफ्तर पहुंचे।
- हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन से नेशनल हाइवे ब्लाक हो गया।
- कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को हाईकोर्ट का नाटिस वरुणा विधानसभा क्षेत्र से अयोग्य ठहराए जाने के मामले को लेकर दिया गया।

**30 जुलाई**
- 'इंजिया' के 21 सांसदों का दल मणिपुर हिंसा प्रभावितों से मिले।
- छत्तीसगढ़ प्रदेश का सबसे बड़ा पॉवर प्लांट कोरबा में राजीव गांधी के नाम का शिलान्यास किया गया।
- भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने छत्तीसगढ़ से डा. रमन सिंह, सरोज पांडेय और लता उसेंडी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया।
- तमिलनाडु की पटाखा यूनिट में धमाका होने से आठ लोगों की मौत हो गई।

**31 जुलाई**
- पाकिस्तान खैबर पख्तूनख्वा राज्य में एक राजनैतिक रैली में आतंकी हमला होने से 35 लोग मारे गए।
- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के दीपक तिवारी स्थायी जज बनाए गए।
- भारतीय अंतरिक्ष यान अनुसंधान (इसरो) ने सिंगापुर से सात उपग्रह कक्षा में स्थापित किए। पीएसआईवी- सी 56 सफलतापूर्वक प्रक्षेपित हुआ।
- गृह मंत्रालय ने मानव तस्करी मामले में संसद में पेश किए आंकड़ों में 2019 से 2021 के बीच 13-13 लाख से अधिक लड़कियां एवं महिलाएं लापता हुईं।

**1 अगस्त**
- जस्टिस दीपक तिवारी को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के स्थायी जज की शपथ दिलाई।
- आस्ट्रेलिया में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकाप्टर में सवार चार सैनिक घोषित किए गए।
- हैदराबाद राज्य के आखिरी निजाम मीर उस्मान अली खान के पोते प्रिंस शहायत जाह का निधन हो गया।
- हरियाणा के नूंह में शोभा यात्रा के दौरान बवाल में एक होमगार्ड की मौत हो गई।

**2 अगस्त**
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मणिपुर में कानून व्यवस्था ठप है। डीजीपी तलब किए गए।
- दिल्ली में अफसरों की पोस्टिंग, ट्रांसफर पर नियंत्रण से जुड़ा विधेयक लोकसभा में पेश किया गया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किए गए।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने मंगलवार को चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान को पृथ्वी की कक्षा से निकालकर सफलतापूर्वक चांद की कक्षा की तरफ रवाना किया।

**3 अगस्त**
- मणिपुर मुद्दे पर विपक्षी दलों के नेता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले।
- जाने माने कला निर्देशक नितिन देसाई ने अपने स्टूडियो में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।
- चीन में 140 वर्षों के रिकार्ड में सबसे भारी बारिश 744.8 मिलीमीटर दर्ज की गई।
- चिली में वायुसेना का हेलीकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 5 लोगों की मौत हो गई।

**4 अगस्त**
- लोकसभा में दिल्ली सर्विस बिल बहुमत से पास हो गया।
- सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरनेम मामले पर राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाई।
- कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो (51) और पत्नी सोफी(48) ने आपसी सहमति से शादी के 18 वर्ष बाद तलाक लेने का फैसला लिया।

## ज्ञानवापी मस्जिद : 1991 के कानून को लागू कर इस मुद्दे से निपटना होगा

■ पी सुधीर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक तरह से ऐलान कर दिया है कि मंदिर-मस्जिद मामले में एक नया मोर्चा खोला जा रहा है। इस बार, यह वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद और विश्वनाथ मंदिर है। एक साक्षात्कार में, आदित्यनाथ ने कहा है कि ज्ञानवापी परिसर में एक मंदिर की 'मूल स्थिति' स्थापित करने के लिए पर्याप्त सुबूत हैं और मुस्लिम समुदाय को आगे आना चाहिए और कहना चाहिए कि 'अतीत में एक ऐतिहासिक गलती हुई थी और वे समाधान चाहते हैं'।

आदित्यनाथ का यह दावा ज्ञानवापी परिसर के हिंदी इतिहास को स्थापित करने के लिए बढ़ते कानून के संदर्भ में आया है। 3 अगस्त को, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी जिला अदालत के निर्देशानुसार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण करने की अनुमति देते हुए फैसला सुनाया। उसने जिला अदालत के खिलाफ मस्जिद समिति की अपील खारिज कर दी।

**न्यायिक सहूलियत हासिल करने के बाद, उचित समय पर, न्यायेतर तरीकों से जमीनी हकीकत को बदला जा सकता है। यह सर्वोच्च न्यायालय का काम है कि वह शरारत को शुरू में ही खत्म कर दे और 1991 के कानून को लागू करे जिसे उसने अयोध्या मामले की सुनवाई के क्रम में स्वयं ही स्पष्ट रूप से अनुमोदित किया था।**

2019 में अयोध्या विवाद पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद से, वाराणसी की स्थानीय अदालतों में कानूनी मुकदमों की बाढ़ आ गई है, जो परिसर में हिंदू देवताओं की पूजा करने या जिसे 'शिवलिंग' कहा जाता है, और जो तालाब में एक फव्वारा है जहां मुसलमान प्रार्थना करने से पहले स्नान करते हैं, के वीडियोग्राफी सर्वेक्षण और कार्बन डेटिंग के लिए हिंदुओं के अधिकार पर जोर देते हैं।

ये सभी न्यायिक प्रक्रियाएं पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 के बावजूद हो रही हैं। संसद द्वारा अधिनियमित यह कानून उन पूजा स्थलों के रूपांतरण पर रोक लगाता है, जो भारत के आजाद होने के समय 15 अगस्त, 1947 जिस रूप में अस्तित्व में थे, जैसे - मंदिर, मस्जिद और चर्च- या किसी भिन्न धर्म के पूजा स्थल।

यानी यह कानून आजादी के बाद पूजा स्थलों को लेकर यथास्थिति का प्रावधान करता है। अधिनियम लागू होने के बाद इसके प्रावधानों के अनुसार ऐसे रूपांतरण के संबंध में कोई भी अदालती कार्रवाई समाप्त हो जायेगी। एकमात्र अपवाद अयोध्या विवाद और उससे जुड़ी अदालती कार्रवाई के लिए था।

नरसिम्हा राव सरकार द्वारा संसद में पारित यह कानून यह सुनिश्चित करने के लिए था कि राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन की तरह धार्मिक पूजा स्थलों को परिवर्तित करने के लिए कोई आंदोलन और सांप्रदायिक गतिविधियां न हों, जिसके कारण देश में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई।

सर्वोच्च न्यायालय ने अयोध्या विवाद पर अपना फैसला सुनाते हुए 1991 के कानून को 'आंतरिक रूप से एक धर्मनिरपेक्ष राज्य के दायित्वों से संबंधित' बताया था। इसमें आगे कहा गया है कि इस कानून के संदर्भ में 'संसद ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि इतिहास और उसकी गलतियों को वर्तमान और भविष्य पर अत्याचार करने के साधन के रूप में उपयोग नहीं किया जायेगा'।

2019 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूजा स्थल अधिनियम 1991 के इस जोरदार समर्थन के बावजूद, यह रहस्य बना हुआ है कि अदालत ने बाद की अवधि में वाराणसी अदालतों में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर पर उठे मुकदमे को समाप्त करने के लिए निर्णायक रूप से हस्तक्षेप क्यों नहीं किया।

सर्वोच्च न्यायालय के लिए एक मौका मई 2022 में था जब मस्जिद समिति ने वाराणसी के सिविल जज द्वारा मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण और वीडियोग्राफी के आदेश पर रोक लगाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। पूजा स्थल अधिनियम के आधार पर अदालत न्यायिक कार्रवाई को समाप्त कर सकती थी। इसके बजाय, इसने निर्देश दिया कि पांच महिलाओं द्वारा दायर याचिका के सुनवाई योग्य होने को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति के मुकदमे को वाराणसी जिला न्यायाधीश को इस आधार पर स्थानांतरित कर दिया जाये कि वह वरिष्ठ न्यायाधीश हैं।

जुलाई में फिर से, मस्जिद समिति ने एएसआई सर्वेक्षण के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, और उस समय भी सर्वोच्च न्यायालय 1991 के पूजा स्थल कानून के मद्देनजर सभी न्यायिक कार्रवाई को समाप्त कर सकती थी, परन्तु ऐसा नहीं किया गया। तब से, इस मामले में और भी मुकदमे दायर किये गये हैं, जिनमें ज्ञानवापी मस्जिद को हटाने की मांग भी शामिल है, ताकि उस स्थान पर एक मंदिर बनाया जा सके।

गौर करने वाली बात है कि यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में हो रहा है। उच्चतम स्तर पर 1991 के कानून के अनुसार निर्णय करने के मामले में न्यायिक साहस और दृढ़ता की कमी के कारण ज्ञानवापी मस्जिद की प्रकृति पर सवाल उठाने और वीडियोग्राफी सर्वेक्षण और अब एएसआई सर्वेक्षण के माध्यम से 'सच्चाई का पता लगाने' के उपायों का आदेश देने के लिए निचली अदालतों के माध्यम से लगातार कदम उठाये जा रहे हैं।

ईदगाह-कृष्ण जन्मभूमि मामले को लेकर मथुरा की अदालतों में भी ऐसी ही न्यायिक प्रक्रिया चल रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि हिंदुत्व ताकतों की रणनीति अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए क़ानूनों का दुरूपयोग करना है।

न्यायिक सहूलियत हासिल करने के बाद, उचित समय पर, न्यायेतर तरीकों से जमीनी हकीकत को बदला जा सकता है। यह सर्वोच्च न्यायालय का काम है कि वह शरारत को शुरू में ही खत्म कर दे और 1991 के कानून को लागू करे

## गांधी को गायब करने की साजिश

■ रमाकांत नाथ

फिर से हमला हुआ है और इस बार निशाने पर हैं, 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' और 'गांधी विद्या संस्थान।' उत्तरप्रदेश के वाराणसी स्थित ये दोनों गांधीवादी संस्थाएं आखिरकार केंद्र और राज्य सरकारों की असहिष्णुता का शिकार हो ही गईं। 1999 से शुरु हुई गांधी दर्शन को ख़त्म करने की कोशिश 22 जुलाई' 23 को गांधी-विनोबा-जयप्रकाश के दर्शन की हत्या के साथ पूरी हो गई। 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' की लगभग 5 लाख किताबें और अन्य फर्नीचर सड़कों पर फेंक दिये गये। वहां कई वर्षों से रह रहे गांधी के अनुयायियों, स्वतंत्रता सेनानियों को विस्थापित किया गया। 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' और 'गांधी विद्या संस्थान' समेत 4 संग्रहालयों और करीब 84 आवासों पर यह हमला दरअसल एक सुनियोजित साजिश है।

गौरतलब है कि 30 जनवरी, 1948 को गांधीजी की मृत्यु के बाद, 'सर्वोदय' दर्शन का प्रचार करने के लिए 'सर्व सेवा संघ' यानी 'अखिल भारतीय सर्वोदय मंडल' नामक संगठन का गठन किया गया था। राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के संरक्षण में बनी यह संस्था पूरे देश में काम कर रही है। 1960 में विनोबा भावे की सलाह पर राजघाट, वाराणसी में ही 'सर्व सेवा संघ' का प्रकाशन कार्य प्रारम्भ किया गया। इसी तरह, जयप्रकाश नारायण, नवकृष्ण चौधरी और आचार्य नरेंद्र देव ने वहां 'गांधी विद्या संस्थान' की स्थापना की थी।

**यहां 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' और 'गांधी विद्या संस्थान' के साथ-साथ 'सर्वोदय जगत' पत्रिका के कार्यालय, आचार्य विनोबा हाउस, जया-प्रभा पुस्तकालय आदि भी हैं। जयप्रकाश नारायण ने अपनी पत्नी प्रभावती देवी के साथ यहां लंबा समय बिताया था। कई गांधीवादियों ने अपना बचपन और युवावस्था यहीं बिताई। 'वैकल्पिक तकनीक' के विचारक ईएफ शूमाकर ने अपनी प्रसिद्ध किताब 'स्मॉल इज ब्यूटीफुल' यही बैठकर लिखी।**

असल में 1999 से ही भाजपा सरकार ने गांधी दर्शन को खत्म करने की कोशिश की थी। उस समय गांधी-विनोबा-जयप्रकाश विचार की लगभग 10 पत्रिकाओं का प्रकाशन-लाइसेंस केंद्र सरकार ने रद्द कर दिया था। देश में विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित सैकड़ों गांधीवादी पत्रिकाओं में से 10 पत्रिकाओं के लाइसेंस रद्द करने के पीछे की योजना इन पत्रिकाओं के माध्यम से प्रचारित गांधीवादी विचारधारा को नुकसान पहुंचाना था। ओडिशा से प्रकाशित होने वाली ओडिया भाषा की 'सर्वोदय' और अंग्रेजी भाषा की 'विजिल' पत्रिकाओं के लाइसेंस भी रद्द कर दिए गए।

मैं तब 'सर्वोदय' पत्रिका के संपादक और 'विजिल' पत्रिका के प्रबंध संपादक के रूप में कार्यरत था। इन दोनों पत्रिकाओं की ओर से केंद्र सरकार के खिलाफ ओडिशा हाईकोर्ट में मनमोहन चौधरी ने केस दायर किया गया था और उनकी मृत्यु के बाद मुझे उस केस में पक्षकार बनना पड़ा। हमारी ओर से वरिष्ठ वकील समरेश्वर मोहंती केस लड़ रहे थे। हाईकोर्ट का अंतरिम फैसला हमारे पक्ष में गया। कोर्ट ने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए रद्दीकरण आदेश पर रोक लगा दी।

इसके बाद केंद्र सरकार ने उत्तरप्रदेश में 'गांधी विद्या संस्थान' को बंद करने की योजना बनाई। केंद्र के आदेश पर उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकार ने 'गांधी विद्या संस्थान' को मिलने वाला अनुदान रोक दिया था। 'गांधी विद्या संस्थान,' जो गांधीवादी विचारों का एक अनुसंधान केंद्र था, को बंद करने और गांधी के दर्शन को दफन करने की योजना बनाई गई, लेकिन केंद्र सरकार की यह योजना भी तब सफल नहीं हो सकी। उत्तरप्रदेश में भाजपा के बाद सोशलिस्ट-पार्टी की सरकार बनी, उसने तुरंत 'गांधी विद्या संस्थान' को पिछले सभी बकाया अनुदानों का भुगतान कर दिया और अनुदान पहले की तरह जारी रखा।

विफल होने के बाद, केंद्र सरकार ने वाराणसी में 'गांधी विद्या संस्थान' सहित 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' को बंद करने की योजना बनाई। उत्तर रेलवे द्वारा लगभग 8 एकड़ के क्षेत्र को खाली करने के लिए एक नोटिस जारी किया गया, लेकिन 2004 में बीजेपी सरकार के पतन के बाद यूपीए सरकार ने इस नोटिस को नजरअंदाज कर दिया। बाद में भाजपा सरकार के नोटिस को केंद्र सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार और रेलवे ने दोबारा उजागर करके भाजपा की पिछली योजना को सफलतापूर्वक लागू कर दिया।

'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' ने रेलवे के नोटिस के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और कानूनी सहारा लिया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी और वाराणसी जिला प्रशासन ने रिपोर्ट दी कि जिस जमीन पर 'गांधी विद्या संस्थान,' 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' काम करता है वह उत्तर रेलवे की है। इसके खिलाफ 'गांधी विद्या संस्थान,' 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' सुप्रीम कोर्ट गये, लेकिन सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की दलील उत्तर रेलवे के पक्ष में गई और जमीन से संबंधित सभी दस्तावेजों को अस्वीकार्य दिखाए जाने के कारण सुप्रीम कोर्ट ने मामले को खारिज कर दिया।

यहां 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' और 'गांधी विद्या संस्थान' के साथ-साथ 'सर्वोदय जगत' पत्रिका के कार्यालय, आचार्य विनोबा हाउस, जया-प्रभा पुस्तकालय आदि भी हैं। जयप्रकाश नारायण ने अपनी पत्नी प्रभावती देवी के साथ यहां लंबा समय बिताया था। कई गांधीवादियों ने अपना बचपन और युवावस्था यहीं बिताई। 'वैकल्पिक तकनीक' के विचारक ईएफ शूमाकर ने अपनी प्रसिद्ध किताब 'स्मॉल इज ब्यूटीफुल' यही बैठकर लिखी। आरोप है कि सरकार जमीन पर कब्जा कर उसे कॉरपोरेट माफिया को सौंपने की योजना बना रही है। इस संबंध में 'समाजवादी जन परिषद' से जुड़े अफलातून देसाई कहते हैं, 'प्रशासन मनमाने ढंग से काम कर रहा है। अगर कार्रवाई हुई तो मैं देशभर में सत्याग्रह करूंगा।'

इसी तरह जेएनयू के पूर्व प्रोफेसर आनंद कुमार ने एक वीडियो जारी कर कहा कि इसे भारत के इतिहास की सबसे शर्मनाक घटना के तौर पर याद किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'सर्व सेवा संघ' और 'गांधी विद्या संस्थान' के प्रकाशनों को जब्त करने के लिए पुलिस अपने दल-बल के साथ पहुंची है और बलपूर्वक इस महत्वपूर्ण संस्थान को सरकार के हाथों में लेने की कोशिश कर रही है। यह गांधी और जेपी की विरासत पर सीधा हमला है।'

'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' गांधी साहित्य प्रचार पर काम कर रहा है, जबकि 'गांधी विद्या संस्थान' गांधी दर्शन पर शोध कर रहा है। इन दोनों संस्थाओं को ज़रूरत के समय ख़त्म करने की सत्ताधारी पार्टी की कोशिश बेहद चिंताजनक है। यदि काशी रेलवे स्टेशन के विस्तार के लिए वाराणसी में वह स्थान आवश्यक है तो 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' और 'गांधी विद्या संस्थान' के लिए अन्यत्र ऐसी ही व्यवस्था कर उन दोनों संस्थानों को वहां से हटाया जा सकता था, लेकिन वैसा नहीं हुआ।

आखिर 2003 में फेल हुई केंद्र सरकार की योजना अब कैसे सफल हुई? इस बार केंद्र सरकार ने 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' और 'गांधी विद्या संस्थान' के साथ गांधी दर्शन को दफन करने का सही समय ढूंढ लिया है। 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' और 'गांधी विद्या संस्थान' जैसी पवित्र संस्थाओं के पतन के लिए अंतत: यही सत्ता और उसके पथभ्रष्ट लोग जिम्मेदार हैं।

*(लेखक ओडिशा में पीथापुर, कटक स्थित वरिष्ठ पत्रकार*

# अभा बार परीक्षा उत्तीर्ण न करने वाले अधिवक्ता नहीं कर सकेंगे वकालत

## स्टेट बार द्वारा राज्य के सभी न्यायालयों व अधिवक्ता संघों को भेजे गए पत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र राज्य अधिवक्ता परीषाद की प्रशाशनिक समिति की शुक्रवार को बैठक हुई। इस दौरान साफ किया गया कि बार कौंसिल आफ इंडिया द्वारा आयोजित अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण न करने वाले अधिवक्ता वकालत नहीं कर सकेंगे। दरअसल, नए अधिवक्ताओं के नामांकन उपरांत जो प्राविधिक प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाते हैं, उनकी वैधता महज दो वर्ष की होती है। इन दो वर्षों के भीतर अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होता है। ऐसा न किए जाने की सूरत में संबंधित अधिवक्ता वकालत के योग्य नहीं रह जाता। वह परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ही अधिवक्ता अधिनियम की धारा-49 के अंतर्गत वकालत का पात्र हो सकता है।



स्टेट बार की कार्यकारी सचिव गीता शुक्ला ने बताया कि प्रशासनिक समिति की बैठक अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता, सदस्य आरके सिंह सैनी, जगन्नाथ त्रिपाठी, राजेश पांडे व जितेंद्र कुमार शर्मा की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। इस दौरान स्टेट बार के वाइस चेयरमैन सैनी ने साफ किया कि दो वर्ष के भीतर अभा बार परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अधिवक्त को प्राविधिक प्रमाण पत्र स्टेट बार आफिस में जमा करना होगा। इसके बाद ही बार कौंसिल आफ इंडिया द्वारा प्रदत्त किए जाने वाले प्लेस आफ प्रेक्टिस के आधार पर अधिवक्ता नामांकन की मूल सनद व परिचय पत्र जारी किया जाएगा। जिन अधिवक्ताओं ने अभा बार परीक्षा दो वर्ष के भीतर उत्तीर्ण नहीं की फिर भी मनमाने तरीके से वकालत में जुटे हैं, उनकी शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस सिलसिले में राज्य के सभी न्यायालयों व अधिवक्ता संघों को पत्र भेज दिए गए हैं।

# सरकार की जनहितैषी नीतियों को लेकर जनता के पास जाने का समय : मिश्रा



**जबलपुर, देशबन्धु। आने वाले चुनाव को देखते हुए सभी कार्यकर्ता सरकार की जनहितैषी नीतियों को जनता तक पहुंचाने का काम करें। यह बात पार्टी कार्यालय मे आयोजित बैठक में गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कही।**

कार्यमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने प्रवास के दौरान रानीताल स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में आयोजित संभागीय बैठक में उपस्थित संभाग के सभी जिलों के भाजपा जिलाध्यक्ष, महामंत्री एवँ जिला प्रभारीयो को संबोधित किया।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, नंदनी मरावी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, ग्रामीण अध्यक्ष रानू तिवारी के साथ सभी जिलों के जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित थे। इसके पूर्व श्री मिश्रा ने संभाग के सभी जिला अध्यक्ष से चर्चा की। श्री नरोत्तम मिश्रा का सुबह रेलवे स्टेशन पर जबलपुर आगमन हुआ जहां नगर अध्यक्ष प्रभात साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। पार्टीजनों और लोगों से सर्किट हाउस में मुलाकत की, इसके बाद श्री मिश्रा सड़क मार्ग से सागर रवाना हुये।

# आज बंद रहेंगे स्कूल - कलेक्टर

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने लगातार हो रही बारिश को देखते हुये जिले की सभी शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिये अवकाश की अवधि एक दिन और बढ़ा दी है । कलेक्टर श्री सुमन ने इस बारे में आदेश जारी कर बारिश के मद्देनजर शनिवार 5 अगस्त को भी सभी शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत कक्षा एक से कक्षा बारहवीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिये अवकाश घोषित किया है ।

# बाल सम्प्रेक्षण गृह के ब ों को दिया जा रहा राखी निर्माण प्रशिक्षण



**जबलपुर,देशबन्धु।** हर बच्चे में होती है प्रतिभा बस उसे पहचानकर तराशने की होती है। आवश्यकता ये कहना है कि किशोर न्याय बोर्ड जबलपुर की प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट मंजू सिंह का जिनके मार्गदर्शन में सम्प्रेक्षण गृह गोकलपुर में रह रहे किशोरों को आत्मनिर्भर एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु रक्षा बंधन पर्व पर आयोजित किये गये राखी निर्माण प्रशिक्षण शिविर का बच्चों को माननीय महोदया द्वारा निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे जीवन में अच्छे काम करके खूब सफलता पाये और नाम कमाये। बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक कलात्मक राखियां बनाई जा रही है। डोरी वाली रेशमी फ्लावर एवं कार्टून कैरेक्टर वाली राखी तैयार की जा रही है। बच्चों द्वारा उत्साहपूर्वक राखियां बनाई जा रही है। बच्चों के द्वारा बनाई गई राखियां की बिक्री हेतु स्टॉल भी लगाये जायेंगे। उपरोक्त कार्य का प्रशिक्षण संस्था अधीक्षक श्री शैलेष श्रीवास्तव, अनुज शर्मा की देख रेख में किया जा रहा है एवं श्रीमती रितु शर्मा, सुश्री नीतू पांडे सदस्य किशोर न्याय बोर्ड का सराहनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# दयोदय एक्सप्रेस का अटरू स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल मंत्रालय द्वारा गाड़ी संख्या 12181/12182 जबलपुर-अजमेर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस का अटरू रेलवे स्टेशन पर और गाड़ी संख्या 06616/06615 कोटा-नागदा-कोटा मेमू स्पेशल ट्रेन का तलावली रेलवे स्टेशन पर आगामी दिनांक 06 अगस्त 2023 से प्रायोगिक तौर पर दोनो दिशाओं में अगले छः माह के लिए ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।



गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर एक्सप्रेस ि 06.08.2023 से 02.02.2024 तक अटरू रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 05:32/05:33 बजे रहेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस 06.08.2023 से 02.02.2024 तक अटरू रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 23:02/23:03 बजे रहेगा। गाड़ी संख्या 06616 कोटा-नागदा मेमू स्पेशल ट्रेन 06.08.2023 से 02.02.2024 तक तलावली रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 10:01/10:02 बजे रहेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06615 नागदा-कोटा मेमू स्पेशल ट्रेन 06.08.2023 से 02.02.2024 तक तलावली रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 15:18/15:19 बजे रहेगा।

# सुप्रीम कोर्ट का निर्णय ऐतिहासिक है : विवेक कृष्ण तन्खा

**जबलपुर, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को राहत मिलने पर नगर में भी कांग्रेस जनोंा ने जश्न मनाते हुये इसे जनता की जीत बताया। राज्यसभा सांसद विवेक कृष्णा तन्खा ने कहा है कि यह ऐतिहासिक निर्णय है। क्योंकि अब तब मानहानि के केस में इतनी बड़ी सजा किसी को भी नहीं सुनाई गई है।

शुक्रवार को आये इस आदेश ने नई नजीर पेश की है। इसी तरह पार्टी नेता मदन तिवारी, पार्टी के नगराध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया, पूर्व मंत्री तरूण भानोत, विधायक विनय सक्सेना, विधायक संजय यादव, आलोक मिश्रा,डा. आलोक चंसौरिया, सतीश उपाध्याय, सचिन यादव, टीकाराम कोष्टा, अयोध्या तिवारी,विवेक अवस्थी सतेंद्र चौबे आदि ने इसे सत्य मेव की जीत बताया है। यह भी कहा गया है कि भाजपा जानबूझकर षणयंत्र के तहत पार्टी नेता राहुल गांधी की आवाज को दबाने का काम कर रही थी, जिसका सुप्रीम कोर्ट से करारा जवाब मिला है। अब सदन में पहले की श्री गांधी देश की जनता की आवाज उठाएंगे और मोदी सरकार की गलत नीतियों पर फिर से घेरने का काम करेंगे।



## राहुल गांधी की सजा पर रोक लगने के बाद कांग्रेसियों ने मनाई खुशियां, एक दूसरे को मिठाई खिलाई

पार्टी के ओबीसी विभाग ने कहा, कि देश की सर्वोच्च न्यायालय ने देश के जन-जन की आवाज उठाने वाले राहुल गांधी को भाजपा ने मोदी सरनेम मामले में बेवजह घसीटा जो न्यायालय में नहीं टिक पाया यह नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत है, सच्चे का बोलबाला, झूठे का मुंह काला, हुआ है।

नगर में कई जगह पार्टी जनों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लेकर खुशिया मनाई। इसमें मालवीय चौक आदि क्षेत्र शामिल हैं। इस दौरान विजय कांडा, राजेन्द्र चौधरी, दीपक सिंह राजपूत, रूपलाल यादव, दलवीर जस्सल, पिंकी ठाकुर, डॉ. अशोक राय,संजय वर्मा, अन्नु यादव, सुरेश राय, कांग्रेस नेत्री, सरोज कांडा, ऊषा महाजन, कमला चौहान, मनजीत सिंह डोंगरा, बलविंदर मान, रेखा फ्रांसेस, बीना परिहार, राधा गुप्ता आदि नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिद्धांत जैन, अंकित पटेल, शिव अग्रवाल, अमरचंद बावरिया, रिज़वान अली कोटी, अनुभआ शर्मा,लखन ठाकुर, प्रिंस सलूजा, मुकेश राठौर, आशुतोष ठाकुर, राहुल बघेल,अमित सोनकर, अदनान अंसारी, लखन चौबे, आदि शामिल थे।

# रेलवे सामुदायिक भवन उमंग में आज सावन मेला का आयोजन



**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के सामुदायिक भवन उमंग में 5 अगस्त आज सावन एवं राखी के अवसर पर मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में सुबह 11 से रात्रि 8 बजे तक विभिन्न प्रकार व्यंजनों के स्टॉल में महिलाओं द्वारा बनाए गए खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन किया जाएगा। रेलवे परिसर में यह चर्चा जोरों से है कि स्टॉल नम्बर 6 में नीरजा कुररिया, द्वारा बनाया हुआ 'केक' मुख्य आर्कषण का केन्द्र रहेगा। इस आयोजन में रेलवे के अलावा अन्य व्यक्तियों को भी प्रवेश दिया जाएगा। इस आयोजन में हिस्सा लेने बहुत सी महिलाऐं अपनी हस्त कला के प्रदर्शन किये जाने की संभावना है।



# कलेक्टर व एसपी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन तथा पुलिस अधीक्षक श्री टीके विद्यार्थी ने जिले के जलप्लावन वाले क्षेत्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान सबसे पहले बिलहरी के पास चैतन्य सिटी का निरीक्षण किया, जहां कल वर्षा के कारण जल भराव जैसी स्थिति निर्मित हुई थी। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए कि जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही कहीं जलभराव की स्थिति न बने, लोगों को वर्षा के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। चैतन्य सिटी में निरीक्षण के दौरान नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज व नगर निगम कमिश्नर स्वप्निल वानखेडे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

लगातार तीन दिनों से बारिश होने से हिरन नदी में बाढ़ है। हिरन नदी के तटीय क्षेत्र में बसे सिंगल दीप के पास स्थित अंधुवा ग्राम के चार घर बाढ़ से घिरे होने से वहां निवासरत 15 लोगों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन वहां के लोगों का कहना है कि जल्दी ही बाढ़ उतर जाएगी उन्हें शिफ्ट करने की आवश्यकता नहीं है। आज प्रशासन,जनप्रतिनिधि व एनडीआरएफ की टीम ने उन्हें शिफ्ट करने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने सिर्फ भोजन की व्यवस्था करने को कहा। कलेक्टर सुमन व पुलिस अधीक्षक श्री विद्यार्थी ने यथास्थिति को देखा व आवश्यक निर्देश देते कहा कि उन्हें शिफ्ट करने का पुन: प्रयास करें और उन्हें आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। बाढ़ पीड़ित लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान पनागर विधायक सुशील कुमार तिवारी इंदु, एसडीएम पी के सेनगुप्ता सहित अन्य अधिकारी व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# मेरी माटी मेरा देश अनुष्ठान के लिये पौधारोपण एवं गाजर घास उन्मूलन कार्यशाला संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** रासेयो जिला जबलपुर एवं रासेयो इकाईश्रीजानकीरमण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के परिप्रेक्ष्य में मेरी माटी और मेरा तथा वरिष्ठ साहित्यकार महान् शिक्षाविद श्रेष्ठ पत्रकार एवं श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के संस्थापक श्रीयुत पंडित हरिकृष्ण त्रिपाठी की जयंती पर जिला स्तरीय पौधारोपण एवं गाजर घास उन्मूलन कार्यशाला का आयोजन शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में प्रो. कपिल देव मिश्र, डॉ. अशोक श्रोती, डॉ आर. के. विजय एवं डॉ. अशोक कुमार मराठे के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि शरद चंद्र पालन, अध्यक्ष शासी निकाय ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्ष हैं तो कल है इसके साथ में उन्होंने पंडित हरि कृष्ण त्रिपाठी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।



कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी जी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में बढ़ते हुए वैश्विक ऊष्मा के प्रभाव को रोकने के लिए पौधारोपण ही एकमात्र विकल्प है।

साथ ही पंडित हरिकृष्ण त्रिपाठी के शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम संयोजक रासेयो जिला संगठक आनंद सिंह राणा ने अपने उद्बोधन में पौधारोपण के पौराणिक और वैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए पौधों के महत्व को रेखांकित किया तथा मेरी माटी मेरा देश अनुष्ठान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जबलपुर जिले में रासेयो युक्त सभी महाविद्यालयों द्वारा अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा जिसमें 75 पौधों का रोपण और संरक्षण किया जाएगा। 9 अगस्त से भव्य शुभारंभ होगा।रानी दुर्गावती समाधि स्थल नर्रई में जानकी अमृत वाटिका का निर्माण होगा।

उद्यानिकी विशेषज्ञ सुरेश मिश्र विचित्र द्वारा गाजरघास के दुष्प्रभाव बताते हुए उसके उन्मूलन पर प्रकाश डाला।

# डॉ. मंजूश्री जारोलिया शासन में श्रम कल्याण मंडल की सदस्य बनी



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य शासन के श्रम कल्याण मंडल में दिनांक 5 जुलाई 20: 23 की अधिसूचना के अनुसार राज्य शासन ने प्रदेश के संगठित क्षेत्रों में कार्यरत समूह के कल्याण हेतु डॉ.मंजू श्री जारोलिया को मंडल सदस्य मनोनीत कर महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। इस अवसर पर समस्त शुभचिंतकों इतने ही जनों और मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# विशेष बैठक आहूत करने निगमाध्यक्ष रिंकुज विज ने महापौर को फिर पत्र प्रेषित किया

**जबलपुर,देशबन्धु।** नेताप्रतिपक्ष एवं 33 पार्षदोंकी मांग पर धारा-30 की विशेष बैठक आयोजित किये जाने हेतु निगमाध्यक्ष रिंकुज विज के द्वारा पूर्व में एक पत्र महापौर को पत्र प्रेषित कर तिथि एवं समय का निर्धारण किये जाने का आग्रह किया गया था, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाना थी। वर्तमान में विगत 3 दिनों से लगातार भीषण बारिश के चलते लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया, जलप्लावन से शहर के विभिन्न हिस्सों में अत्याधिक जलभराव हो जाने के कारण आम नागरिकों को काफी कठनाईयों का सामना करना पड़ रहा है जिसके चलते नगर निगम अध्यक्ष के द्वारा पुन: एक स्मरण पत्र 4 अगस्त को धारा-30 की विशेष बैठक शीघ्र आहूत किये जाने हेतु महापौर को पत्र प्रेषित किया गया ताकि वर्तमान में हो रही जन समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण करवाया जा सके।

# प्रगति बढ़ाने निगमायुक्त ने सभी संबंधितों को दिये सख्त निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश शासन के द्वारा अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रहीं हैं जिससे लाखों हितग्राहियों को प्रतिमाह नगर निगम द्वारा लाभ पहुँचाया जा रहा है। निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने ई-केवायसी कार्यो की समीक्षा की, जिसमें पाया गया कि 6 संभागों के द्वारा धीमी गति से कार्य किया जा रहा है, जिसके कारण लक्ष्य की प्राप्ति में देरी हो रही है। निगमायुक्त वानखड़ने ने उन सभी अधिकारियों को ई-केवायसी के कार्यो में प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिये हैं।

निगमायुक्त श्री वानखड़े ने बताया कि पेंशनर्स को नियमित रूप से पेंशन की राशि प्राप्त हो इसके लिए शासन के निर्देशानुसार समग्र आधार ई-केवायसी कराने सभी संभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संभाग क्रमांक 3, 6, 8, 11, 14 एवं 16, अपने लक्ष्य सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का ई-केवायसी कराने में पीछे हैं। उन्होंने सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का ई-केवायसी कराएँ जिससे उन्हें लाभ पहुँचाया जा सके। निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि संभागीय अधिकारी सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का ई-केवायसी कराना सुनिश्चित करें, जिससे नगर निगम की रैंकिंग में सुधार आ सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम सीमान्तर्गत निवासरत समस्त पेंशनर्स अपने नजदीकी के संभागीय कार्यालय में जाकर अपना समग्र आधार ई-केवायसी कराएँ।

# नेत्रहीन कन्याओं के जीवन में आया बदलाव और खुशियॉ

## नेत्रहीन कन्याओं के जीवन में 2 घंटे में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने लाई खुशियॉ

**जबलपुर, देशबन्धु।** भँवरताल स्थित नेत्रहीन कन्या विद्यालय में लगातार तेज हो रही बारिश के कारण पानी भर गया था और पानी के बीच में ही सभी कन्याएँ अव्यवस्थाओं के बीच जीवन व्यतीत कर रहीं थी, दो रातों से सो नहीं पा रहीं थी। इसकी जानकारी महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' को जैसे ही लगी महापौर श्री अन्नू ने मानवता की मिशाल पेश करते हुए नेत्रहीन कन्या विद्यालय पहुँचे और सभी बच्चीयों को गले लगाकर लाड़-प्यार करते हुए समस्याएँ सुनी और तत्काल वहां की सफाई कराकर सभी कन्याओं को भोजन कराया। महापौर श्री अन्नू द्वारा बस की व्यवस्था कराकर सभी बच्चियों को चंचला बाई स्थित नए स्कूल भवन में अस्थाई रूप से शिफ्ट कराया एवम सभी को वहां भी स्वादिष्ट हलुआ, पूरी और सब्जी खिलाया। महापौर श्री अन्नू भी वहाँ जाकर साफ-सफाई की और बच्चियों से मिले तथा उनके जीवन स्तर और अध्ययन अध्यापन के कार्यो में सुधार लाने की दिशा में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएँ जैसे पानी, बिजली, साफ-सफाई आदि व्यवस्था कराई।




महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के इस मानवीय पहले से सभी नेत्रहीन कन्याओं के जीवन में एकदम से बदलाव आया और सभी बच्चियों में मुस्कान की झलक दिखाई दी। नेत्रहीन बच्चियों ने अपने बीच महापौर को देखकर एवं उनके दुलार से अभिभूत होकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। महापौर श्री अन्नू ने सभी कन्याओं को देवी स्वरूपा मानकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# महाकौशल कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**जबलपुर, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को सिविल लाइन स्थित शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप सेल ने कार्यक्रम आयोजित किया ।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए.सी. तिवारी द्वारा छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर जिला स्वीप समन्वयक प्रमोद श्रीवास्तव ने युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, वोटर आईडी कार्ड बनवाने एवं नाम में संशोधन के लिए प्रयोग किये जाने वाले फार्मो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. अजय गुप्ता ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की तथा परिवार के सभी सदस्यों एवं परिचितों को भी मतदान के लिये प्रेरित करने का आग्रह किया।

जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप सेल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे। महाविद्यालय की मतदाता साक्षरता क्लब की नोडल अधिकारी डॉ आभा रंजन ने क्लब की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

# कॉलेज फैशर्स में छाया फैशन का टशन

**जबलपुर, देशबन्धु।** कॉलेज में न्यू सेशन ओपन हो चुके हैं। इस बीच जहां नए सपनों के साथ सेशन की पढ़ाई पूरी हो चुकी है, वहीं अदर एक्टिविटीज में भी कॉलेज स्टूडेंट्स का टशन नजर आ रहा है। इस बीच न्यू कमर्स के बीच फैशन के रंग अलग नजर आ रहे हैं। स्कूल लाइफ की यूनिफॉर्म से फ्री होने के बाद कॉलेज गोइंग के बीच फैशन का टशन छाया हुआ है। इसके चलते हर दिन के लिए जहां डिफरेंट ड्रेसेज का सिलेक्शन हो रहा है, वहीं फैशर्स पार्टी के लिए ग्रूमिंग सेशन भी चल रहे हैं।

**मेकअप बट नो मेकअप लुक-** कॉलेज में गर्ल्स मेकअप बट नो मेकअप लुक ट्रेंड भी फॉलो कर रहीं हैं। इसमें बारिश के अकॉर्डिंग ग्लॉसी लुक गर्ल्स के बीच ट्रेंडिंग है। आरुषि गुप्ता कहना है



कि उन्हें मेकअप करना बहुत पसंद है, लेकिन कॉलेज क्लासेज में मेकअप करना सही भी नहीं। इसलिए ऐसे



कॉस्मेटिक्स का इस्तेमाल करती हैं जो उन्हें मेकअप के साथ नो मेकअप लुक दे।

**वेलकम पार्टी की तैयारी-** कॉलेज में इस माह से वेलकम पार्टी का दौर भी शुरू हो जाएगा। ऐसे में मिस ईव और मिस फ्रेशर बनने के लिए गर्ल्स सेंटर ऑफ अट्रैक्शन की रेस में भी शामिल हो चुकी हैं। डिफरेंट एक्टिविटी की तैयारी भी की जा रही है, ताकि कॉलेज इवेंट के नए खिताबों को अपने नाम किया जा सके।

**नेलआर्ट और हाइलाइटिंग-** स्कूल लाइफ में गर्ल्स डिफरेंट माहौल में थीं, कॉलेज लाइफ में आने के बाद वे पढ़ाई के साथ-साथ ट्रैंडी लाइफ भी जीना चाहती हैं। इसके लिए वे कॉलेज स्टार्ट करते ही नेलआर्ट, हाइलाइटिंग और हेयर कलर के फैशन ट्रेंड में भी नजर आ रहे हैं। मॉनसून के अकॉर्डिंग पेपलम ड्रेस, जम्प सूट, नी लेंथ गाउन का ट्रेंड है।

# कोविड में बढ़ी मोबाइल की आदत ने बच्चों में बढ़ाई हाइपरएक्टिविटी

**जबलपुर, देशबन्धु।** बच्चों की दुनिया अलग होती है, जिसे आसानी से समझ पाना मुश्किल होता है। उनकी दुनिया में जहां उनके पसंद के खिलौने और कार्टून कैरेक्टर होते हैं, वहीं कहानियों के कैरेक्टर्स भी अलग हैं।

चाइल्ड वर्ल्ड को बेहतर बनाना अच्छी पैरेंटिंग की निशानी है, लेकिन कोविड के बाद से कई चीजों में आए बदलाव के कारण बच्चों में कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ गईहैं ।इसमें हाइपरएक्टिविटी की प्रॉब्लम सबसे ज्यादा है। कोविड के दौर में बच्चों के बीच बढ़ी मोबाइल की आदत के कारण बच्चों को लेक ऑफ अटेंशन की प्रॉब्लम देखी जा रही है। ऐसे में गुड पैरेंटिंग के जरिए बच्चों की आदतों में बदलाव किया जा सकता है।



**गुड पैरेंटिंग का रोल बढ़ाएं-** वर्तमान दौर में माता-पिता दोनों वर्किंग होते हैं, साथ ही ग्रेंड पैरेंट्स का साथ भी कम रहता है। ऐसे में बच्चों के पास सिर्फ स्क्रीन टाइम का ऑप्शन बचता है। मोबाइल के कारण बच्चे सिर्फ अपनी दुनिया में रहने लगते हैं, जिसके कारण उन्हें नए लोगों से मिलने में भी परेशानी होती है। इर्सा स्थिति में बच्चों के साथ खेलना, बातें करना और समय बिताकर गुड पैरेंटिंग साबित करना बेहतर होगा।

### क्या करें पैरेंट्स

- बच्चों को कम से कम मोबाइल दें
- डाइट से दिमागी विकास होता है इसलिए जंकफूड से परहेज करें
- खाने में मीठे चीजें कम दें
- बच्चों के साथ समय बिताएं और माइंड डवलपिंग एक्टिविटी करवाएं
- बच्चों के साथ ज्यादातर खेलें, ताकि खेल में उनका दिमाग लगा रहे।

## स्क्रीन टाइम ने बढ़ाई समस्या

बच्चों पर मोबाइल हावी हो गया है। घर के कामों को करने के लिए पैरेंट्स खुद बच्चों को मोबाइल थमा देते हैं। कोविड के समय से बच्चे मोबाइल पर अधिक समय बिता रहे हैं, जिससे उनमें हाइपरएक्टिविटी के साथ-साथ ऑटिज्म की समस्या भी बढ़ रही है। दो साल तक यदि बच्चा कोई भी शब्द नहीं बोलता और ना ही किसी बात पर रिएक्ट करता है तो यह परेशानी की बात हो सकती है।

**- डॉ. अव्यक्त अग्रवाल**



## बादल,बरसा,बिजली... सावन का पानी...

**जबलपुर, देशबन्धु।** सावन के झूले पड़े और हरियाली तीज का सेलिब्रेशन हुआ। ग्रीन ड्रेसकोड में लेडीज ने एंटरटेनिंग गेम्स खेले और सरप्राइज गेम्स भी खेले। हैप्पी लेडीज क्लब का हरियाली तीज सेलिब्रेशन गुरुवार को मनाया गया। कार्यक्रम में लिए महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर हरे परिधान पहनें। परम्परा के अनुसार सावन के झूले लगाकर गीत भी गाए गए। महिलाओं ने कहा कि सावन सेलिब्रेशन की परम्परा मॉर्डन ना होकर पारम्परिक होनी चाहिए।

**सावन गीतों पर नृत्य-** कार्यक्रम में एंटरटेनिंग गेम्स खेलने के साथ-साथ सावन के गीतों पर डांस परफॉमेंस दी गई। इसमें टिप-टिप बरसा पानी..., आज रपट जाएं...बरसात के दिन आए...सावन बरसा बिजली सावन का पानी जैसे गीतों पर डांस हुए। इस मौके पर वंदना, विजयालक्ष्मी, पुष्पलता, निशा, विनीता, मीनाक्षी, आशा, रिचा, कंचन मौजूद रहीं।

## बालवाटिका में होगी खेल-खेल में पढ़ाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत के केन्द्रीय विद्यालय सीओडी में बालवाटिका का शुभारंभ हुआ।



बालवाटिका में बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई करवाई जाएगी। शिक्षा नीति में बालवाटिका का प्रस्ताव रखा गया था, जिसमें प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर गवर्नमेंट स्कूलों में प्री-स्कूल जैसे कॉन्सेप्ट पर काम किया जा सके। इसमें बच्चों को बुक्स फ्री माहौल में सिर्फ खेल गतिविधियों के जरिए पढ़ाई करवाई जाएगी। इस मौके पर वंदना नायर, प्राचार्य डॉ. वीके त्रिपाठी, आकांक्षा श्रीवास्तव, अनिता मरावी, पूजा आनंद, संध्या कुलकर्णी मौजूद रहीं।

## सेना में भर्ती होकर जिएं शान का जीवन



**जबलपुर, देशबन्धु।** आर्मी पब्लिक स्कूल क्रमांक 2 और जैकआरआरसी स्कूल में स्टूडेंट्स को सेना में भर्ती होने के लिए मोटिवेट किया गया। इस दौरान एसओ मेजर प्रभज्योत सिंह, जैकआरआरसी कमाण्डेंट ब्रिगेडियर राजेश शर्मा ने छात्रों को सेना भर्ती की प्रक्रिया, प्रशिक्षण केन्द्रों में दाखिले के साथ अग्निवीर प्रक्रिया से अवगत करवाया। (संबंधित वीडियो देखें का आइकन लगाएं)

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 05 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण कृष्ण पक्ष की चतुर्थी। नक्षत्र-पू.भा.।**

मेष -आप का दिन अस्वस्थता और चिंता में गुजरेगा। सर्दी, कफ और बुखार आपको हो सकता है। किसी का भला करने की जगह आज अपने काम में ही व्यस्त रहें। किसी से पैसों का लेन-देन न करें।

वृषभ -आज का दिन शुभ फलदायी है। धन वृद्धि तथा पदोन्नति होने के योग हैं। व्यापार के लिए किए गए सौदे में सफलता मिल सकती है। परिजनों तथा मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

मिथुन -आज का दिन शुभ तथा अनुकूलता से भरा होगा। ऑफिस में सहकर्मचारी तथा अधिकारी के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। **क. 489-288**

कर्क -आज आप धार्मिक काम और पूजा-पाठ में व्यस्त रहेंगे। मंदिर या किसी धार्मिक आयोजन में जाने का प्रसंग बन सकता है। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजरेगा। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। मन भी चिंता रहित होगा।

सिंह -आज आपको हर काम संभलकर करना चाहिए। स्वास्थ्य के प्रति ध्यान दें। स्वास्थ्य बिगड़ने से आकस्मिक खर्च आ सकता है। परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। नियम विरुद्ध कोई काम आज ना करें।

कन्या -आपका आज का दिन अनुकूलता से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप निकटता के क्षण का आनंद उठा सकेंगे। दांपत्यजीवन में मधुरता रहेगी। किसी नए व्यक्ति की ओर से आकर्षण अनुभव करेंगे।

तुला -घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। सुखदायक घटनाएं घटेंगी। कार्य में यश और सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य बना रहेगा। आवश्यक काम के पीछे धन खर्च होगा। नौकरी में सिद्धि और सफलता मिलेगी।

वृश्चिक -आप के गृहस्थ जीवन में शांति एवं आनंद का वातावरण होगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। दफ्तर में सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा।

धनु -आज आप यात्रा प्रवास टालें, क्योंकि पेट संबंधी बीमारी और समस्या हो सकती है। संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई की चिंता बनी रहेगी। किसी काम में सफलता नहीं मिलने से मन व्याकुल रहेगा। क्रोध की भावना पर संयम रखें।

मकर -आज आप का शारीरिक स्वास्थ्य और मनोदशा अच्छी नहीं होगी। परिवार में झगड़े के वातावरण से खिन्नता होगी। शरीर में ताजगी और स्फूर्ति का अभाव होगा। रिश्तेदारों से मनमुटाव हो सकता है।

कुंभ -आज आप मानसिक रूप से अपने आपको बहुत हलका महसूस करेंगे। मन में छाए हुए चिंता के बादल दूर हो जाने से उत्साह में वृद्धि होगी। घर में भाई-बहनों के साथ मिलकर कोई नया काम करेंगे।

मीन -आनंद- उत्साह और तन-मन की प्रसन्नता आपमें चेतना और स्फूर्ति का संचार करेंगे। नए कार्य हाथ में लेंगे, तो उसमें सफलता मिलेगी। धार्मिक मांगलिक प्रसंगों में जाएंगे। मन में कोई निर्णय लेते समय दुविधा की स्थिति रहेगी। **मा. 249-400**

3,4,8,9,30,45,88,92,29,40,83,14

## श्री हरि की शरण में आने वालें की आभिलाषा होती हैं पूर्णः सचिन महाराज





**जबलपुर, देशबन्धु।** सावन माह के पावन मौके पर होटल मिड जर्नी कटंगी रोड हल्दीराम गोदाम के समीप श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ सप्ताह का कार्यक्रम चल रहा है। इसमें शुक्रवार को व्यास पीठ से सचिन महाराज ने कहा कि हमे भगवान श्री हरि के समक्ष अपने को समर्पित करना चाहिये। जो भक्त ऐसा करते हैं, फिर उन्हें किसी भी चीज की आवश्यकता नहीं रहती है। स्वयं उनके यहां मां लक्ष्मी की सदैव कृपा प्राप्त रहती है। उनको मृत्यु लोक के बाद सीधे बैकुठधाम में शरण मिलती है और जन्म-मरण के चक्र से आसानी से मुक्ति मिलती है।

इसके पहले दिनेश चौबे, अंशुल ठाकुर, काजल ठाकुर, सुनीता खटवानी, सौरभ खटवानी, शशि चौबे, कपिल खटवानी ने व्यास पीठ की पूजन अर्चन की। इस पुनीत अवसर पर कथा का श्रवण कर मंजूलता जायसवाल, प्रतिभा उसरेठे, गायत्री ठाकुर, रश्मि पटैल, रोहित, तनु शर्मा, पंडा जी, जानवी, जयहिंद सोनी, प्रिंस ठाकुर आदि भक्तों ने पुण्य लाभ अर्जित किया। कथा के दौरान भगवान का बॉमन अवतार का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। कथा 8 अगस्त तक चलेगी, 9 को भंडारा, पूर्ण आहूति की जायेगी। भक्तों से कथा श्रवण करने का आग्रह किया गया है।

## लोक मंगल की कामना से गई देव आराधना से संकल्प की सिद्धि : स्वामी नरसिंह दास

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुरूषोत्तम मास में देव अनुष्ठान अति लाभदायक होते हैं। देव आराधना से भूत भविष्य के समस्त दोषों के नाश के साथ ही व्यधियो का शमन होता है । सिध्द क्षेत्र और नर्मदा मैया के तट पर लोक मंगल का संकल्प लेकर की गई कामना सिद्धि दिलाती हैं। संकष्टी चतुर्थी पर महादेव का रूद्राभिषेक पूजन विशेष फलदाई होता है उक्त उद्गार नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास महाराज ने सिध्दा घाट शहपुरा फुलर भीटा में श्रावण पुरूषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित रूद्राभिषेक पूजन अर्चन आरती के साथ महाप्रसाद में दूर दराज के गांवों से पधारे भक्त जनों की धर्म सभा में कहे



पूजन अर्चन में आचार्य रामफल शास्त्री, प्रियाशु हिमांशु शास्त्री, बल्लू पटेल, प्रमोद शुक्ला, रामसिंह ठाकुर, ओंकार सिंह, घनश्याम सिंह, नंदू आशीष पटेल, मुलायम सिंह ठाकुर, हाकम सिंह , प्रवीन चतुर्वेदी सहित फुलर भीटा,खिरका खेड़ा,कुलौन, वंशी पुर, भमकी शहपुरा के आस पास से आये भक्त जनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## तुलसी मानस प्रचार समिति द्वारा मानस गान प्रतियोगिता आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** तुलसी मानस प्रचार समिति एवं विप्रकुल परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आचार्य भगवत दुबे एवं डॉ. सुमित्र के मार्गदर्शन दुर्गा चौबे, के. एल.चौपड़ा राजेश पाठक प्रवीण के संयोजन में मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 05 अगस्त को दिन में 11.30 बजे से एच.बी. महाविद्यालय विजयनगर में किया गया है। जिसमें महिला मंडल, पुरूष मंडल एवं बाल मंडल को पृथक-पृथक प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार नगद राशि के रूप में प्रदान किये जायेंगे। संयोजक दुर्गा चौबे ने बताया कि अधिकतम 10 मिनिट का समय मानस गान के लिये प्रदान किया जायेगा। मंडली में अधिकतम 8 सदस्य शामिल हो सकते हैं। आयोजन समिति द्वारा प्रत्येक मंडली को मार्ग व्यय भी प्रदान किया जाएगा।

## हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट, लड्डू गोपाल का जलविहार कराया

**जबलपुर, देशबन्धु।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में नर्मदा मैया सरस्वती मैया का संगम उफान पर है। मां नर्मदा का पूजन अर्चन दुग्ध अभिषेक चुनरी अर्पण के साथ लड्डू गोपाल का जल विहार कराया जाएगा ताकि क्षेत्र में जनहानि ना हो 5 अगस्त शनिवार प्रातः 7ः00 बजे हरे कृष्ण आश्रम में संपन्न होगा। वैनगंगा पुल से थोड़ा ही नीचे पानी है जो रात में पुल के ऊपर आ जाएगा। अभी तक की जो मान्यता है लड्डू गोपाल के जलविहार कराने के पश्चात धीरे-धीरे जल उतरने लगता है मां नर्मदा को चुनरी अर्पण कर दूध अभिषेक किया जाएगा उक्त जानकारी आश्रम के व्यवस्थापक एवं नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने दी।

## शिव परशुराम चालीसा नित्य पाठ करने से मंगलमय

**जबलपुर, देशबन्धु।** परशुराम धाम गौरी घाट वर्षा ऋतु जलमग्न जलाभिषेक भगवान परशुराम ,मां नर्मदा के दर्शन के पश्चात परसुराम चालीसा, शिव चालीसा का पाठ ग्रह स्थान पर किया गया। राजकुमार दुबे एवं उनके परिवार जनों ने भगवान की आरती शिव समान दाता नहीं विपद विदारण हार ,लज्जा सबकी राखियो , वर्धा अंशुल, त्रिशूल धारण करने वाले प्रभु शिव सावन माह स्तुति करने से संकट का हरण होता है जगत पिता परमेश्वर ब्रहम स्वरूप विष्णु धारण जगत का हलाहल विष पीने वाले प्रभु शिव की महिमा अपरंपार है। इस अवसर पर उमाशंकर अवस्थी, धनंजय वाजपेई, प्रकाश साहू, रावेंदतिवारी, पुष्पा तिवारी, शिव शंकर मिश्रा, सुधाकर मिश्र, डॉक्टर अरुण मिश्रा शिव चालीसा का पाठ किया भगवान परशुराम के गुरु के चरणों में बारंबार प्रणाम घर-घर बाटेंगे परसुराम चालीसा संपूर्ण ब्राह्मण मंचअधिक बारिश होने के कारण महा आरती का पूजन घर में किया गया।



## लिपिकीय कर्मचारियों को कम्प्यूटर परीक्षा/ प्रशिक्षण उत्तीर्ण आधारित वेतन वृद्धि शीघ्र दी जाए

**जबलपुर, देशबन्धु।** जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि लिपिकीय कार्य कर रहे स्टेनोग्राफर, स्टेनोटायपिस्ट एवं लिपिक जो कि वर्ष 2006 के पूर्व नियुक्त हुए है उन लिपिकीय कर्मचारियों को सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-क10/3/2006/1/9 दिनांक 6.2.2006 द्वारा कम्प्यूटर परीक्षा/ प्रशिक्षण उत्तीर्ण होने पर एक वेतन वृद्धि दिये जाने का प्रावधान है । परन्तु अधिकतर विभाग लिपिकीय कर्मचारियों को उक्त वेतन वृद्धि का लाभ प्रदान नहीं किया जा रहा है, जबकि उनके नियुक्ति अर्हता में कम्प्यूटर अनिवार्य योग्यता नहीं थी तत्पष्चात उन्होने कम्प्यूटर डिप्लोमा अथवा प्रशिक्षण प्राप्त कर कार्यालय में लगातार कम्प्यूटर पर कार्य कर रहे हैं । वर्ष 2006 के पूर्व के पदस्थ कम्प्यूटर डिप्लोमाधारी को वेतन वृद्धि नहीं दिया जाना लिपिकीय कर्मचारियों के साथ सीधे सीधे अन्यायपूर्ण एंव भेदभावपूर्ण रवैया है।

संघ के प्रांताध्यक्ष मार्टिन जियाउरहीम, हेमन्त ठाकरे, दिनेश गौड, राकेश श्रीवास, धनराज पिल्ले, एस.बी.रजक, गुडविन चार्ल्स, एनोस विक्टर, फिलिप अन्थोनी, राजकुमार यादव, योगेश ठाकरे, विनय रामजे, सुनील झारिया, उमेश ठाकुर, ने उक्त बयान जारी किया है।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती आशा मिश्रा-** लोधी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री विश्वनाथ मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती आशा मिश्रा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भगवान दास चौधरी-** कांचघर निवासी श्री भगवान दास चौधरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विवेक बेन-** फूटाताल उर्दू स्कूल के पास निवासी श्री सुरेंद्र सिंह बेन के पुत्र श्री विवेक बेन (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**सुश्री गीता लोधी-** रद्दी चौकी के पास अधारताल निवासी श्री गुलाब सिंह लोधी की पुत्री सुश्री गीता लोधी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जूड़ी प्रसाद चौधरी-** करियापाथर स्कूल के पास ठक्कर ग्राम निवासी श्री जूड़ी प्रसाद चौधरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

# शॉर्ट सर्किट के बाद एसी में जोरदार धमाका और घर में लगी भीषण आग

## पुलिस व दमकल कर्मियों की सक्रियता से टला बड़ा हादसा

**जबलपुर, देशबन्धु।** लार्डगंज थाना अंतर्गत गजानंद सोसायटी के सामने एमआर-4 विजय नगर इलाके में होम्योपैथी डॉक्टर रूचि जायसवाल के घर व क्लीनिक में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। धीरे-धीरे आग ने फैलना शुरू किया और वह विकराल हो गई। आसपास के लोगों ने बताया कि जायसवाल परिवार के घर में एसी के ब्लास्ट होने से आग लग गई है जिसके बाद आग पूरे घर में फैल गई है।

क्षेत्रीयजनों ने आग की सूचना दमकल विभाग और पुलिस को दी। जिसके बाद दमकल विभाग और थाना पुलिस की टीम ने आग बुझाने का कार्य किया। लेकिन आग इतनी भीषण थी कि आग में काबू पाने का प्रयास होता रहा। अंततः आग पर काबू पा लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रूचि व विशाल जायसवाल के घर में एसी लगा हुआ था। जिसमें अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ। जिसके चलते एसी में जोरदार धमाका हो गया। जिसके बाद आग निकलने लगी और पूरे घर में फैल गई।



### दमकल के 4 वाहनों ने बुझाई आग

दमकल विभाग के प्रयासों से बड़ी घटना होते बच गई। दमकल विभाग की 4 गाड़ियां, लार्डगंज थाने का पूरा स्टाफ व यादव कॉलोनी चौकी की पूरी टीम ने सक्रियता दिखाते हुए आधे घंटे बाद आग पर काबू पा लिया। क्षेत्रीय रहवासियों का कहना है कि आग लगने के बाद क्षेत्र का दृश्य भयावह हो गया था।

## आरोपी से 310 पाव देशी शराब बरामद

# अवैध देशी शराब बेचने की फिराक में खड़ा युवक पकड़ा गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** नशीले पदार्थों की तस्करी दिन ब दिन जिले में तेजी से की जा रही है। पुलिस रोजाना ही शराब-गांजा व नशीले इंजेक्शनों के तस्करों को पकड़ रही है, उनसे माल भी बरामद कर रही है। लेकिन इस काले धंधे पर लगाम नहीं ला सकी है। ये अवैध कारोबारी पुलिस से बेखौफ इस धंधे को चला रहे हैं।



इसी कड़ी में गोरखपुर थाना अंतर्गत पुलिस ने शुक्रवार को साईनगर नयागांव गेट नम्बर 5 के आगे पत्थरों के बीच एक युवक को भारी मात्रा में प्लास्टिक की बोरियों में शराब पकड़ा है, जो बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था। पुलिस ने इस संबंध में बताया कि सूचना मिली थी कि साई नगर नयागांव गेट नंबर 5 के आगे एक युवक शराब बचने की फिराक में खड़ा है। जिसपर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां एक युवक खड़ा दिखा, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम केशव गोटिया उम्र 47 वर्ष निवासी साईनगर नयागांव रामपुर बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो वह दो बोरियों कुल 310 पाव देशी शराब के रखे मिला। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 310 पाव देशी शराब जप्त करते हुये अपराध दर्ज कर लिया है।



# सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट के चुनाव में रेल मजदूर संघ विजयी

## संजय चौधरी को मिले सर्वाधिक मत

**जबलपुर,देशबन्धु।** सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट जबलपुर चुनाव में वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ का वर्चस्व कायम रहा। 3 अगस्त को हुए मतदान में संघ के गाय चुनाव चिन्ह का पूरा पैनल सचिव कोषाध्यक्ष व सभी 7 सदस्य दो तिहाई बहुमत से निर्वाचित हुए। संघ प्रवक्ता व संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार ने बताया कि 512 सदस्यों में से 442 सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिए जिसमें संघ को रिकार्ड 261 पैनल वोट मिले, वहीं अन्य दलों के प्रत्याशियों को भारी अंतर से हार का सामना करना पड़ा। मुख्यालय के संजय कुमार चौधरी को सर्वाधिक रिकार्ड 358 मत प्राप्त हुए। मतदाताओं ने इंस्टीट्यूट में संघ द्वारा विगत वर्षों व कोविड के दौरान किये गये सामाजिक जनसेवा व विकास कार्यों से प्रभावित होकर पुनः मजदूर संघ पर विश्वास जताया।

विजय प्रत्याशियों ने डीपी अग्रवाल को सचिव पद पर संदीप श्रोती को कोषाध्यक्ष पद पर सदस्य पदों पर हर्ष वर्मा को एसके श्रीवास्तव को संतोष कुमार को मुकेश चंद्र को 324 महफूज अहमद को संजय चौधरी को 358 व दीपक केसरी को 343 मत मिले। संघ के अध्यक्ष सीएम उपाध्याय, महामंत्री अशोक शर्मा व कार्यकारी अध्यक्ष अनुज तिवारी, मंडल अध्यक्ष एसएन शुक्ला, संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार, सहायक महामंत्री अवधेश तिवारी, डीएन यादव, रोशन सिंह, एसआर बाउरी, एसके वर्मा, आरए सिंह, ओपी चौकसे, मंदीप सिंह, अनिल चौबे, आदि ने प्रचंड बहुमत से मिली जीत पर मतदाताओं को आभार व्यक्त करते हुए सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट में कर्मचारियों को और बेहतर सुविधाऐं दिलाने का संकल्प व्यक्त किया ।

# पानी मिला पेट्रोल मिलने से सांई पेट्राले पंप में ग्राहकों ने मचाया हंगामा





**जबलपुर, देशबन्धु।** रामपुर चौक स्थित अग्रवाल पेट्रोल पंप पर देर शाम उस समय ग्राहकों ने हंगामा मचा दिया जब उनके वाहनों में पानी पेट्रोल पंप कर्मियों ने डाल दिया। जिसके बाद ग्राहकों के वाहन ही चालू नहीं हो रहे थे। सभी अपने वाहनों में किक मारते देखे गये। जब सभी वाहनों में चालू होने की दिक्कत सामने आयी तो लोगों ने बोतल में पेट्रोल निकाला तो पेट्रोल में पानी मिला देखकर आक्रोशित हो गये। जिसके बाद पेट्रोल भरवाने आये लोगों ने पेट्रोल पंप में हंगामा मचाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे पंप में भारी भीड़ जमा हो गई। इस बात की सूचना संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को दी गई।

जिसके बाद एसडीएम, नायाब तहसीलदार अपनी टीम के साथ सांई पेट्रोल पंप पहुंचे और इस मामले की जांच के लिये पेट्रोल की जांच की तो पाया कि पेट्रोल में भारी मात्रा में पानी मिला हुआ है। इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि एसडीएम साहब के पास फोन आया था कि



रामपुर चौक स्थित सांई पेट्रोल पंप में मिलावटी पेट्रोल बेचा जा रहा है। जिसके बाद जिला प्रशासन की टीम अग्रवाल पेट्रोल पंप पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। अधिकारियों ने बताया कि शिकायतकर्ताओं के बयाद दर्ज किये जा रहे हैं। नायाब तहसीलदार चेतराम प्रधान ने बताया कि शिकायत के बाद मामले को जांच में लिया गया है। एसडीएम साहब स्वंय पूरे मामले को देख रहे हैं। पेट्रोल पंप में गड़बड़ी पाये जाने पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

**पेट्रोल टैंक की हुई जांच-**

शिकायत बाद अधिकारियों ने पेट्रोल पंप की जांच के कर्मियों को आदेशित किया। जिसके बाद टंकी खोली गई और पेट्रोल में मिलावट का पता लगाने के लिये पेट्रोल के सैंपल लिये गये। जब तब पेट्रोल पंप में कार्रवाई होती रही तब तक वहां जमा भीड़ और पेट्रोल पंप कर्मियों के बीच गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन दिया कि यदि पंप कर्मियों ने किसी प्रकार का गड़बड़ झाला किया है तो सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# कर्मचारी संघ के चल रहे धरना प्रदर्शन को देखते हुये कृषि विश्वविद्यालय परिसर में धारा 144 लागू

**जबलपुर, देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के केन्द्रीय कर्मचारी संघ द्वारा विगत एक सप्ताह से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किये जा रहे धरना प्रदर्शन को देखते हुये एसडीएम अधारताल अनुराग सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिया है।

एसडीएम अधारताल द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में विश्विवद्यालय परिसर में एक साथ सामूहिक रूप से पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों को एकत्रित होने, जुलूस निकालने और धरना प्रदर्शन करने पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में किसी भी आपत्तिजनक अथवा उद्वेलित करने वाले फोटो एवं चित्र लगाने तथा व्हॉट्सअप एवं सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर इन्हें प्रसारित करने को भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। एसडीएम ने प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन की स्थिति में दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 188 तथा अन्य सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की चेतावनी दी है। प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है तथा आगामी आदेश तक जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर में प्रवृत्त रहेगा।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुल सचिव ने एसडीएम अधारताल को पत्र भेजकर कर्मचारी संघ द्वारा हड़ताल को उग्र रूप देकर विश्विवद्यालय की महाविद्यालयों, कृषि विज्ञान केन्द्रों अनुसंधान केन्द्रों एवं बीज उत्पादन केन्द्र जैसी सभी इकाईयों की तालाबंदी कर शासकीय कार्य को पूर्णतः पेरालाइज्ड किये जाने की सूचना दी थी।

कृषि विश्वविद्यालय के कुल सचिव ने इस पत्र में केन्द्रीय कर्मचारी संघ की हड़ताल, धरना-प्रदर्शन एवं विभिन्न इकाईयों की तालाबंदी से शैक्षणिक गतिविधियां, अनुसंधान कार्य, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य, मिडटर्न परीक्षायें, फसल की बुआई एवं बीज उत्पादन संबंधित कार्य प्रभावित होने की जानकारी भी दी थी तथा इन परिस्थितियों को देखते हुये विश्वविद्यालय परिसर में धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू करने का आग्रह एसडीएम अधारताल ने किया था।

# पुलिस की कार्रवाई से गुडे-बदमाशों में खौफ

**जबलपुर, देशबन्धु।** पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 66 युवकों के विरूद्ध 107/116 के तहत, एवं 6 युवकों के विरूद्ध धारा 151 के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 2 गैरम्यादी, 3 म्यादी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 6 युवकों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 70 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 33 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 2 युवकों के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये। पुलिस की अपराधियों पर यह कार्रवाई ताबड़तोड़ जारी है और आदतन अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को कामयाबी भी हासिल हो रही है। जिससे अपराधियों में खौफ दिखाई देना लगा है।

# नकली खाद और बीज बनाने की फैक्ट्री में कृषि विभाग का छापा

## मशीन सहित मटेरियल किया जप्त, 3 दुकाने सील

**जबलपुर, देशबन्धु।** अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉक्टर इंदिरा त्रिपाठी के नेतृत्व में कृषि विभाग के अधिकारियों ने पनागर विकासखंड के केवलारी कंदरा खेड़ा छेत्र में छापा मारकर नामी गिनामी कंपनियों के ब्रांड का इस्तेमाल करके नकली खाद और नकली बीज बनाने के मटेरियल को जप्त किया है। अमले द्वारा केवलारी कंदरा खेड़ा में स्थित तीन दुकानों को सील किया जा रहा है और साथ ही गाय बांधने वाले स्थान में जहा नकली माल बन रहा था वहां से मशीन, बोतल, नमक, मार्बल पाउडर, नामी कंपनी वायर, सिंटेंजा, यूपीएल के खाली पैकेट जप्त किए गये हैं। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी कृषि डॉक्टर इंदिरा



त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि पनागर के कंदरा खेड़ा में मयंक खत्री के द्वारा नकली बीज और खाद बनाने की फैक्ट्री संचालित हो रही है। जिसके बाद मटेरियल सप्लाई करने वाले चालक की मदद से उक्त जगह छापा मार कार्यवाही की गई।

जानकारी के अनुसार करीब दो साल पहले खजरी खिरिया के पास फैक्ट्री में छापा शशकीय अमले द्वारा मारा गया था इसमें संचालक मयंक खत्री को सजा भी हुई थी। ये केवलारी कंदरा खेड़ा में दूसरी कार्यवाही की गई हैं डॉक्टर इंदिरा त्रिपाठी के अनुसार सीलिंग कार्यवाही के बाद मामले में मयंक खत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जायेगी और फोर उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।



# प्रदेश के पुलिसकर्मियों को सोमवार से मिलेगा साप्ताहिक अवकाश, डीजीपी ने दिये निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में सोमवार से पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश मिलेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के बाद शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस कर व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। इसके लिए सभी जिलों में रोस्टर सिस्टम बनाया जाएगा। यह थानों में इस प्रकार तैयार किया जाए, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति में पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध हो। साथ ही पर्याप्त महिला पुलिस बल भी थानों में उपस्थित रहे, ताकि पीड़िताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रदेश में पुलिसकर्मियों के साप्ताहिक अवकाश की मांग लंबे समय से चली आ रही थी। इसे लागू करने के प्रयास वर्ष 2000 में किए थे। तत्कालीन गृह मंत्री बाबूलाल गौर के समय इसको लेकर आदेश भी जारी हुए थे लेकिन क्रियान्वयन नहीं हुआ।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पुलिस परिवार समागम में पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश दिए जाने की घोषणा करते हुए अधिकारियों को तत्काल इसे लागू करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक इंटेलिजेंस आदर्श कटियार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशासन डी श्रीनिवास राव, पुलिस महानिरीक्षक प्रशासन दीपिका सूरी, सभी जोनल अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिदेशक, इंदौर और भोपाल के पुलिस आयुक्त के साथ वीडियो कांफ्रेंस में कहा कि साप्ताहिक अवकाश से पुलिस अधिकारी और कर्मचारी स्वयं को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ परिवार के लिए भी समय निकाल पाएंगे।

# राज्य सुरक्षा अधिनियम की कार्रवाई पर रोक

## सड़क पर वाहन से स्टंटबाजी करने का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने सड़क पर स्टंटबाजी करते हुए वाहन चलाने के आधार पर मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने इस अंतरिम आदेश के साथ ही प्रमुख सचिव गृह, संभागायुक्त भोपाल और पुलिस कमिश्नर भोपाल को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 18 सितंबर को निर्धारित की है।

याचिकाकर्ता भोपाल निवासी जुबैर मौलाना की ओर से कहा गया कि भोपाल पुलिस कमिश्नर ने याचिकाकर्ता के विरुद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई का आदेश जारी किया। इसके अंतर्गत दोपहिया व चार पहिया वाहन में बैठने या चलाने को निषेध कर दिया गया। इस आदेश को संभागायुक्त के समक्ष चुनौती दी गई। किंतु संभागायुक्त ने अपील निरस्त कर दी। जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। आवेदक की ओर से तर्क दिया गया कि इस तरह किसी को वाहन में बैठने या वाहन चलाने वे वंचित नहीं किया जा सकता। यह उसके संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन है। वही राज्य की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता स्टंटबाजी करते हुए वाहन चलाकर स्वयं व दूसरों का जान को खतरे में डालता है, इसीलिए कठोर कार्रवाई की गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालच ने उक्त निर्देश देते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल से वंचित करने का विरोध एनयूएमएम ने सीएम को भेजा पत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने जबलपुर ही नहीं मप्र को जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल से वंचित किए जाने का विरोध किया है। प्रांताध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे ने इस संबंध में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र भेजा है। जिसमें मांग की गई है कि राज्य सरकार इस संबंध में आपत्ति दर्ज कराए। यही नहीं सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की भी जिम्मेदारी है कि वे जबलपुर व प्रदेश का हक छीने जाने के खिलाफ कदम उठाएं। दरअसल, जीएसटी कौंसिल की 50 वीं बैठक में प्रत्येक राज्य में




जीएसटी ट्रिब्यूनल खोलने का निर्णय लिया गया था। इसके बावजूद ताजा नोटिफिकेशन में मप्र को दरकिनार कर दिया गया। जबकि दूसरे राज्यों में एक नहीं बल्कि दो जीएसटी ट्रिब्यूनल की सौगात दी गई है। ऐसे में सांसद राकेश सिंह को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई के लिए आगे आना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव, अधिवक्ता वेदप्रकाश अधौलिया ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

## सहायक आयुक्त पर 25 हजार की कॉस्ट

### प्रमख सचिव को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने आदिवासी कल्याण एवं जनजातीय कार्यविभाग के सहायक आयुक्त राहुल नायक पर 25 हजार रुपए की कॉस्ट लगाई है। न्यायमूर्ति जीएस अहलूवालिया की एकलपीठ ने एक शिक्षक के खिलाफ दर्ज एफआईआर निरस्त करने के भी निर्देश दिये है। इसके साथ ही प्रदेश के मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि सहायक आयुक्त के आचरण की जांच कर उनके खिलाफ उचित कार्वाई कर रजिस्ट्री को सूचित करें।

बालाघाट में पदस्थ शिक्षक धरम दास भालेकर की ओर से दायर मामले में कहा गया था कि उन्होंने वर्ष 2013 में तत्कालीन सहायक आयुक्त के कहने पर रिश्वत के रूप में संस्था का पैसा एक क्लर्क को दिया था, जिसे लोकायुक्त ने पकड़ा था। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि अब दस साल बाद वर्तमान सहायक आयुक्त ने याचिकाकर्ता पर उसकी रिकवरी निकाल दी। यही नहीं अधिकारी ने थाना प्रभारी को पत्र लिखकर शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी। याचिकाकर्ता ने सहायक आयुक्त, थाना प्रभारी और पुलिस अधीक्षक को लिखित में बताया कि पैसा लोकायुक्त के पास जमा है, इसके बावजूद उनके बयान को नजरंदाज करते हुए उलटा उन्हीं के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवा दिया गया, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## ओबीसी आरक्षण संबंधी मामलों की सुनवाई 4 सितंबर तक बढ़ी

### ईडब्ल्यूएस से जुड़े सभी मामलों को किया पृथक

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण के पक्ष और विपक्ष में दायर याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई निर्धारित थी। जस्टिस शील नागू व जस्टिस अमरनाथ केसरवानी की युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई चार सितंबर तक के लिए बढ़ा दी है।

ओबीसी प्रकरणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर ट्रांसफर याचिकाओं पर सात अगस्त को सुनवाई होनी है। जिस पर हाईकोर्ट ने अभी सुनवाई से इनकार कर दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने ओबीसी प्रकरणों के साथ लिंक ईडब्ल्यूएस से जुड़े सभी मामलों को पृथक कर दिया।

## पटवारी परीक्षा में आरक्षण मामले की भी सुनवाई बढ़ी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट में पटवारी परीक्षा में 27 प्रतिशत आरक्षण को चुनौती देने के मामले की सुनवाई 7 अगस्त तक बढ़ गई। जबलपुर निवासी शिवम शुक्ला ने याचिका दायर कर पटवारी ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि पिछले तीन वर्षों में हाईकोर्ट ने कई प्रकरणों में शासन को अंतरिम निर्देश दिए हैं कि ओबीसी को 27 नहीं बल्कि 14 प्रतिशत ही आरक्षण दिया जाए। इसके बावजूद सरकार ने जनवरी में विज्ञापन जारी कर पटवारी सहित अन्य पदों पर होने वाली नियुक्तियों में ओबीसी को 27 प्रतिशत का आरक्षण दिया है। न्यायालय को बताया गया कि पटवारी परीक्षा के बाद चयन सूची जारी कर दी गई है, लेकिन नियुक्ति नहीं दी गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने मामले की सुनवाई 7 अगस्त तक के लिये मुलतवीं कर दी।

## पनागर में पकड़ा नकली बीज, कीटनाशक दवाओं का कारखाना

### लाखों रुपए कीमत की नकली दवाइयां, कीटनाशक जब्त, संयुक्त संचालक कृषि विभाग सिजेन्टा कंपनी की टीम ने की संयुक्त कार्यवाही

**पनागर , देशबन्धु।** नकली कीट नाशक दवाओं पर रोक लगाने शासन प्रशासन द्वारा की जा रही लगातार कार्यवाही के बावजूद नकली दवाओं का कारोबार क्षेत्र में लगातार फल फूल रहा है, जहां धड़ल्ले से लाखों रु के कीटनाशक दवाओं के नकली खाद का कारोबार चल रहा था, शहर में की जा रही लगातार कार्यवाही के बाद अब इन नकली कीटनाशक दवाओं का कारोबार करने वालों ने अब ग्रामीण क्षेत्र को अपना डेरा जमाया है, जहां से नकली दवाओं का कारोबार धड़ल्ले से चला रहे थे, सिजेन्टा कंपनी को मुखबिर से प्राप्त शिकायत के बाद संयुक्त संचालक कृषि विभाग द्वारा गठित की गई टीम ने फिर एक नकली दवाओं का बड़ा कारखाना पकड़ा है। जहां नामी कंपनी सिंजेंटा के बीज और एमिस्टार टॉप





कीटनाशक के नकली पैकेट बनाये जा रहे थे, कंपनी के पास की गई शिकायत के बाद आज सिन्जेंटा कंपनी के प्रतिनिधि कृषि विभाग के आलाअधिकारियों साथ पनागर स्थित ग्राम किवलारी के एक मकान ओर डेयरी पर छापा मारा जहां सिन्जेंटा कंपनी के बीज और कीटनाशक सहित अन्य नामी कंपनी एफएमसी का कोराजन ओर बेयर कंपनी का डेकलाव डीकेसी 9126 (मक्का बीज), अराइस (चावल का बीज) यूपीएल कंपनी का साफ पेस्टीसाइड की नकली दवाओं की पैकेजिंग, खाली पेकिंग पैकेट, बोरियां, कई तरह के बीच आदि का कारखाना पकड़ा गया, ये किवलारी स्थित एक डेयरी फॉर्म में नकली खाद की पेकिंग कर रहे थे। प्रारंभिक जांच में इसकी कीमत लाखो रुपयों बताई जा रही है, उक्त कारखाना मयंक खत्री का बताया जा रहा है जिस पर पूर्व में भी नकली दवाओं के मामले में कार्यवाही की जा चुकी है।

आज की गई कार्यवाही में डीडी ऑफिस जबलपुर से एडीए कीर्ति, एसडीओ प्रतिभा गौर जबलपुर, एसडीओ इंद्रा त्रिपाठी, एसएडीओ पनागर पंकज शर्मा, एसएडीओ पनागर रश्मि परसाई, आरएडीओ जी पी मांझी, आरएईओ परसवार ट्रू बडी कंसल्टिंग से सीईओ प्रदीप शर्मा, सीओओआँचल त्रिखा, नायाब तहसीलदार पनागर, थाना पनागर से एसआई उमाशंकर तिवारी, एएसआई अमृत गिरी गोस्वामी, राजेश दहिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

#### इनका कहना है

संयुक्त संचालक कृषि विभाग की जबलपुर, पनागर एवं पाटन की संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्यवाही की है, नकली कीटनाशक दवाओं की जप्ती बनाकर कारखाने को सील कर दिया गया है, उक्त कारखाना मयंक खत्री का बताया जा रहा है जिस पर थाने में शिकायत दर्ज कराई जा रही है।

**कीर्ति वर्मा,** एडीए, संयुक्त संचालक कृषि विभाग, जबलपुर

## तेज बारिश से भैरव-घाट पिपरिया मार्ग पर बना हिरन नदी का पुल डूबा

### जान जोखिम में डालकर ग्रामीण कर रहे पुल पार



**पाटन देशबन्धु।** पाटन मनकेडी रोड़ पर पड़ने वाले भैरव-घाट पिपरिया मार्ग पर बने हिरण नदी का पुल लगातार हो रही बारिश की वजह से पानी में डूब गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पुल के ऊपर लगभग 2 से 3 फुट पानी बह रहा है जिसकी वजह से भैरव-घाट पिपरिया,पथरिया गांव का यातायात प्रभावित हुआ है। अभी ग्रामीण जान जोखिम में डालकर हिरण नदी का पुल पार कर रहे है आपको बता दे कि यह क्षेत्र बरगी विधान सभा एवं शहपुरा ब्लाक के अंतर्गत आता है। यहां निवास करने वाले ग्रामीणों का अधिकतर शहपुरा आना जाना होता है। जिसके लिए हिरण नदी का पुल पार करते हुए मनकेडी होते हुए या फिर फुलर भीटा मार्ग का अधिकतर उपयोग करके ग्रामीण शहपुरा पहुंचते है। तेज बारिश की कारण इन इलाकों का यातायात प्रभावित हुआ है। प्रशासन की ओर से हिरण नदी के किनारे बसे गांवों वालों की सुरक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।

### सार-समाचार

## सिहोरा विधान सभा से भाजपा नेता रामलाल पुसाम कर रहे दावेदारी

### वायरल वीडियो में सीएम को भगवान की तरह पूजते दिखे थे श्री पुसाम

**पाटन देशबन्धु।** जिले की सिहोरा विधान सभा पर वैसे तो भाजपा की नंदनी मरावी काबिज है लेकिन लगातार उनका जीत का



अंतर कम होता जा रहा है इस वजह से ऐसे कयास लगने लगे है की कही इस बार शीर्ष नेतृत्व मौजूदा विधायक की टिकिट काट न दे यही वजह है कि भाजपा से कई नाम निकलकर विगत दिनों सामने आए है वही अब सिहोरा विधान सभा से रामलाल पुसाम भी अपनी ताल ठोक रहे है। लेकिन हाल ही के दिनों में विधान सभा में अधिक दावेदार होने की वजह से उम्मीदवारों के बीच में गहमागहमी शुरू हो गई है। क्षेत्र की जनता भी धीरे-धीरे अपनी पसंद और नापसंद जाहिर करने लगी हैं। विधान सभा क्षेत्र में प्रमुख दल कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों में टिकट के दावेदारों की लंबी कतार देखने को मिल रही है। क्षेत्र की जनता का मूड़ टटोलने पर पता चला कि मतदाता इस बार किसी नए चेहरे को देखना चाहता हैं। वर्तमान विधायक के प्रति जनता मे कोई नाराजगी तो नहीं दिखी। मीडिया से चर्चा के दौरान कुण्डम विकासखंड की ग्राम पंचायत आमाटिटहा और आमाटिटहा कला के युवा कार्यकर्ता एवं पंचायत सचिव रामलाल पुसाम का नाम तेजी से उभर रहा है रामलाल पुसाम की योगिता एमएसडब्ल्यू बीएससी है और मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन में प्रदेश संगठन मंत्री एवं कुंडम में आदिवासी युवकों के बीच बिरसा मुंडा जयंती का कार्यक्रम करके बड़ी लोकप्रियता हासिल कर चुके हैं। भाजपा संगठन एवं मुख्यमंत्री भी इस चेहरे को गंभीरता से लेने लगे है हाल ही के दिनों में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें मुख्यमंत्री को भगवान मानकर यह अपनी पंचायत का कार्य करते थे यही कारण है की बेदाग छवि एवं युवा होने के साथ-साथ पढ़े लिखे नौजवानों में रामलाल पुसाम के प्रति रुझान दिख रहा है यह कोई आश्चर्य का विषय नहीं है कि भाजपा पांचवी बार सरकार बनाने के लिए एक नए चेहरे पर दाव खेलें अभी चुनाव में समय है शीर्ष नेतृत्व क्या निर्णय लेता है यह तो भविष्य के गर्त में छिपा है लेकिन इतना तो तय है कि फैसला चौकाने वाला होगा।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने ट्रैक्टर से किया वार्ड का सर्वे

**सिहोरा, देशबन्धु।** भारी बारिश के चलते हुए सिहोरा नगरपालिका छेत्र के वार्ड क्रमांक 12 में स्थित रहवासी कालोनी पालीवाल कालोनी में अत्यधिक वर्षा के कारण जल भराव के कारण स्थिती गड़बड़ हो गई लोगों के घर पर बारिश का पानी भर गया इसी दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष अंकित तिवारी ने ट्रैक्टर से वार्ड का दौरा कर वार्ड के लोगो की समस्या देखी व प्रशासन से बात कर बाह्यनाला के सभी गेट को खुलवाकर पानी के भराव को रोका गया और भराव वाला पानी बाह्यनाले से बाहर निकलने लगा जिसके बाद कुछ घंटों के अंदर हालात सामान्य हो पाएँगे।मण्डल अध्यक्ष अंकित तिवारी के साथ में उनके वार्ड के स्थानीय लोग छोटे बर्मन, नीरज शर्मा ,अभिषेक उपाध्याय ,योगेन्द्र त्रिपाठी,आकाश सहित वार्ड वासी भी साथ थे।

## श्री शिव महापुराण के आयोजन में नगर में निकली बारात

**पनागर, देशबन्धु।** नगर के विद्यासागर वार्ड स्थित नामदेव मोहल्ला में 8 दिवसीय श्री शिव महापुराण अमर कथा एवं पार्थिव पूजन का आयोजन किया जा रहा है नामदेव भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में कथा व्यास पंडित श्री जगदीश जी तिवारी छिंदवाड़ा द्वारा बहुत ही मनमोहक कथा प्रस्तुत की जा रही है जिसमें रुद्राभिषेक सुबह 9से 11 तक एवं शिव



महापुराण 3बजे से शाम 6बजे तक आयोजित हो रहा है आज इसी तारतम में भगवान श्री शिव जी की बारात नगर में निकाली गई धर्म प्रेमी जन माताएं बहने सम्मिलित हुए सभी लोग बैंड बाजा एवं भगवान की झांकी के समक्ष नृत्य करते हुए चल रहे थे इस अवसर पर नगर के गणमान्य जन प्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित थे आयोजन समिति ने सभी लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

## मूसलाधार बारिश से हिरन नदी उफनाई



### हिरन नदी का पुल बना सेल्फी एवं रील प्वॉइंट

**पाटन देशबन्धु।** जिले में दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से नदी नाले उफान पर है। वही पाटन ब्लाक में भी बारिश की वजह से हिरण नदी के जलस्तर में वृद्धि देखी गई है। दो दिनों से रुक रुककर हो रही बरसात से कई ग्रामीण इलाकों में बिजली बंद है जिसकी वजह से तहसील के कई गांव अंधकार में डूब गए है। वही ग्रामीणों इलाकों में हो रही बरसात से चारों तरफ पानी ही पानी दिखाई पड़ रहा है विगत दिनों हुई तेज बारिश से खेतों में लगी धान की फसल पूरी तरह से पानी में डूब गई है। जिन किसानों का रोपा 3-4 दिन पहले लगा है उन किसानों को अपने खेत का रोपा खराब होने की चिंता सता रही है क्योंकि किसानों ने अपनी आवश्यकता के अनुसार अपने-अपने ट्यूबेल से खेतों में पानी भर कर धान का रोपा लगाया था और तेज बारिश से चारों तरफ के खेत जलमग्न हो गए है और धान की फसल पानी में डूब गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे-बड़े नदी नालों में जलस्तर अपेक्षाकृत अधिक बढ़ गया है। वही पाटन नगर में भी कई वार्डों में जल भराव की जानकारी मिल रही है।

पाटन दमोह मार्ग पर हिरण नदी के पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। राहगीरों ने बताया कि पुल के ऊपर 2 से 3 फुट पानी है जिससे वाहनों की आवाजाही में राहगीरों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वही हिरण नदी के पुल के ऊपर से पानी बहने की जानकारी लगते है पाटन नगर एवं ग्रामीण इलाकों के युवाओं का जमघट हिरण नदी के पुल पर लग गया है। कई युवा रील बनाने एवं सेल्फी लेते देखे गए है कही यह रील एवं सेल्फी जानलेवा न साबित हो जाय वही बाढ़ प्रभावित इलाकों की सुरक्षा करने वाले कर्मचारी एवं होम गार्ड के जवान हिरण नदी के पुल से नदारद दिखे।

## बाढ़ की चपेट में आए लखनपुर गांव का पुलिस प्रशासन के साथ रात्रि में किया निरीक्षण



**पाटन देशबन्धु।** जिले में हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से मझौली ब्लॉक के लखनपुर गांव में नदी का पानी गांव में घुस गया जिससे पूरा गांव जलमग्न हो गया सूचना मिलते ही वार्ड नं 16 से जिला पंचायत सदस्य प्रदीप पटेल के द्वारा तत्काल एसडीएम एवं पुलिस प्रशासन को जानकारी दी गई थी, लेकिन रात्रि में गांव में ज्यादा पानी भर जाने की जानकारी मिलने पर रात्रि 11 बजे थाना प्रभारी व उनकी टीम और राजस्व विभाग के आर.आई को साथ में ले जाकर रात्रि 12 बजे लखनपुर गांव में पुलिस एवं राजस्व की टीम के साथ स्वयं निरीक्षण किया और गांव की कालोनी में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान में जाने की व्यवस्था कराई गई और नदी का पानी गांव में जिस जगह से प्रवेश करता है उन स्थानों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। जिला पंचायत सदस्य ने ग्रामीणों से अपील की है कि बारिश की वजह से नदी के जलस्तर में वृद्धि देखी गई है इसलिए गांवो वालों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया गया है।

## बरसात से कच्चे मकानों का गिरने का सिलसिला जारी



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** शुक्रवार को भी आसमान पर मंडल बनाए काले बादलों से रिमझिम बारिश का क्रम सुबह से शाम तक लगातार बना रहा। लगातार बरसात का काम बना रहने से पक्के व कच्चे मकानों में सीलन आने से नुकसान होना आरंभ हो गया है उसी कड़ी में शुक्रवार को गांधीग्राम के बस स्टैंड निवासी नरसिंह ठाकुर का कच्चा खपरैल मकान छप्पर सहित धराशाई होकर गिर गया जिसे उक्त घर में रखे हुए बर्तन, खाद्य सामग्री, गेंहू, चावल,पलंग, बिस्तर इत्यादि को भारी मात्रा मैं नुकसान हुआ है। शासन प्रशासन से आग्रह है कि बरसात के कारण गिर रहे आवासी एक अच्छे मकानों का सर्वे कर मैं पीड़ितों को मुआवजा राशि देकर राहत प्रदान की जाए।

## बारिश के कारण गिरी प्राथमिक कन्या शाला की बिल्डिंग व सुलभ शौचालय की सीलिंग



**बरेला, देशबन्धु।** अनवरत हो रही बारिश के कारण खस्ता हाल हो चुके इमारतों के गिरने का क्रम जारी है. गुरुवार को थाने के पास स्थित प्राथमिक कन्या शाला की जर्जर हो चुकी इमारत भरभरा कर गिर गई यह तो शुक्र है कि जब इमारत गिरी उस समय उसके आसपास कोई व्यक्ति नहीं था अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था ।विदित हो कि इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को पहले ही. बस स्टैंड स्थित कन्या शाला में शिफ्ट किया जा चुका। इसी प्रकार शुक्रवार को शाम 5-00 बजे सुलभ शौचालय की सीलिंग. भर भरा कर गिर गई। गेट के पास खड़े हुए युवक पररिंकू चौधरी सीलिंग करने से सिर पर चोट आ गई। घायल हुए युवक रिंकू चौधरी उम्र. 25



वर्ष निवासी वार्ड नंबर 7ने बताया कि . वह सुलभ शौचालय में पेशाब करने आया हुआ था तथा उसके पश्चात वारिश के कारण थोड़ी देर के लिएरुका हुआथा की बस सीलिंग भरा भरा कर उसके सर पर गिर गई. घायल हुए युवक की स्थिति ठीकहै।

## वार्ड नं.12 की कॉलोनी तालाब में तब्दील, पार्षद देखने तक न पहुंचीं, लोग परेशान

**सिहोरा, देशबन्धु।** लगातार हुई पहली बारिश ने पार्षद और नगर पालिका की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है वार्ड 12 पालीवाल कलोनी में जलभराव से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन वार्ड की पार्षद गौरा देवी विश्वकर्मा को यहां के निवासियों की इन सब परेशानियों से कोई फर्क नही पड़ता न तो यहां की समस्या तक देखने आईं। जबकि चुनाव के समय पार्षद गौरा देवी की कलोनी के मंदिर में डेरा जमा रहता था और लोगों से वादों की झड़ी लगाए हुए थीं लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। हालांकि पहली बारिश से जहां एक तरफ लोगों को राहत मिली वहीं शहर की सफाई व्यवस्था की भी पोल खुल गई। कलोनी के अंदर नालों और नालियों का पानी उफनकर सड़क पर आ गया। जिसके चलते कलोनी की सड़कें ताल तलैया में तब्दील हो गई। इससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। तीन दिन की बारिश का सिलसिला के दौरान बीच मे कुछ देर के लिए बारिश थम गई लेकिन फिर बारिश तेजी से शुरू हुई। इसके चलते शहर की निचली बस्तियों में पालीवाल कलोनी, ज्वालामुखी कन्या शाला के पास की कलोनी में पानी भर गया।

कॉलोनी में पहली बारिश में ही गली नाला बन गई। निवासियों ने बताया कि जब पहली बरसात में इस गली की इतनी बेकार हालात है तो हम लोग पूरे 4 महीने बरसात के कैसे निकलेंगे। इस गली में बरसात के समय अनेक हादसा होते है। यदि चुनाव से पहले नहीं सुधरी तो चुनाव का बहिष्कार करेंगे। जबकि लोगों ने यहां के रास्तों की दुर्दशा को गर्मी में बताया था लेकिन पार्षद ने कोई काम नही कराया बरसात शुरू होने के बाद ही कुछ थोड़ा बहुत मुरम को डलवाया गया लेकिन नाम मात्र का समतलीकरण किया गया था, साथ ही कलोनी के पानी के निकास को लेकर कोई समस्याओं का हल नही किया गया है। जिससे यहां लोगो को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन पार्षद के कान में जूं तक नही रेंगती।

शहर में सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे होने से बरसात में पानी भर जाने की समस्या बढ़ गई है। कामों बरती लापरवाही से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। सड़क पर काफी जल भराव से दो पहिया वाहनों व एवं पैदल चलने वाले राहगीर फिसलकर गिरते दिखाई दिए।

## मूसलाधार बारिश से बालाजी नगर और साहू कॉलोनी हुई जलमग्न

**पाटन देशबन्धु।** जिले के पाटन ब्लाक के अंतर्गत आने वाली नगर परिषद पाटन के रानी दुर्गावती वार्ड नम्बर 15 के वासिंदो को ये समझ नही आ रहा है की आवागमन के लिए सड़क मार्ग का इस्तेमाल करें या फिर जल मार्ग से आवागमन करे। क्योंकि दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से वार्ड नम्बर 15 पूरी तरह जलमग्न हो गया है वही वार्ड में कॉलोनी डेवलप करने वाले कॉलोनाइजर चैन से अपने घरों में आराम कर रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निकाय के वार्ड नं 15 के निवासियों ने अवैध कालोनी में अपना आशियाना बना लिया है जिसकी वजह से पाटन निकाय प्रशासन ने इस वार्ड में निवास



करने वाले नागरिकों को जरूरी मूलभूत सुविधाएं जैसे रोड़,नाली,मकान के नक्शे, खम्मो पर लाईट की व्यवस्था,सफाई व्यवस्था आदि मूलभूत सुविधाए से यहां निवास करने वाले नागरिकों को वंचित रखा है। जिसकी वजह से इस वार्ड में विकास कार्य निकाय प्रशासन के द्वारा नहीं कराए जाते है। वही दूसरी वजह इस वार्ड से भाजपा कांग्रेस को शिकस्त देते हुए एक निर्दलीय प्रत्याशी जितेंद्र सिंह ठाकुर,जित्तू ने जीत दर्ज की थी। जिस वजह से भी इस वार्ड को निकाय प्रशासन की उपेक्षा झेलनी पड़ती हैं। वार्ड वासियों ने बताया कि साहू कालोनी एवं बालाजी नगर की कुछ सड़क पूरी तरह से जलमग्न हो गई है।

## स्टालिन 18 को मछुआरा समुदाय के साथ करेंगे बातचीत

**चेन्नई, ( एजेंसियां )।** महत्वपूर्ण मुद्दों को सुलझाने के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन 18 अगस्त को रामनाथपुरम में मछुआरा समुदाय के साथ बातचीत करेंगे। यह बैठक श्रीलंकाई नौसेना द्वारा राज्य के मछुआरों की लगातार गिरफ्तारी और उनकी नौकाओं को जब्त करने पर हस्तक्षेप की लगातार मांग के बीच हो रही है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर बात करेंगे। 2020 से श्रीलंकाई नौसेना ने 619 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और 83 नौकाएं जब्त की। 83 नावों में से 67 अभी भी श्रीलंकाई नौसेना के कब्जे में हैं। मुख्यमंत्री ने पहले नावों की मरम्मत कार्यों के लिए 6 करोड़ रुपए के मुआवजे पैकेज की घोषणा की थी। इस बीच, राज्य की सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार भी कच्चातीवू द्वीप को वापस हासिल करने पर जोर दे रही है, जो वर्तमान में श्रीलंकाई प्रशासन के अधीन है। पिछले महीने श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की नई दिल्ली यात्रा से पहले, स्टालिन ने कच्चाथीवू मुद्दे और मछुआरों की गिरफ्तारी के संबंध में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा था।


# पाकिस्तान ने अमेरिका के साथ चुपचाप सुरक्षा समझौते को दी मंजूरी

**इस्लामाबाद,** (एजेंसियां)। पाकिस्तान संघीय कैबिनेट ने चुपचाप अमेरिका के साथ एक महत्वपूर्ण सुरक्षा समझौते को मंजूरी दे दी है। इससे वाशिंगटन से सैन्य हार्डवेयर की खरीद का रास्ता साफ हो गया है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, कैबिनेट ने दोनों देशों के बीच संचार अंतरसंचालनीयता और सुरक्षा समझौता ज्ञापन (सीआईएस-एमओए) पर हस्ताक्षर को मंजूरी दे दी।

हालांकि, पाकिस्तान और अमेरिका ने अभी तक इस घटनाक्रम पर आधिकारिक बयान नहीं दिया है। सूत्रों ने यह भी पुष्टि की कि संघीय कैबिनेट की बैठक में सीआईएस-एमओए पर सारांश का प्रसार देखा गया।

हालांकि, सूत्रों ने इसकी पुष्टि करने से परहेज किया कि कैबिनेट के अधिकांश सदस्यों ने इसे मंजूरी दी है या नहीं। गौरतलब है कि सीआईएस-एमओए एक समझौता है, जिस पर अमेरिका अपने सहयोगियों और उन देशों के साथ हस्ताक्षर करता है, जिनके साथ वह घनिष्ठ सैन्य और रक्षा संबंध बनाए रखने का इरादा रखता है। सीआईएस-एमओए के तहत, वाशिंगटन को अन्य देशों को सैन्य उपकरण और हार्डवेयर की बिक्री के लिए अमेरिकी रक्षा




- वाशिंगटन से सैन्य हार्डवेयर की खरीद का रास्ता साफ हो गया है।
- पाकिस्तान व अमेरिका ने अभी तक इस पर आधिकारिक बयान नहीं दिया

विभाग के लिए कानूनी कवर भी मिलता है। सीआईएस-एमओए पर हस्ताक्षर यह स्थापित करता है कि दोनों पक्ष एक संस्थागत तंत्र बनाए रखने के इच्छुक हैं।

पाकिस्तान इससे पहले अक्टूबर 2005 के दौरान 15 वर्षों तक इस समझौते में रहा था। 2005 के समझौते पर पाकिस्तान के संयुक्त कर्मचारी मुख्यालय और रक्षा विभाग के बीच हस्ताक्षर किए गए थे। वह समझौता 2020 में समाप्त हो गया। 2023 के नवीनतम समझौते के तहत, अगले 15 वर्षों के लिए दोनों पक्ष संयुक्त अभ्यास, संचालन, प्रशिक्षण, आधार और उपकरण आयोजित करने पर सहमत हुए हैं। हालांकि, सुरक्षा विशेषज्ञ और विश्लेषक पाकिस्तान द्वारा अमेरिका से सैन्य हार्डवेयर खरीदने की संभावना को कम महत्व देते हैं। सेवा में अपने समय के दौरान अमेरिका के साथ काम करने वाले एक वरिष्ठ पूर्व सैन्य अधिकारी ने कहा, वाशिंगटन के दीर्घकालिक हित इस्लामाबाद के साथ मेल नहीं खाते हैं। फिर भी, अमेरिका को कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पाकिस्तान की जरूरत है और इसलिए यह समझौता दोनों के उद्देश्यों को पूरा करता है। इस घटनाक्रम और इसकी गोपनीयता की दूसरी प्रमुख चिंता अमेरिका-पाकिस्तान गठबंधन और काबुल में तालिबान शासन और पाकिस्तान व अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों से सक्रिय विभिन्न आतंकवादी समूहों की प्रतिक्रिया है। आतंकवादी मामलों के विशेषज्ञ ताहिर खान ने कहा, पाकिस्तान को अमेरिका ने उस समय एक सहयोगी के रूप में लिया था, जब अफगान तालिबान अफगानिस्तान में नाटो बलों के साथ लड़ रहे थे। इस्लामाबाद पर कई बार ड्रोन हमलों के जरिए तालिबान के हाई-प्रोफाइल कमांडरों को निशाना बनाने में अमेरिका की मदद करने का आरोप लगा।

## कैमरून में बंदूकधारियों ने की आठ मछुआरों की हत्या

**याउंडे,** (एजेंसियां)। कैमरून के सुदूर उत्तर क्षेत्र में लेक चाड के एक द्वीप में अज्ञात बंदूकधारियों ने कम से कम आठ मछुआरों की गोली मारकर हत्या कर दी है। स्थानीय निवासियों और सैन्य सूत्रों ने कहा कि इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफ्रीका प्रोविंस (आईएसडब्ल्यूएपी) के संदिग्ध सदस्य बुधवार तड़के हुए 'निंदनीय कृत्य' के लिए जिम्मेदार हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि आतंकवादी मछली पकड़ने की गतिविधि पर कर लगाने के लिए इलाके में आए है, लेकिन उन्हें मछुआरों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। इन हत्याओं पर दुख



व्यक्त करते हुए क्षेत्र के एक सैन्य अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि सेना झील को सुरक्षित करने के लिए और अधिक कर्मियों को तैनात करेगी। उल्लेखनीय है कि आईएसडब्ल्यूएपी ने पूर्वोत्तर नाइजीरिया में एक इस्लामी राज्य स्थापित करने के उद्देश्य से बोको हराम समूह के साथ समझौता किया है।

### दक्षिण पश्चिम पाकिस्तान में गोलीबारी में चार लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में दो समूहों के बीच गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी क्वेटा में हुई जहां बुधवार रात दो समूहों के सदस्यों के बीच भूमि विवाद को बहस छिड़ गयी जिसके बाद उन्होंने एक-दूसरे पर गोलियां चला दीं। पुलिस ने बताया कि दोनों समूह शहर के प्रभावशाली परिवारों से थे जो भूमि विवाद को लेकर आपस में भिड़ गए। गोलीबारी में कई लोग घायल भी हुए हैं और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगे की जांच के लिए पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है।

## आज का इतिहास

1775- बंगाल नवाब के अधिकारी नंदकुमार को कलकत्ता (अब कोलकाता) में फांसी दी गई।

1874- जापान ने डाक बचत प्रणाली शुरू की।

1914- अमेरिका में पहली बार इलेक्ट्रिक ट्रैफिक लाइट लगाई गई।

1914- क्यूबा, उरुग्वे, मैक्सिको और अर्जेंटीना ने प्रथम विश्व युद्ध में भाग नहीं लेने की घोषणा की।

1915- प्रथम विश्व युद्ध में वारसा पर जर्मनी का अधिकार हो गया यह क्षेत्र पहले रूस के अधिकार में था।

1921- अमेरिका और जर्मनी ने बर्लिन शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।

1923- हेनरी सुलिवान इंग्लिश चैनल पार करने वाले पहले अमेरिकी तैराक बने।

1930- अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रॉंग का जन्म।

1949- इक्वाडोर की राजधानी क्विटो में 6.7 की तीव्रता के भूकंप से छह हजार लोगों की मौत।

## सुडोकू 6277

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | 7 |
| 8 | 2 | | | | | 6 | 9 | |
| | | 4 | | 3 | | 5 | 2 | |
| | | 2 | | | 9 | 1 | 6 | |
| 3 | | | 1 | | 6 | | | 2 |
| | 1 | 8 | 2 | | | 7 | | |
| | 4 | 5 | | 2 | | 3 | | |
| | 8 | 6 | | | | | 1 | 5 |
| 7 | | | | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गो का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सार संक्षेप

### गुवाहाटी में बुजुर्ग की हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने गुवाहाटी में मस्जिद जा रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या में शामिल होने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान जावेद अली के रूप में हुई और यह घटना 27 जुलाई को शहर के हतीगांव इलाके में हुई। जबकि तीन संदिग्धों दारोग अली, महिबुल इस्लाम और नूर मोहम्मद को बारपेटा जिले के बागबोर इलाके में एक पुलिस अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। 'बोगा' नाम के चौथे आरोपी को टेटेलिरताल से हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार, दारोग अली को विश्वसनीय जानकारी के आधार पर गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ करने के बाद अन्य तीनों को पकड़ा गया।

### राष्ट्रपति पांच को जाएंगी तमिलनाडु में मदुमलाई टाइगर रिजर्व

**चेन्नई।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच अगस्त को मदमुआलाई टाइगर रिजर्व (एमटीआर) में थेप्पाकाडु हाथी शिविर पहुंचेंगी। उनकी यात्रा के मद्देनजर, राज्य वन विभाग ने गुरुवार से दो दिनों के लिए एमटीआर के पास रिसॉर्ट्स और लॉज को बंद करने का आदेश दिया है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यदि रिसॉर्ट और लॉज चालू रहेगा, तो इससे यातायात जाम हो जाएगा, क्योंकि पर्यटक वाहन इस मार्ग से गुजरेंगे। वन विभाग ने पर्यटकों द्वारा फॉरेस्ट गेस्ट हाउस के लिए की गई अग्रिम बुकिंग को रद्द कर दिया है और राशि वापस कर दी है। राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर से मसाईनागुड़ी पहुंचने का कार्यक्रम है।

## फ्रांसीसी समाचार एजेंसी ने ट्विटर के खिलाफ दायर की याचिका

**पेरिस,** (एजेंसियां)। फ्रांस की एक समाचार एजेंसी ने कॉपीराइट मामले को लेकर माइक्रोब्लागिंग साइट ट्विटर के खिलाफ याचिका दायर की है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यह याचिका बुधवार को दायर की गयी। याचिका में कहा गया है कि मीडिया समूहों की रिपोर्टें और तस्वीरें लंबे समय से ट्विटर , फेसबुक और गूगल जैसे प्लेटफार्मों पर प्रदर्शित की जा रही है इसलिए उन्हें भी मुनाफे का एक हिस्सा मिलना चाहिए।

**कॉपीराइट का है मामला**

याचिका में 2019 के यूरोपीय संघ के उस कानून का हवाला दिया गया है जिसमें 'पड़ोसी अधिकार' व्यवस्था के तहत सामग्री साझा करने के लिए भुगतान को तर्कसंगत ठहराया गया था और गूगल और फेसबुक ने कुछ फ्रांसीसी मीडिया आउटलेट्स को भुगतान करने के लिए सहमति जतायी। फ्रांसीसी समाचार एजेंसी ने अरबपति टाइकून एलोन मस्क के स्वामित्व वाले ट्विटर की ओर से ऐसा कोई भुगतान नहीं किये जाने और इससे इंकार किये जाने का आरोप लगाया है।

## नाइजर से 350 फ्रांसीसी नागरिकों को निकाला गया

**पेरिस,** (एजेंसियां)। फ्रांस ने नाइजर में सैन्य द्वारा किए तख्तापलट के कारण 350 से अधिक फ्रांसीसी नागरिकों को को अब तक वहां निकाला है। यह जानकारी फ्रांस के यूरोप एवं विदेश मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को दी। मंत्रालय ने बताया कि नाइजर के नियामी से दो उड़ानें पहले ही रवाना हो चुकी हैं, जिनमें फ्रांसीसी नागरिकों के साथ-साथ यूरोपीय संघ के अन्य देशों के नागरिक भी सवार हैं। मंत्रालय ने कहा कि निकासी उड़ानों में 510 से अधिक लोग सवार हैं। निकासी अभियान के तहत तीसरी उड़ान भी निर्धारित है। मंत्रालय के अनुसार फ्रांस के नाइजर में लगभग 1,200 पंजीकृत नागरिक रहते हैं। इनमें से लगभग 600 नागरिकों ने निकाले जाने की इच्छा व्यक्त की है। फ्रांस के बीएफएमटीवी से बात करते हुए फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना ने मंगलवार को पुष्टि की कि फ्रांस नाइजर में सैन्य हस्तक्षेप नहीं करेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले बुधवार को नाइजर के रक्षा एवं सुरक्षा बलों ने कहा कि देश में सैनिकों ने कथित तौर पर बंधक बनाए जाने के कुछ ही घंटों बाद






राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम को सत्ता से बेदखल कर दिया। इसके दो दिन बाद नाइजर के राष्ट्रपति गार्ड के पूर्व नेता जनरल अब्दौराहमाने त्चियानी को 'होमलैंड की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय परिषद का अध्यक्ष' नामित किया गया। बाद में उन्होंने संविधान को निलंबित करने और सरकार को भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिससे परिषद को सभी विधायी और कार्यकारी प्राधिकरणों का प्रयोग करने का अधिकार मिल गया। श्री बज़ौम ने 2021 में चुनाव जीतने के बाद पदभार ग्रहण किया। साल 1960 में फ्रांस से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से नाइजर में चार तख्तापलट हो चुका है।

- लगभग 600 नागरिकों ने निकाले जाने की इच्छा व्यक्त की

## वर्ग पहेली 6277




**बायें से दायें:-**

१. हानिकारक, अपकार करने वाला अकल्याणकारी
४. 'एजेंट'
५. रुकना, ठहरना, चालू न रहना, बंद हो जाना
७. ओर, पक्ष (उर्दू)
८. झूठ बोलने वाला
१०. जो भारी न हो
११. पूरी ताकत के साथ
१३. अनुवाद (उर्दू)
१४. गुरुता, भारीपन, गौरव, महत्ता
१५. बंधुत्व
१७. रानी (उर्दू)
१९. अग्नि
२१. उपवन, वाटिका
२२. अवलंबित होना, आश्रयहीन, नीचे की ओर झुलना
२४. निर्माण संबंधी सृजनात्मक

**ऊपर से नीचे:-**

१. चेतनाहीन, जड़
२. पक्षपाती (उर्दू)
३. सारथि
४. छोटी ऊंगली और बीच की ऊंगलियों के बीच की ऊंगली
५. जलपान, नाश्ता
९. दीपावली
११. हित, कल्याण, उपकार
१२. आश्रय, टेक, आलंब, भरोसा, मदद (उर्दू)
१३. संपूर्ण, समस्त (उर्दू)
१४. आकाश, नभ
१५. किस्मतवर
१६. चापलूस
१८. लेखक, लिपिकार
१९. पूजा, उपासना
२०. लालच, तीव्र इच्छा
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6276



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### जस्टिन ट्रूडो का 18 साल बाद पत्नी से तलाक का फैसला

**ओटावा,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो (51) और उनकी पत्नी सोफी (48) ने आपसी सहमति से शादी के 18 वर्ष बाद तलाक लेने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। श्री ट्रूडो कनाडा के दूसरे प्रधानमंत्री होंगे, जो इस पद पर रहते हुए तलाक ले रहे हैं। इससे पहले, उनके पिता पियरे ट्रूडो ने प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए, वर्ष 1984 में पत्नी मर्गेरिट से तलाक लिया था। श्री जस्टिन और श्रीमती सोफी के तीन बच्चे हैं। दोनों के तलाक की खबर सुनकर लोग हैरान हैं, क्योंकि इस जोड़ी को लोगों ने खूब सराहा था। श्री ट्रूडो और उनकी पत्नी ने व्यापक चर्चा और काफी विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। उन्होंने अपने बच्चों का पालन-पोषण करने के लिए माता-पिता के रूप में एकजुट होकर साथ रहने का विकल्प चुना है।



## बांग्लादेश में डेंगू मरीजों की संख्या 57,127 हुई

**ढाका,** (एजेंसियां)। बांग्लादेश में डेंगू के 2,711 नए मामले सामने आए हैं और 12 मरीजों की हुई है। इसके साथ ही डेंगू मरीजों की संख्या 57,127 तथा इस साल जनवरी से अब तक इसके कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 273 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशालय ने बुधवार को बताया कि 2638 मरीजों के साथ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 47,529 हो गई है। बांग्लादेश में पिछले महीने इस संक्रमण के सबसे ज्यादा 43,854 नए मामले सामने आए थे तथा 204 मरीजों ने जान गंवाई थी। बांग्लादेश में जून से सितंबर तक बरसात के मौसम में डेंगू के मामले सामने आते हैं। इस दौरान

- अब तक 273 लोगों की मौत



यहां मच्छरों से उत्पन्न होने वाली इस बीमारी का अधिक खतरा रहता है।

### जापान में खानून तूफान से दो की मौत, 61 घायल

**टोक्यो।** जापान के दक्षिणी द्वीप ओकिनावा प्रान्त में शक्तिशाली तूफ़ान खानून के कारण मूसलाधार वर्षा जारी है और वर्षा जनित घटनाओं से गुरुवार को मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तूफान के कारण ओकिनावा में 24 प्रतिशत घरों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। इसके अलावा, उरुमा शहर में मोमबत्ती से आग लगने के कारण में एक वृद्ध महिला (89) की जलकर मृत्यु हो गई। इससे पहले बुधवार को, शक्तिशाली तूफान में एक घर ढह गया, जिसमें एक व्यक्ति (90) घायल हो गया था और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

## चीन में बाढ़ से निपटने में मदद करेगा एप्पल

**बीजिंग,** (एजेंसियां)। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल चीन के बीजिंग और हेबेई प्रांत में बाढ़ की स्थिति से निपटने में मदद करेगी। कंपनी के प्रमुख टिम कुक ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, बीजिंग और आसपास के हेबेई प्रांत में भयानक बाढ़ से प्रभावित लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। एप्पल इस बाढ़ में राहत प्रयासों के लिए दान देगा। मीडिया ने बीजिंग बाढ़ रोकथाम प्राधिकरण का हवाला देते हुए बताया कि शहर में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या 11 तक पहुंच गई, जबकि हेबेई प्रांत में नौ और लोगों की मौत हो गई। वहीं भारी बारिश से राजधानी के 13 जिलों में कुल 44,673 लोग प्रभावित हुए हैं। बीजिंग में विभिन्न इलाकों में फंसे लगभग 127,000 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ का खतरा अभी भी बना हुआ है। आपदा से हुई आर्थिक क्षति का आकलन अभी भी किया जा रहा है।

## निर्णय

### राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने दी जानकारी

# यूक्रेन ने शांति फार्मूला लागू करने की रणनीति को रखा सामने

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने यूक्रेन द्वारा शांति फॉर्मूला को लागू करने के लिए तीन-चरणीय रणनीति का खुलसा किया है। राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने बुधवार को एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा, पहले चरण में यूक्रेनी अधिकारियों और यूक्रेन से मान्यता प्राप्त राजदूतों के बीच बैठकें शामिल हैं, इसका उद्देश्य शांति फॉर्मूला पर विस्तार से चर्चा करना है।यरमक ने कहा कि दूसरे चरण में, कीव शांति योजना के कार्यान्वयन के लिए तंत्र खोजने के लिए।

विदेशी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और राजनीतिक सलाहकारों के साथ बातचीत करेगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यरमैक के अनुसार, यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से उपायों को लागू करने के लिए विश्व नेताओं की भागीदारी वाला एक वैश्विक शिखर सम्मेलन शांति रणनीति का अंतिम चरण होगा।

यरमैक ने कहा, यूक्रेन के शांति फॉर्मूले पर चर्चा के लिए पहली अंतरराष्ट्रीय बैठक जून में डेनमार्क में हुई थी और



अगली बैठक सऊदी अरब में होगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम, एशिया, अफ्रीका, मध्य पूर्व और लैटिन अमेरिका के देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और राजनीतिक सलाहकार बैठक में हिस्सा लेंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय के उपप्रमुख इगोर झोवक्वा के मुताबिक, 5-6 अगस्त को सऊदी अरब के जेद्दा में होने वाली बैठक में 30 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति ब्लादिमिर ज़ेलेंस्की ने नवंबर 2022 में यूक्रेन में शांति के लिए डिज़ाइन किया गया 10-सूत्रीय फॉर्मूला सामने रखा।

### यूक्रेन ने रूस पर अनाज को नुकसान पहुंचाने का लगाया आरोप

**कीव।** यूक्रेन ने रूस पर दक्षिणी यूक्रेनी बंदरगाहों पर डेन्यूब नदी के पास बीती रात हमला करने और लगभग 40,000 टन अनाज को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। यूक्रेन के मंत्री मंत्री ऑलेक्ज़ेंडर कुब्राकोव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, रूसियों ने गोदामों और अनाज लिफ्टों पर हमला किया लगभग 40,000 टन अनाज क्षतिग्रस्त हो गए। ये अनाज कुछ अफ्रीकी देशों, चीन और इज़राइल से भेजे गये थे। कुब्राकोव ने रूस पर हमले को अंजाम देने के लिए ईरानी ड्रोन का उपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये वही बंदरगाह हैं जो आज वैश्विक खाद्य सुरक्षा की नींव बन गए हैं। नाटो-सदस्य रोमानिया से नदी के पार बंदरगाह, अनाज निर्यात के लिए यूक्रेन से मुख्य वैकल्पिक मार्ग है, क्योंकि जुलाई के मध्य में रूस की नाकाबंदी ने यूक्रेन के काला सागर बंदरगाहों पर यातायात रोक दिया था।

# खेल जगत

## विलियमसन प्रशिक्षण शिविर में अभ्यास में शामिल हुए

**माउंट माउंगानुई।** घुटने की चोट से उबरने के बाद केन विलियमसन न्यूजीलैंड टीम के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हो गए हैं। विलियमसन को उनके दाहिने घुटने में क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) के टूटने के कारण कुछ समय के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था लेकिन चोट से उबरने के साथ वह नेट्स में गेंदों को हिट कर रहे हैं। शुक्रवार को आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया, विलियमसन ने मीडिया को बताया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी से पहले उन्हें अभी भी थोड़ा काम करना बाकी है। माउंट माउंगानुई के बे ओवल में प्रशिक्षण शिविर से बोलते हुए विलियमसन ने कहा, कुछ लोगों और कुछ नए चेहरों को देखकर बहुत अच्छा लगा। टीम कैंप का इंतजार कर रहा हूं। यहां घर पर और माउंट माउंगानुई में इसका आयोजन करके और कुछ प्रशिक्षण लेकर और थोड़ा सा फिर से जुड़कर अच्छा लगा।



# अंत तक टिके रहने के लिए एक बल्लेबाज की जरूरत थी : अर्शदीप

**तारौबा( त्रिनिदाद।** भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने स्वीकार किया कि टीम को अंत तक बल्लेबाजी करने के लिए किसी की जरूरत थी, जिससे ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम में मेहमान टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज का पहला मैच हारने से बचाया जा सकता था। 150 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत नौ विकेट पर 145 रन पर सिमट गया, उसे एक समय 29 में से 37 रन की जरूरत थी। आखिरी ओवर में समीकरण दस रन तक पहुंचने के बावजूद, भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 0-1 से पीछे होने के लिए आवश्यक रन नहीं बना सका। भारत अब रविवार को गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टी20 मैच खेलेगा।



मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अर्शदीप ने कहा, हम मैच की समीक्षा करेंगे (जहां हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे)। जैसे, हम पहली पारी में क्या बेहतर कर सकते थे। जहां हम गेंद के साथ चीजों को चुस्त-दुरुस्त रख सकते थे और दूसरी पारी में एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में हम फिनिशिंग में कहां चूक गए मुझे लगता है कि हमें अंत तक टिके रहने के लिए एक बल्लेबाज की जरूरत थी, क्योंकि उनके आखिरी दो ओवरों में, पांच क्षेत्ररक्षक 30-यार्ड सर्कल के अंदर थे। भारत के लक्ष्य का पीछा करने के 19वें ओवर में, अर्शदीप ने 12 रन पर रन आउट होने से पहले दो चौके लगाए, लेकिन धीमी पिच पर भारत को फिनिश लाइन पर नहीं ला सके, जिस पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। कोई भी खिलाड़ी जो उस तरह की स्थिति में है, उसे विश्वास है कि वह टीम के लिए मैच जीत सकता है।

जब आप अपने देश के लिए खेल रहे होते हैं, तो आपको हमेशा अतिरिक्त दबाव मिलता है कि हां, आपको अपनी टीम के लिए मैच जीतना है। मैं, कुलदीप, चहल रन जुटाने के लिए उपलब्ध विकल्पों पर चर्चा कर रहे थे, लेकिन अंत में हम थोड़ा पीछे रह गए। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत की बल्लेबाजी का केवल सातवें नंबर तक चलना और टेल का आठवें नंबर से शुरू होना चिंता का कारण है, अर्शदीप ने उन सुझावों को खारिज कर दिया। ज़रूरी नहीं। इस तरह की बात हमेशा मैच खत्म होने के बाद आती है. हमने जो अंतिम एकादश उतारी थी, हमें पूरा भरोसा था कि हम मैच जीतेंगे।

हम हमेशा अपनी अंतिम एकादश का समर्थन करते हैं चाहे उसमें छह गेंदबाज हों या नौ। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि हम हमेशा उन ग्यारह खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं जिन्हें टीम के लिए मैच जीतने के लिए मैदान में उतारा गया है। हार में भारत के लिए युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा का शानदार डेब्यू शानदार रहा। दो शानदार कैच लेने के बाद, वर्मा पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे, उन्होंने 22 गेंदों में 177.27 के स्ट्राइक रेट से दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 39 रनों की पारी खेली। मैं यह नहीं कह सकता कि यह निर्णायक मोड़ था। यह उनके खेलने की शैली है, वह काफी आक्रामक शॉट खेलते हैं और उनमें वह मौके देंगे। लेकिन जैसा कि हमने देखा है, वह बेहद प्रतिभाशाली हैं और उन्होंने अपने डेब्यू में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। जब वह बेहद दबाव में था और यह मत भूलो कि हम लक्ष्य का पीछा कर रहे थे, उसने कुछ खूबसूरत शॉट खेले। मुझे लगता है कि उन्हें हमेशा अपने खेल का समर्थन करना चाहिए और भविष्य में वह टीम को कई मैच जीतने में मदद करेंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज, जिन्होंने 19वें ओवर में चार वाइड देते हुए अपने चार ओवरों में 2-31 रन खर्च किये, उनका मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में निरंतरता बनाए रखनी होगी और गलतियां करने की संभावना कम रखनी होगी। आईपीएल पहले से ही उच्च स्तर का खेल है। लेकिन क्या वह कौशल है जो आपको अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अच्छी स्थिति में रखता है और साथ ही, आपको यहां निरंतरता बनाए रखनी होगी क्योंकि गलती करने की संभावना वास्तव में कम है और यदि आप उस तरफ हैं तो आपको सजा मिलती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार बने रहना और आपके सामने कोई भी टीम खेल रही हो, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना बहुत महत्वपूर्ण है।

# 17 साल के गुकेश ने लाइव रेटिंग में आनंद को पछाड़ा, भारत के नंबर 1 शतरंज खिलाड़ी बने



**मुंबई।** 17 वर्षीय डोम्माराजू गुकेश ने बाकू, अजरबैजान में फिडे विश्व कप के पहले दौर में जीएम मिसरतदीन इस्कंदरोव के साथ अपने दूसरे दौर के मैच में दो गेम जीते और लाइव रेटिंग में विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़ते हुए विश्व में सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय शतरंज खिलाड़ी बन गए। इस्कंदरोव (ईएलओ 2559) के खिलाफ गुरुवार शाम को पहले दौर में जीत ने उन्हें लाइव रेटिंग में 2755.9 तक पहुंचने में मदद की, जिससे वह आनंद की 2754 की रेटिंग से आगे निकल गए, जिससे वह मार्च 2016 में पेंटला हरिकृष्णा के बाद लाइव रेटिंग में आनंद से आगे निकलने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। भारत के नंबर 1 शतरंज खिलाड़ी के रूप में रेटिंग, यह पद पांच बार के विश्व चैंपियन ने 1986 के बाद से 37 वर्षों तक कायम रखा है। हरिकृष्णा केवल एक दिन के लिए भारत के नंबर 1 शतरंज खिलाड़ी थे, क्योंकि आनंद ने अगले दिन अपना मैच जीता और इस स्थान को वापस ले लिया।

1986 के बाद यह पहली बार होगा कि कोई भारतीय प्रकाशित फिडे रैंकिंग में विशी आनंद से आगे निकल जाएगा। पिछले कुछ वर्षों से शतरंज सर्किट में कम ही खेल रहे आनंद के साथ, ऐसी संभावना है कि गुकेश लंबे समय तक भारत के नंबर 1 खिलाड़ी बने रहेंगे और कई वर्षों तक उस स्थान को बनाए रखेंगे। मैग्नस कार्लसन का रिकॉर्ड तोड़कर 2750 रेटिंग तक पहुंचने वाले विश्व के सबसे युवा खिलाड़ी गुकेश को अब 1 सितंबर को फिडे द्वारा अगली रैंकिंग प्रकाशित करने पर अपनी रेटिंग 2754 से ऊपर बनाए रखनी होगी।

गुकेश, जो मार्च 2019 में 12 साल, 7 महीने, 17 दिन की उम्र में सबसे कम उम्र के भारतीय ग्रैंडमास्टर बने, विश्व में सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर बनने से चूक गए और सर्गेई कारजाकिन के रिकॉर्ड से सिर्फ 17 दिन पीछे रह गए। 2022 में, इन दोनों को भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अभिमन्यु मिश्रा ने 12 साल, 4 महीने, 25 दिन की उम्र में पीछे छोड़ दिया है। चेन्नई में जन्मे गुकेश, जिन्होंने अप्रैल 2022 में विश्व में शीर्ष 100 में जगह बनाई, ने रैंकिंग में तेजी से वृद्धि जारी रखी और 1 अगस्त को जब रैंकिंग आखिरी बार प्रकाशित हुई थी, तब उन्हें 2751 की रेटिंग के साथ विश्व में 11वें स्थान पर रखा गया था।

अक्टूबर 2022 में, 16 साल की उम्र में, जीएम विष्णु प्रसन्ना द्वारा प्रशिक्षित गुकेश, एमचेस रैपिड टूर्नामेंट में एक गेम में तत्कालीन विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हराने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। वर्तमान में, लाइव रेटिंग में, गुकेश 2755.9 की रेटिंग के साथ विश्व में 9वें स्थान पर हैं और आनंद (2754) 10वें स्थान पर हैं।

## तिलक वर्मा को डेवाल्ड ब्रेविस से मिला खास तोहफा



**तारौबा।** वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में तिलक वर्मा ने अपने डेब्यू में शानदार बल्लेबाजी और फील्डिंग से सभी को प्रभावित किया। अब उन्हें उनके एक दक्षिण अफ्रीकी दोस्त ने खास तोहफा दिया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज के पहले मैच में बेशक टीम इंडिया को हार मिली हो, लेकिन इस मैच में डेब्यू कर रहे तिलक वर्मा ने अपने शानदार खेल से सबको प्रभावित किया। इस युवा बल्लेबाज ने दो अच्छे कैच लेने के बाद, धीमी पिच पर 177.27 के स्ट्राइक रेट के साथ दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 39 रन की शानदार पारी खेली।

हालांकि भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 0-1 से पीछे रहकर चार रन से हार गया, लेकिन तिलक की अच्छी बल्लेबाजी ने सबका दिल जीत लिया। इस मौके पर बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें तिलक के लिए उनके अफ्रीकी दोस्त ने खास मैसेज दिया। इस वीडियो में एक रिकॉर्डेड मैसेज सुनाया जा रहा है। ब्रेविस ने तिलक को उनके डेब्यू पर बधाई दी। ये मैसेज देख तिलक हैरान रह गए, ब्रेविस ने अपने और अपने परिवार की तरफ से तिलक को बधाइयां दी। उन्होंने तिलक से कहा कि जब उन्होंने दूसरी और तीसरी गेंद पर चौका मारा तो उनके रौंगटे खड़े हो गए थे। ब्रेविस ने साथ ही कहा कि उनका सपोर्ट हमेशा तिलक के साथ रहेगा।

## भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता

### विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप

**बर्लिन (जर्मनी)।** ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद स्वामी की भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने शुक्रवार को विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण पदक जीता। यह किसी भी वर्ग में तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में भारत का पहला स्वर्ण है। भारतीय तिकड़ी ने फाइनल में मैक्सिकन टीम डैफने क्विंटेरो, एना सोफिया हर्नांडेज़ जियोन और एंड्रिया बेसेरा को 235-229 से हराया।



सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने मौजूदा चैंपियन कोलंबिया को 220-216 से हराया। पहले राउंड में बाई मिलने के बाद टीम ने क्रमश: क्वार्टर फाइनल और प्री-क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे और तुर्की की चुनौती पर काबू पा लिया। बर्लिन प्रतियोगिता से पहले, भारत ने विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में 11 पदक जीते थे - नौ रजत और दो कांस्य।

2017 और 2021 में रजत और 2019 में कांस्य के बाद यह स्वर्ण विश्व चैंपियनशिप में कंपाउंड महिला टीम में भारत का लगातार चौथा पदक था। ज्योति वेन्नम सभी चार पदक विजेता टीमों का हिस्सा रही हैं। दूसरी ओर, अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और प्रथमेश जावकर की भारतीय कंपाउंड पुरुष टीम नीदरलैंड से 230-235 से हारकर क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गई।

मिश्रित कंपाउंड टीम स्पर्धा में ओजस देवताले और ज्योति सुरेखा वेन्नम को क्वार्टर फाइनल में यूएसए के हाथों 154-153 से हार का सामना करना पड़ा। ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद स्वामी शनिवार को व्यक्तिगत महिला कंपाउंड क्वार्टर फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि ओजस देवतले पुरुष वर्ग के शीर्ष आठ में एकमात्र भारतीय हैं।

## यांग के गोल से पिछड़ने के बाद द. कोरिया ने पाक से मैच ड्रॉ कराया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ शाहिद के गोल से बढ़त लेने के बाद पाक ने जीत का मौका गंवाया

चेन्नै, (देशबन्धु)। विंगर अब्दुल राणा और अब्दुल शाहिद की लिंकमैन के रूप में खेल अपने अनुभवी कप्तान उमर बुट्टा के बेहतरीन अभियानों पर दोनों छोर से हमले बोल कर मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया की मजबूत घेरेबंदी को तोडऩे की रणनीति पाकिस्तान के बहुत काम आई।19 बरस के अब्दुल शाहिद के मैच 18 वें मिनट में दागे बेहतरीन मैदानी गोल की बदौलत पाकिस्तान ने बढ़त ली लेकिन जिहुन यांग के खेल खत्म होने के सात मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक पर दागे गोल की बदौलत मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी ,चेन्नै 2023 में एक-एक गोल की बराबरी पर रोक अंक बांटे। पाकिस्तान को इस बात का जरूर मलाल रहा कि उसने बेहतर तालमेल से खेलते हुए बढ़त और बराबर दबाव बनाने के बावजूद जीत का मौका गंवा दिया। दक्षिण कोरिया ने मैच में मिले आठ में एक पेनल्टी कॉर्नर पर पेनल्टी स्ट्रोक हासिल कर बराबरी का गोल करने के अलावा बाकी एक का भी उपयोग नहीं किया। वहीं पाकिस्तान को इस बात का मलाल रहा कि वह मैच में मिले पांच पेनल्टी कॉर्नर में एक को भी गोल में नहीं बदल पाई।, दक्षिण कोरिया की टीम लगातार दूसरे राउंड रॉबिन लीग मैच में पिछड़ी लेकिन शुक्रवार को वह पिछडऩे के बाद बृहस्पतिवार जापान पर 2-1 की तरह जीत हासिल करने में नाकाम रही। दक्षिण कोरिया के दो मैचों के बाद चार अंक हैं जबकि पाकिस्तान ने इस ड्रॉ के साथ पहला अंक हासिल किया। मलयेशिया ने पाकिस्तान को बृहस्पतिवार को पहले मैच में 3-1 से हराकर आगाज किया

अनुभवी कप्तान उमर बुट्टा के बेहतरीन अभियानों पर विंगर अब्दुल राणा और अब्दुल शाहिद की लिंकमैन के रूप में खेल अपने दोनों छोर से हमले बोल कर दक्षिण कोरिया की मजबूत घेरेबंदी को तोडऩे की रणनीति पाकिस्तान के बहुत काम आई। बराबर हमले बोलने के साथ पाकिस्तान ने पहले क्वॉर्टर में दो पेनल्टी कॉर्नर किए लेकिन इन पर उसकी इनडायरेक्ट और अरफराज के तेज फ्लिक की रणनीति कारगर नहीं रही। अब्दुल राणा दाएं से बाएं से तेजी से गेंद को लेकर डी में पहुंचे और दक्षिण कोरिया के हाईसियुंग को छका दाएं डी में पहुंचे अब्दुल शाहिद के लिए गेंद बढ़ा दी। 19 बरस के अपना 20 वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल रहे अब्दुल शाहिद ने मैच के 18 वें मिनट में दक्षिण कोरिया के गोलरक्षक जाईहयुन किम के संभलने से पहले से तेजी से गेंद को फ्लिक कर गोल में डाल पाकिस्तान को 1-0 से आगे कर

## भारतीय महिला फुटबॉलर संजू चोट के दु:स्वप्न से उबरकर कैंप में लौटीं

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉलर संजू ने चोट के दु:स्वप्न पर काबू पा लिया है और लंबे अंतराल के बाद आखिरकार राष्ट्रीय टीम शिविर में वापस आ गई हैं। पिछले साल भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में भारतीय महिला लीग के दौरान एक मैच कुछ मिनटों के लिए अचानक रुक गया था जब एक युवा फुटबॉलर मैदान पर दर्द से कराहते हुए जोर से चिल्लाने लगी थी। जब आस-पास मौजूद सभी लोग भयभीत होकर चुपचाप देखते रहे, तो रोती हुई खिलाड़ी संजू को स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया। देश के प्रमुख मिडफील्डरों में से एक संजू के लिए यह चोट बहुत बड़ा झटका थी। उसने हाल ही में



सेथु एफसी में पदार्पण किया था और पिछले मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता था, इससे पहले कि उसे उस दुर्भाग्यपूर्ण शाम को बाहर किया जाना था। यह संजू की ख़राब किस्मत का अंत नहीं था। जब उसे एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, तो डॉक्टरों ने पुष्टि की कि उसके दाहिने पैर में एसीएल चोट लगी है।

### सार संक्षेप

#### इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स ने की संन्यास की घोषणा

**लंदन।** इंग्लैंड को 2022 में टी-20 विश्व कप का विजेता बनाने में अहम योगदान देने वाले एलेक्स हेल्स ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया है। हेल्स ने एक दशक से अधिक लंबे करियर के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। हेल्स ने सोशल मीडिया पर कहा, मैंने कुछ यादें और कुछ दोस्ती जीवन भर के लिए बना ली है और मुझे लगता है कि अब आगे बढ़ने का सही समय है। हेल्स ने कहा, इंग्लैंड की शर्ट में अपने पूरे समय के दौरान मैंने कुछ उच्चतम चढ़ावों के साथ-साथ कुछ सबसे निचले चढ़ावों का भी अनुभव किया है। यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है और मुझे बहुत संतोष है कि इंग्लैंड के लिए मेरा आखिरी गेम विश्व कप फाइनल जीतना था। हेल्स ने इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 मैच से अपना नाम वापस ले लिया था। टी-20 विश्वकप से पहले हेल्स का अचानक सन्यास लेना इंग्लैंड के लिये एक बड़ा झटका माना जा रहा है। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर के दौरान 156 मैच खेले और 5000 से अधिक रन बनाये हैं।

#### भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए आयरलैंड टीम घोषित

**डबलिन।** भारत के खिलाफ 18 अगस्त से शुरु होने वाली तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिये आयरलैंड ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। अगले साल होने वाले टी-20 विश्वकप में अपना स्थान सुनिश्चित करने के बाद आयरलैंड टीम पहली बार टी-20 सीरीज खेलेगी। टीम में मुख्य रूप से वे खिलाड़ी शामिल किये गये हैं जो पिछले महीने विश्व कप क्वालीफाइंग अभियान का हिस्सा थे। आयरलैंड के चयनकर्ता एंड्रयू व्हाइट ने कहा, स्कॉटलैंड में हालिया क्वालीफाइंग अभियान अगले टी20 विश्व कप के लिए हमारी रणनीतिक योजना का पहला चरण था।

### सुडोकू 6277 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 9 | 1 | 6 | 8 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 1 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 3 | 9 |
| 1 | 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 |

# सिंधु का सफर खत्म, प्रणॉय और रजावत अंतिम चार में

**सिडनी।** भारत की स्टार शटलर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया ओपन 2023 बैडमिंटन प्रतियोगिता क्वार्टर-फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

प्रतियोगिता में पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु को अमेरिका की बेइवेन झांग ने 21-12, 21-17 से हराया। मैच की शुरुआत से ही अमेरिकी खिलाड़ी ने सिंधु पर अपना दबदबा बनाए रखा। बेइवेन झांग ने पहले गेम में 10-5 की बड़ी बढ़त हासिल कर अपनी पकड़ मज़बूत कर ली जिसके बाद भारतीय शटलर वापसी करने में असफल रहीं और उन्हें पहले गेम में हार झेलनी पड़ी।

इस साल अपने पहले बीडब्लूएफ खिताब की खोज में जुटी 28 वर्षीय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी के लिए क्वार्टर-फाइनल मुक़ाबले के दूसरे गेम को जीतना काफी अहम हो गया था। बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 17वें नंबर पर काबिज़ भारतीय शटलर के दूसरे गेम की शुरुआत भी इतनी अच्छी नहीं रही और वह अमेरिकी शटलर से लगातार पिछड़ती रहीं जिसके कारण उन्हें दूसरे गेम में भी हार का सामना करना पड़ा और इसी के साथ इस टूर्नामेंट में उनका सफर भी समाप्त हो गया। उधर, भारतीय शीर्ष पुरुष शटलर एचएस प्रणॉय ने बैडमिंटन विश्व रैंकिंग के दूसरे नंबर के इंडोनेशियई खिलाड़ी एंथनी सिनिसुका गिंटिंग को 2-1 से हराकर इस बीडब्लूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफ़ाइनल में जगह सुनिश्चित की। मैच के पहले गेम में पिछड़ने के बावजूद विश्व रैंकिंग के नौवें नंबर के भारतीय शटलर ने दूसेर गेम में वापसी करते हुए मैच में 1-1 की बरीबरी की।







अतिंम और निर्णायक गेम में भारतीय शटलर ने आक्रामक रुख़ अख्तियार करते हुए गिंटिंग के ख़िलाफ़ शुरुआती बढ़त हासिल की। रोमांचक और तीसरे गेम में शुरुआती बढ़त हासिल करने के बाद, उन्होंने फिर लगातार अपनी बढ़त में इज़ाफ़ा करते हुए मैच को अपने नाम कर प्रतियोगिता के अगले राउंड में जगह बना ली। एक अन्य पुरुष एकल मुक़ाबले में विश्व बैडमिंटन रैंकिंग के 33वें नंबर के खिलाड़ी प्रियांशू रजावत ने विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 19वें नंबर के भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी और हमवतन किदांबी श्रीकांत को हराकर प्रतियोगिता के सेमी-फाइनल में जगह बनाई। प्रियांशू ने अपने सीनियर हमवतन को 30 मिनट तक चले मैच में 21-13, 21-8 से हराकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। 21 वर्षीय प्रियांशू रजावत इस साल पहले ही ऑरलियन्स मास्टर्स का ख़िताब अपने नाम कर चुके हैं।

ऑस्ट्रेलिया ओपन 2023 के नतीजे पेरिस खेलों के लिए खिलाड़ियों की क्वालीफाइंग रैंकिंग में गिने जाएंगे। पेरिस 2024 ओलंपिक में बैडमिंटन के लिए क्वालिफिकेशन विंडो एक मई से शुरू हो चुकी है।

SENSEX BSE 65721.25 ▲ 480.57 NSE 19517.00 ▲ 135.35 MCX Gold 59586 ▲ 154 silver 72511 ▼11



# [ अर्थ जगत ]

## रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ दो माह के निचले स्तर पर

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को आठ पैसे की गिरावट के साथ दो माह के भी अधिक के निचले स्तर 82.82 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में डॉलर की मांग बढ़ने और कच्चे तेल कीमतों में मजबूती आने से रुपये की धारणा कमजोर हुई। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी कोषों की निकासी से भी रुपये पर दबाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.73 पर खुला। दिन में कारोबार के दौरान यह 82.72 के उच्चस्तर तक गया तथा 82.85 के निचले स्तर तक आया।



## जुलाई में 30 लाख लोगों ने खुलवाया डी-मैट खाता

**नई दिल्ली।** स्टॉक मार्केट में निवेश करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है. जुलाई में शेयर बाजार में लगभग 30 लाख नए निवेशकों की एंट्री हुई है. दरअसल पिछले महीने दो डिपॉजिटरी- सीडीएसएल और एनएसडीएल के साथ 30 लाख नए डीमैट अकाउंट खोले गए हैं.जनवरी 2022 के बाद से अब तक का यह आंकड़ा सबसे ज्यादा है. यह आंकड़ा पिछले 12 महीने के औसत 20 लाख से करीब 50 फीसद अधिक है. जुलाई में डीमैट खाते में हुई इस रिकॉर्ड बढ़ोतरी के बाद डीमैट खातों की कुल संख्या 12.35 करोड़ के नए रिकॉर्ड पर है.

**निवेशकों की बढ़ रही रुचि**

असल, शेयर बाजार रिस्क का बाजार होता है. यहां मुनाफा तो होता है लेकिन नुकसान की भी संभावना बनी रहती है. लेकिन डीमैट खातों की बढती संख्या बता रही है कि अब छोटे निवेशक भी रिस्क लेने में रुचि दिखा रहे हैं.दरअसल, बाजार में निवेश करने के लिए डीमैट खाता होना अनिवार्य है. यही वजह है कि इक्विटी बाजार में रिटेल निवेशकों की संख्या के बढ़ने से डीमैट अकाउंट की संख्या में भी बढ़ोतरी होती है. यह बढ़ोतरी बताता है कि पिछले कुछ सालों में इक्विटी बाजार में खुदरा निवेशकों की रुचि बढ़ी है.बाजार में आज तेजी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चल रहे उठा-पटक के बीच भारतीय शेयर बाजार में माइक्रो-कैप और स्मॉल-कैप सूचकांकों ने निफ्टी और सेंसेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया है. ऐसे में निवेशकों की इक्विटी में रुचि फिर से बढ़ी है।

### मेक इन इंडिया का जलवा

## भारत से अमेरिका तक जा रहे स्मार्टफोन, महज 2 माह में 2.43 अरब डॉलर का निर्यात

***नई दिल्ली।*** *भारत सरकार के महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट मेक इन इंडिया ने बीते 9 वर्षों में विनिर्माण अवसंरचना (मैन्यूफैक्चरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर), निवेश (इन्वेस्टमेंट), नवोन्मेषण (इनोवेशन) और कौशल विकास (स्किल डेवलपमेंट) में जबरदस्त प्रगति की है।*




मेक इन इंडिया कार्यक्रम ने हमारे देश को एक अग्रणी वैश्विक विनिर्माण और निर्यातक के तौर पर दुनियाभर में पहचान दिलाई है। भारत आज मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात के मामले में दिनों-दिन नए झंडे गाड़ रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल-मई 2023 के दौरान यानी दो माह में 2.43 अरब डॉलर का स्मार्टफोन निर्यात किया है। यह वार्षिक आधार पर 157.82 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी है। इसके साथ ही भारत से निर्यात होने वाले स्मार्टफोन के लिए अमेरिका प्रमुख बाजार के रूप में उभरा है।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, मौजूदा वित्त वर्ष के पहले दो माह में हमारा, अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात 781.22 फीसदी बढ़कर 81.25 करोड़ डॉलर पहुंच चुका है। 2022-23 की समान अवधि में भारत से अमेरिका को 9.22 करोड़ डॉलर का स्मार्टफोन एक्सपोर्ट किए गए हैं। बता दें कि, भारत से कुल स्मार्टफोन निर्यात में मूल्य के हिसाब से अमेरिका की हिस्सेदारी एक तिहाई है। इस लिहाज से देखा जाए, तो अमेरिका को किए गए निर्यात में नौ गुना इजाफा हुआ है। अप्रैल-मई 2023 में अमेरिका भारत निर्मित स्मार्टफोन के लिए सबसे बड़े बाजार के रूप में उभरकर सामने आया है। विश्व की सबसे बड़ी इकॉनमी, अमेरिका को भारत से जाने वाले शिपमेंट में साल दर साल के आधार पर 775 फीसद की शानदार वृद्धि दर्ज की गई है। भारत ने इस साल अप्रैल-मई में 2.4 अरब डॉलर मूल्य के स्मार्टफोन का एक्सपोर्ट किया, जिसमें से 81.24 करोड़ डॉलर के स्मार्टफोन अकेले अमेरिका में भेजे गए। इससे एक साल पहले अमेरिका में स्मार्टफोन का निर्यात महज 9.22 करोड़ डॉलर या कुल निर्यात का बमुश्किल 10 फीसद था। अभी तक भारत अमेरिका को सर्वाधिक हीरे का निर्यात करता रहा है, मगर सरकार की कोशिशों से अब हीरे के बाद स्मार्टफोन अमेरिका में निर्यात की जाने वाली दूसरी सबसे बड़ी वस्तु बन चूका है और अमेरिका, भारत के लिए सबसे बड़ा बाजार। बता दें कि, भारत ने वित्त वर्ष 2022- 2023 में 10.9 अरब डॉलर मूल्य के स्मार्टफोन एक्सपोर्ट किए थे, वहीं वित्त वर्ष 2023-2024 के पहले दो महीनों में कुल 2.43 अरब डॉलर का एक्सपोर्ट किया गया जो कि 157 प्रतिशत की वृद्धि है। वर्ष 22-2023 में संयुक्त अरब अमीरात को 2.57 अरब डॉलर के स्मार्टफोन का निर्यात किया गया था और उस साल वह भारत के स्मार्टफोन का सबसे बड़ा बाजार था। इसी प्रकार अमेरिका को 2.15 अरब डॉलर का स्मार्टफोन निर्यात किए गए थे और इस तरह गत वित्त वर्ष अमेरिका, भारतीय स्मार्टफोन का दूसरा सबसे बड़ा बाजार बना था। लेकिन मौजूदा वित्त वर्ष में, स्मार्टफोन निर्यात के मामले में अमेरिका (81.24 करोड़ डॉलर) के बाद संयुक्त अरब अमीरात 48.45 करोड़ डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गया है।

## शेयर बाजार की गिरावट पर ब्रेक, सेंसेक्स 65700 और निफ्टी 19500 के पार बंद



***मुंबई।*** *तीन दिन की गिरावट के बाद आज शेयर बाजार में रौनक लौटी। सेंसेक्स 480 अंकों की बढ़ोतरी के बाद 65721 के स्तर पर बंद हुआ। जबकि, निफ्टी 135 की उछाल के साथ 19517 के स्तर पर बंद हुआ।*

निफ्टी टॉप गेनर में सिप्ला (3.53 फीसद), इंडसंडबैंक (3.01 फीसद), टेक महिंद्रा (2.65 प्रतिशत), विप्रो (2.29 प्रतिशत) और भारती एयरटेल (2.05 प्रतिशत) जैसे स्टॉक थे। जबकि, निफ्टी टॉप लूजर स्टेट बैंक (2.93 प्रतिशत), बजाज ऑटो (2.53 प्रतिशत), बीपीसीएल (2.04 प्रतिशत), मारुति (1.01 प्रतिशत) और एनटीपीसी (0.95 प्रतिशत) थे। बीएसई पर 3720 स्टॉक में ट्रेडिंग हुई और 2232 शेयर बढ़त पर रहे। 1337 में गिरावट रही और 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। कुल 293 में अपर सर्किट लगे और 181 में लोअर सर्किट। 11= 30 बजे= शेयर बाजार में तेजी के ट्रैक पर लौट आया है। सेंसेक्स में उछाल अब बढ़कर 479 अंकों की हो गई है। सेंसेक्स अब 65719 के स्तर पर है। इस बीच निफ्टी भी 133 अंकों की तेजी के साथ 19515 के स्तर पर ट्रेड कर रहा है।

एक ही दिन में 5000 रुपये चढ़ गए एमआरएफ के शेयरटायर कंपनी एमआरएफ के शेयरों में तगड़ा उछाल आया है। एमआरएफ के शेयर शुक्रवार को 4 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी के साथ 111939.95 रुपये पर पहुंच गए हैं। यह कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का नया हाई है। प्राइस के लिहाज से एमआरएफ के शेयर एक ही दिन में 5000 रुपये से ज्यादा चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयर गुरुवार को 106923.10 रुपये पर बंद हुए थे। इस हिसाब से एमआरएफ के शेयरों में शुक्रवार को 5016 रुपये का उछाल आया है।

## एसबीआई का मुनाफा जून तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 16,884 करोड़ रुपये

***नयी दिल्ली।*** *सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसका एकल शुद्ध लाभ दो गुना से अधिक होकर 16,884 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बैंक ने बताया कि उसके बेहतर प्रदर्शन में खराब ऋणों में कमी और ब्याज आय में सुधार का विशेष योगदान रहा।*




एसबीआई ने 2022-23 की अप्रैल-जून तिमाही में 6,068 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक 2023-24 की पहली तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 1,08,039 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 74,989 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक ने 95,975 करोड़ रुपये की ब्याज आय अर्जित की, जो एक साल पहले इसी अवधि में 72,676 करोड़ रुपये थी। जून 2023 के अंत में बैंक का सकल एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) घटकर 2.76 प्रतिशत रह गया, जो एक साल पहले 3.91 प्रतिशत था। इसी तरह, शुद्ध एनपीए भी जून 2023 में घटकर 0.71 प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले एक प्रतिशत था। समीक्षाधीन अवधि में एसबीआई का समेकित शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 18,537 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 7,325 करोड़ रुपये था। इस दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 1,32,333 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 94,524 करोड़ रुपये थी। जून तिमाही में बैंक ने अपने गैर-जीवन बीमा उद्यम एसबीआई जनरल इंश्योरेंस में 489.67 करोड़ रुपये का निवेश किया। इसके अलावा आठ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) में 82.16 करोड़ रुपये का निवेश किया गया।

## लैपटॉप, टैबलेट्स के आयात पर कोई रोक नहीं, सरकार ने दूर किया कंफ्यूजन

***नई दिल्ली।*** *आईटी मिनिस्ट्री के सचिव ने साफ किया है कि कंपनियां और ट्रेडर्स आईटी हार्डवेयर, लैपटॉप, टैबलेट्स आदि इंपोर्ट कर सकती हैं। इनके इंपोर्ट पर कोई प्रतिबंध नहीं लगा है।*



इससे पहले, गुरुवार को सरकार की तरफ से जारी नोटिफिकेशन में कहा गया था कि लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर, अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर (यूएसएफएफ) कंप्यूटर और सर्वर के आयात पर सुरक्षा कारणों से और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने की जरूरत को देखते हुए अंकुश लगा दिया गया है। इस फैसले को लेकर कंफ्यूजन खड़ा हो गया था कि सरकार ने लैपटॉप और टैबलेट्स के इंपोर्ट पर प्रतिबंध लगा दिया है।

**इंपोर्ट के लिए लाइसेंस जरूरी** - आईटी मिनिस्ट्री के सचिव ने मिंट को बताया है कि इस तरह के उत्पाद के इंपोर्ट के लिए अब लाइसेंस की जरूरत पड़ेगी। बिना लाइसेंस के इन सामानों का इंपोर्ट नहीं किया जा सकता है। कोई भी कंपनी डीजीएफटी से लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकती है। कंपनियों को लाइसेंस भी 5 मिनट में इश्यू कर दिया जाएगा। कंपनियों का लाइसेंस एक साल के लिए वैलिए रहेगा।

**क्या होता है 'अंकुश' लगाने का मतलब?** - किसी उत्पाद के आयात को अंकुश की श्रेणी में डालने का मतलब है कि उनके आयात के लिए लाइसेंस या सरकार की अनुमति अनिवार्य होगी। गुरुवार को जारी नोटिफिकेशन में कहा गया था लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर के आयात को तत्काल प्रभाव से अंकुश की श्रेणी में डाल दिया गया है।

**चीन पर निर्भर है भारत** - रिसर्च संस्था ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत का चीन से 65 प्रतिशत आयात सिर्फ तीन उत्पाद समूहों इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और जैविक रसायन तक सीमित है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत अपनी दैनिक जरूरतों तथा औद्योगिक उत्पादों मसलन मोबाइल फोन, लैपटॉप, कलपुर्जे, सौर सेल मॉड्यूल और आईसी के लिए चीन पर काफी हद तक निर्भर है। भारतीय बाजार में बिकने वाले प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड में एचसीएल, सैमसंग, डेल, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, एसर, एप्पल, लेनोवो और एचपी शामिल हैं। भारत ने 2022-23 में लैपटॉप सहित 5.33 अरब डॉलर मूल्य के पर्सनल कंप्यूटर का आयात किया है।

## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 10000-11000, मीडियम बोल्ड 12000-12500, फाइन 13000-14000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14000-1450, चना दाल एवरेज 6000-6200 चना दाल मार्का 6200-6500, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7200-7500, उड़द छिलका 8500-9000, फाइन 9500-10000, उड़द धुली 10000-10500, फाइन 10800-11000, मूंग दाल छिलका 9000-9200, मूंग दाल फाइन 9400-9500, मूंगदाल धुली 9800-10000,फाइन 10000-10200।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3100-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3500-3700, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4800 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 4800-5000, फाइन 5300-5500, बासमती कनकी चालू 2800-2900, बासमती कनकी मीडियम 3200-3400, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 6000-6200, तिबार- 7200-7500, बासमती 10000-11500, बेस्ट 11500-12000 पोहा-4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा-5000-5200, फाइन- 6500-7000, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60500 चांदी टंच- 73100 चांदी रिफाइन -74400

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60500 चांदी टंच- 73100 चांदी रिफाइन -74400

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82.84 |
| एक यूरो | 91.22 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 105.71 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54.50 |
| एक जापानी येन | 00.58 |

## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 94 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 96 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-100 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 58 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6500, 6 एम एम 6500, 8 एम एम 6100, 10 एम एम 5900,12 एम एम, 5900 एवं 16 एम 5900 रु.। तार- 78 रु. किलो।

## भारत में मंडरा रहा है महंगाई का खतरा! वित्त मंत्रालय ने जारी की अपनी आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट

***नई दिल्ली।*** *वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि खाद्य मुद्रास्फीति में हालिया उछाल से सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक को सतर्क रुख अपनाने की जरूरत है।*



**वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कही ये बातें** - वित्त मंत्रालय ने 3 अगस्त को जारी अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा, 'मौसम संबंधी व्यवधानों के कारण 'फलों', 'सब्जियों' और 'दालों और अन्य उत्पादों' की कीमतों में वृद्धि से सीपीआई-खाद्य मुद्रास्फीति मई में 3 फीसदी से बढ़कर जून में 4.5 फीसदी हो गई। इसलिए आरबीआई और सरकार को महंगाई के मोर्चे पर अभी भी सतर्क रहने की जरूरत है।'12 जुलाई को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि भारत की प्रमुख खुदरा मुद्रास्फीति दर ने जून में चार महीने की गिरावट का सिलसिला तोड़ दिया और मई में 4.31 प्रतिशत से बढ़कर 4.81 प्रतिशत हो गई। इसका कारण है खाद्य मुद्रास्फीति में 2.96 प्रतिशत से 4.49 प्रतिशत की तेज वृद्धि । खासकर टमाटर की कीमत बीते महीने से आसमान छूती नजर आ रही है, जिसको लेकर सरकार संभावित अन्य उपायों के जरिए इसकी बढ़ती कीमतों पर रोक लगाने का प्रयास कर रही है। अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि सीपीआई मुद्रास्फीति जुलाई में और भी तेजी से बढ़ेगी ङ्क जिसके आंकड़े 14 अगस्त को जारी किए जाएंगे।

**ये मिल रहे अच्छे संकेत** - वित्त मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अच्छी मानसूनी बारिश, मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में सतत विस्तार और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों का बड़े पैमाने पर पूंजीगत व्यय करना चालू वित्त वर्ष में व्यापक आर्थिक स्थिरता और ग्रोथ के लिए अच्छा संकेत है। हालांकि, भारत को प्रतिकूल विकास को लेकर सतर्क रहने को कहा है, जिससे की देश के विकास के रास्ते में कोई बाधा न आए। वित्त मंत्रालय ने मासिक आर्थिक सर्वेक्षण के जून संस्करण में कहा है कि हाल के वर्षों में पूंजीगत व्यय पर सरकार के जोर के साथ प्रमुख बुनियादी ढांचे में निवेश पर काफी बल दिया गया है। इससे प्राइवेट सेक्टर में भी रोजगार सृजन, आय, उत्पादकता, मांग और निर्यात के अनुकूल चक्र का हिस्सा बना है।

**निजी खपत में भी सुधार की उम्मीद** - रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति दबाव कम होने से निजी खपत में भी सुधार हो सकता है। हाल के महीनों में खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी देखने को मिली। थोक मुद्रास्फीति में नरमी का असर खुदरा महंगाई पर भी देखने को मिल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, विपरीत ग्लोबल घटनाक्रम के बावजूद सेवा निर्यात में मजबूत प्रदर्शन के कारण भारत का निर्यात में प्रदर्शन भी अच्छा रहने की संभावना है। इसमें कहा गया है कि देश में डिजिटलीकरण अभियान के कारण, घर से काम करने की बढ़ती प्राथमिकता और वैश्विक क्षमता केंद्रों के बढ़ते प्रसार से भारत के सेवा निर्यात में और वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट कहती है,भारत में मानसून के बेहतर रहने, ठोस राजकोषीय प्रदर्शन, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में निरंतर विस्तार, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों द्वारा जोरदार पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की व्यापक आर्थिक स्थिरता और वृद्धि के लिए काफी अच्छा संकेत है। लेकिन ऐसी स्थिरता और वृद्धि के लिए लगातार नीतिगत सतर्कता रखनी होती है।

## अल्ट्राटेक की मैहर सीमेंट वर्क्स यूनिट ने ग्रामीण युवाओं को दिया प्रशिक्षण

**जबलपुर।** भारत की सबसे बड़ी सीमेंट और रेडी - मिक्स कॉन्क्रीट (आरएमसी)कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की मध्य प्रदेश स्थित इंटीग्रेटेड सीमेंट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट मैहर सीमेंट वर्क्स ने अपनी सीएसआर पहल प्रोजेक्ट स्वावलंबन (आत्मनिर्भर) की शुरुआत की जिसके अंतर्गत आसपास के गांवों के कम आय वाले परिवारों के 110 स्थानीय युवाओं के कौशल में वृद्धि करने में मदद की है।

युवाओं को यूनिट के प्रोफेशनल ट्रेनिंग सेंटर में सिलाई, ब्यूटी सर्विस, विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक रिपेयर, डीजल इंजन और ट्रैक्टर रिपेयर के क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया गया था, जिससे वे स्वरोजगार के माध्यम से स्थायी आजीविका सुरक्षित करने में सक्षम हुए हैं। उनमें से कुछ ने व्यवसाय भी स्थापित कर लिया है, जिससे उनकी पहचान को मजबूती मिली है। यह अल्ट्राटेक के सीएसआर के अंतर्गत आता है, जो समाज के असहाय वर्गों को स्थायी आजीविका के माध्यम से सशक्त बनाने का लक्ष्य रखता है। प्रोजेक्ट स्वावलंबन का उद्देश्य स्थानीय बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद करना है। यूनिट ने स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसरों को सुरक्षित करने के लिए स्थानीय युवाओं को प्रोफेशनल ट्रेनिंग देने के उद्देश्य से 2021 में वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर (वीटीसी) की स्थापना की थी।

**आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम** - ग्रामीण भारत में जिन युवाओं के सामने रोजगार खोजने की चुनौती है, वे अपनी आजीविका सुरक्षित करने के साधन के रूप में अपना खुद का व्यवसाय स्थापित करने की इच्छा रखते हैं। हालाँकि, व्यवसाय स्थापित करने और संचालित करने के लिए ज्ञान और मार्गदर्शन की कमी एक प्रमुख बाधा है। वीटीसी द्वारा दिए गए प्रोफेशनल ट्रेनिंग ने युवाओं को सशक्त बनाया है ताकि स्व-रोजगार शुरू कर सकें, स्थायी आजीविका को सुनिश्चित कर सकें, और अपने परिवार की स्थिति को सुधार सकें। 2021 से लेकर अब तक, मैहर सीमेंट वर्क्स यूनिट द्वारा संचालित प्रोफेशनल ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षित युवाओं ने 14 नए व्यवसाय शुरू किए गए हैं, जिनमें सौंदर्य सालून, कपड़ों की दुकानें, मोटर मरम्मत कार्यशालाएं आदि शामिल हैं। अल्ट्राटेक का प्रोजेक्ट स्वावलम्बन भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करता है, जिसका उद्देश्य एक स्व-निर्भर राष्ट्र का निर्माण करना है। अल्ट्राटेक के यह सीएसआर गोल्स आदित्य बिड़ला कम्युनिटी इनीशिएटिव्स एंड रूरल डेवलपमेंट के अंतर्गत आते हैं, जिसकी अध्यक्षा श्रीमति राजश्री बिड़ला हैं।

## टमाटर ही नहीं किचन के कई और सामान भी लोगों की जेब कर रहे ढीली, एक साल में भारी तेजी

**नई दिल्ली।** बारिश के कारण कम आपूर्ति की वजह से टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी भले ही अभी चर्चा का मुख्य विषय बनी हुई है लेकिन लेकिन सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि आलू को छोड़कर कई अन्य प्रमुख खाद्य पदार्थों की कीमतों में भी काफी वृद्धि हुई है।

खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की ओर से इस सप्ताह संसद को बताया कि पिछले एक साल में तुअर दाल की कीमतों में अधिकतम 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके बाद चावल (10.5 प्रतिशत), उड़द दाल और आटा (प्रत्येक मामले में 8 प्रतिशत) के दामों में भी काफी वृद्धि हुई है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को चावल की औसत खुदरा कीमत 41 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो एक साल पहले 37 रुपये थी। मंत्रालय ने तुअर दाल की कीमत में बढ़ोतरी के लिए घरेलू उत्पादन में कमी को जिम्मेदार ठहराया है। इसमें कहा गया है कि 2022-23 फसल वर्ष के लिए कृषि मंत्रालय के तीसरे अग्रिम अनुमान में पिछले फसल वर्ष के दौरान 42.2 लाख टन की तुलना में तुअर दाल का उत्पादन 34.3 लाख टन होने का अनुमान लगाया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के मूल्य निगरानी सेल के अनुसार गुरुवार को तुअर दाल की औसत खुदरा कीमत 136 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जबकि पिछले साल यह 106.5 रुपये प्रति किलोग्राम थी। उड़द दाल की कीमत पिछले साल के 106.5 रुपये से बढ़कर 114 रुपये प्रति किलो हो गई है। मूंग दाल की कीमत भी अब 102 रुपये प्रति किलोग्राम है, जो पिछले साल 111 रुपये थी। मंत्रालय ने कहा कि सब्जियों में आलू की पूरे भारत में औसत खुदरा कीमत पिछले साल की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत कम है जबकि प्याज की कीमत एक साल पहले की तुलना में लगभग 5त्न अधिक है। टमाटर की कीमतों पर, मंत्रालय ने कहा, हाल के हफ्तों में फसल की मौसमी स्थिति, कोलार में व्हाइट फ्लाई की बीमारी, देश के उत्तरी हिस्से में मानसून की बारिश के तत्काल आगमन जैसे कारकों के संयोजन के कारण हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में टमाटर की फसलें प्रभावित हुईं और भारी बारिश के कारण अलग-अलग इलाकों में सप्लाई भी बाधित हुई, जिससे कीमतें ज्यादा बढ़ीं।



## देशबन्धु ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# जबलपुर ज़ोन

'स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

## बारिश के चलते आंकड़ा 35 इंच पार, बरगी बांध के गेट खुलने से नर्मदा तटों पर 30 से 35 फीट जल स्तर बढ़ा



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर और आस-पास हो रही बारिश से सभी जगह पानी-पानी हो गया है। इसमें सड़क, बस्ती घर, स्कूल, कॉलोनी और खेत खलिहान आदि शामिल हैं। वहीं बीती रात बरगी बांध के 21 में 15 गेट खोले गये उसके बाद शुक्रवार को बांध प्रबंधन ने 19 गेट खोल दिये। जिससे नर्मदा के गौरीघाट समेत सभी तटों पर पानी 30 से 35 फीट तक बढ़ गया है। गौरीघाट में दुकानें डूब गई हैं और पानी लगातार ऊपर बढ़ रहा है।

**घाटों में होमगार्ड सैनिक मुस्तैद-**

जिला प्रशासन ने आस-पास रहने वालों को अलर्ट कर दिया गया है। होमगार्ड और अन्य तैराकों को घाट के समीपस्थ तैनात कर किया गया है। लोगों को पानी की तरफ जाने नहीं दिया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अब तक कुल 35 इंच के करीब बारिश हो चुकी है। बीते चार दिनों से बारिश की झड़ी लगी है। इससे न सिर्फ नगर ही बल्कि अन्य जगह भी पानी ही पानी देखा जा रहा है। कच्चे घरों के साथ ही अब पक्के मकानों में पानी रिसने लगा है।

**रिहायशी इलाकें में पानी भरा-**

बिलहरी के चैतन्य सिटी आदि में पानी कमर तक आ गया है। लोग अपने घरों में कैद हो गये हैं। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में बचाव कार्य तेज कर दिया है। किसी भी तरह की अनहोनी से निपटने दस्ता भी तैनात कर दिया गया है। इन बस्तियों में अत्याधिक जलभराव प्रमुख रूप से जिन रिहायशी इलाकों में जल भराव है। उसमें चैतन्य सिटी, अनुराधा कॉलोनी, विनायक कॉलोनी, कजरवारा, ममलेश्वरी नगर, मां नर्मदा नगर, सिटी होम्स, सविता ग्रीन सिटी, व्हीके कैसल आदि शामिल हैं। निगमायुक्त स्वाप्रिन वानखेड़े भी स्थिति पर नजर बनाये हुए हैं। सड़कों पर भरा पानी, वाहन चालक परेशान इधर जिस तरह बारिश हुई है उसके बाद शहर की आधे से ज्यादा सड़कों पर वाहन चालकों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। फ्लाई ओव्हर के समीपस्थ सड़कों को बुरा हाल है। निर्माणाधीन सड़कों पर गढ्डे हो गये हैं, इनमें पानी भर जाने से मुश्किलें बढ़ी हैं। बल्देवबाग, रानीताल, मदनमहल, दमोहनाका आदि में तो वाहन गिर रहे हैं, टूट फूट भी बढ़ी है। हालाकि कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ठेका कंपनी और संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी है कि उक्त सड़कों को चलने लायक बनाया जाये, इसमें लापरवाही बरतने वालों कार्यवाही की जायेगी।

**प्रदेश के कई जिलों में रेड व ऑरेंज अलर्ट-**

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इन दो मौसम प्रणालियों के असर से शुक्रवार-शनिवार को भोपाल, सागर, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, इंदौर उज्जैन संभाग के जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना है. शेष संभाग के जिलों में भी हल्की वर्षा हो सकती है. मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों में पन्ना, दमोह, निवाड़ी, दतिया, भिंड, मुरैना, विदिशा और रायसेन जिले में अति भारी बारिश की संभावना जताते हुए रेड अलर्ट जारी किया है. इसके अलावा सीहोर, नर्मदापुरम, अशोकनगर, शिवपुरी, नरसिंहपुर, सागर, छतरपुर एवं टीकमगढ़ जिलों में भी भारी बारिश हो सकती है. इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने आरेंज अलर्ट जारी किया है।

## गोरखपुर में गिरा पेड़, आवाजाही अवरूद्ध



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में बारिश के चलते गोरखपुर महर्षि स्कूल के सामने मुख्य सड़क पर पुराना बड़ा पेड़ अचानक गिर गया। गनीमत रही कि उस दौरान कोई भी वहां से नहीं गुजर रहा था। वरना गंभीर हादसा घटित हो सकता था। पेड़ गिरने से यहां पर आवागमन प्रभावित हो गया था। जिसके चलते वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बीच पेड़ गिरने की खबर लगने पर नगर निगम का अमला मौके पर पहुंचा। और यातायात में बाधक बनने वाले विशालकाय पेड़ को हटाने की कवायद शुरू की। जिसके बाद यातायात दुरूस्त हो सका। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि शहर के अलावा आसपास इस तरह शासकीय एल्गिन अस्पताल के समीप भी पुराना पेड़ धराशायी हो गया। जिससे वहां पर भी कुछ देर आवागमन प्रभावित रहा।

## नैनपुर से घूस लेने जबलपुर आये सीएमओ को लोकायुक्त ने दबोचा



**जबलपुर, देशबन्धु।** लोकायुक्त पुलिस ने मंडला जिले के नैनपुर नगर पालिका परिषद में पदस्थ सीएमओ को 15000 रुपए की रिश्वत लेते हुए शुक्रवार 4 अगस्त की दोपहर रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। नगर पालिका सीएमओ हाईकोर्ट के किसी काम से जबलपुर आए थे। उन्होंने यहीं पर आवेदक को रिश्वत देने के लिए बुला लिया था। हाईकोर्ट के गेट नंबर 5 पर जैसे ही सीएमओ ने रिश्वत के 15000 रुपए लिए. लोकायुक्त पुलिस ने उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक सीएमओ ने मंडला जिले के नैनपुर में रहने वाले ठेकेदार राजेंद्र सिंह ठाकुर से उनकी अमानत राशि और रुके हुए बिल को जारी करवाने के लिए एवज में रिश्वत मांगी थी। लोकायुक्त डीएसपी दिलीप झरबड़े ने बताया कि नैनपुर में रहने वाले ठेकेदार राजेंद्र सिंह ठाकुर ने नगरपालिका नैनपुर के अंतर्गत सीसी रोड और नाली निर्माण किया था। इस पूरे काम के एवज में राजेंद्र सिंह ठाकुर के तकरीबन डेढ़ लाख रुपए के बिल रुके थे, इसके अलावा उन्होंने अमानत राशि जो कि डेढ़ लाख की थी वह भी जमा की थी। दोनों ही राशि को निकलवाने के एवज में नगर पालिका सीएमओ राजाराम ने 15000 रुपए रिश्वत की मांग आवेदक से की थी। सीएमओ गुरुवार को हाईकोर्ट के काम से नैनपुर से जबलपुर आए हुए थे, इस दौरान ठेकेदार राजेंद्र सिंह ठाकुर भी जबलपुर में थे। सीएमओ ने राजेंद्र सिंह ठाकुर को फोन लगाकर हाईकोर्ट के गेट नंबर 5 पर रिश्वत के रुपए लेकर बुलाया था। शुक्रवार की दोपहर जैसे ही राजेंद्र सिंह ठाकुर ने सीएमओ राजाराम को रिश्वत के 15000 रुपए दिए तभी लोकायुक्त पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद लोकायुक्त पुलिस सर्किट हाउस 2 में लेकर आई है, जहां पर कार्यवाही जारी है।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 508 रेलवे स्टेशनों का 24,47 करोड़ रुपये से पुनर्विकास होगा

### प्रधानमंत्री 6 अगस्त को रखेंगे आधारशिला

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक ऐतिहासिक पहल के तहत आगामी 6 अगस्त को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के कोने-कोने में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य की आधारशिला रखेंगे। इसमें मध्यप्रदेश के 34 स्टेशन शामिल हैं। देशभर में 1309 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई थी।

इस योजना के हिस्से के रूप में, प्रधानमंत्री द्वारा 508 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए आधारशिला रखी जा रही है। इन स्टेशनों का पुनर्विकास 24,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया जाएगा। शहर के दोनों किनारों को समुचित रूप से जोड़ते हुए इन स्टेशनों को सिटी सेंटर के रूप में विकसित करने के लिए मास्टर प्लान तैयार किए जा रहे हैं।

ये 508 स्टेशन देश के 27 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में स्थित हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश में 55, राजस्थान में 55, बिहार में 49, महाराष्ट्र में 44, पश्चिम बंगाल में 37, मध्य प्रदेश में 34, असम में 32, ओडिशा में 25, पंजाब में 22, गुजरात में 21, तेलंगाना में 21, झारखंड में 20, आंध्र प्रदेश में 18, तमिलनाडु में 18, हरियाणा में 15, कर्नाटक में 13 स्टेशन शामिल हैं।

### मप्र के 34 रेलवे स्टेशन री-डेवलपमेंट में शामिल

री-डेवलपमेंट की श्रृंखला में मध्यप्रदेश के खजुराहो, आमला स्टेशन, कटनी जंक्शन, इटारसी जंक्शन, देवास रेलवे स्टेशन, गाडरवारा स्टेशन, गुना रेलवे स्टेशन, जुन्नारदेव रेलवे स्टेशन, दमोह रेलवे स्टेशन, बैतूल रेलवे स्टेशन, डबरा रेलवे स्टेशन, कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन, मंदसौर के शामगढ़ रेलवे स्टेशन, श्रीधाम रेलवे स्टेशन, मैहर रेलवे स्टेशन, गंजबासौदा रेलवे स्टेशन, भोपाल के संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन, नेपानगर रेलवे स्टेशन, कटनी जिले के साउथ रेलवे स्टेशन शामिल हैं। इसके अलावा ब्यावरा, शिवपुरी, करेली, रुठियाई, बानापुरा, सिहोरा रोड स्टेशन, घोड़ाडोंगरी, उज्जैन जिले के छोटे बड़े स्टेशन भी नये सिरे बनाये जायेंगे।




## पत्रकारों से बोले गृहमंत्री-कांग्रेस सिर्फ टीवी और ट्वीटर पर ही जिंदा

**जबलपुर, देशबन्धु।** संभागीय भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेने एक दिवसीय दौरे पर मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा का जबलपुर प्रवास हुआ। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान बैठक में पूर्व मंत्री अजय विश्नोई, विधायक अशोक रोहाणी, महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू सहित कई नेता मौजूद रहे।

जबलपुर प्रवास के दौरान गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इच्छाधारी हिंदू कहा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और कांग्रेस कार्यकर्ता छिंदवाड़ा में जो 5 से 7 अगस्त तक बागेश्वर धाम की राम कथा का आयोजन करवा रहे हैं, इस तरह की कथा उन्हें सिर्फ चुनाव में ही याद आती है। गृहमंत्री ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पूछा है कि बीते 4 साल में उन्होंने कहां-कहां रामकथा करवाई है यह बताएं? मैं तो बरसों से दतिया में कथा करवाते आ रहा हूं और अगर प्रमाण चाहिए तो दतिया जाकर पता कर सकते हैं। जबलपुर प्रवास के दौरान गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब सिर्फ टीवी और ट्विटर पर ही जिंदा दिखाई दे रही है, उन्होंने कहा कि मैं तो देख रहा हूं कि जमीन पर कांग्रेस के जन आंदोलन नहीं चल रहे हैं।

## रादुविवि में आज होने वाली परीक्षाएं स्थगित

**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय प्रशासन ने जिले में हो रही लगातार हो रही भारी बारिश के कारण 5 अगस्त को विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली समस्त परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। इसके साथ ही स्थगित किए गए प्रश्न पत्रों की नई समय सारिणी घोषित भी कर दी। रादुविवि के कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा ने बताया कि छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परीक्षाएं स्थगित की गई है।







**आसान किस्तों में उपलब्ध**

**मिश्रा इन्टरप्राइजेज**

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड
पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496


## रेल पुलिया में सुधार कर रहे मजदूर आए ट्रेन की चपेट में, 2 की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर-कटनी के बीच रेल ट्रेल की पुलिया में चल रहे सुधार के बीच पुलिया धसकने के अंदेशा से एकाएक बाहर निकले मजदूर नर्मदा एक्सप्रेस की चपेट में आए गए। दर्दनाक हादसे में 2 मजदूरों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 3 मजूदरों को गंभीर चोट पहुंची है। घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूचना पर मौके पर पहुंची खितौला पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिहोरा अस्पताल लेकर पहुंची है, जहां पंचनामा कार्रवाई के बाद मृतकों का पोस्टमार्टम होगा। रेलवे ट्रेक पर हुए हादसे के बाद रेल अधिकारी सुबह-सुबह मौके पर पहुंचे हैं। जबलपुर-कटनी रेल खंड के खितौला रेलवे फाटक और कुर्रे अंडर ब्रिज के बीच किलोमीटर क्रमांक 1031 में रात करीब 10:30 बजे की घटना बताई जा रही है। बताया जाता है कि पुलिया धसकने पर 20 से 25 लेबर मौके पर कार्य कर रही थी। मजदूर टेक पर थे उसी समय जबलपुर साइट से ट्रेन क्रमांक 18234 इंदौर-बिलासपुर तेज रफ्तार से निकली जिसकी चपेट में 5 मजदूर आ गए। दर्दनाक हादसे में बसंत कुमार लोधी पिता जीपी लोधी 28 साल निवासी ग्राम नांदचांद थाना रैपुरा जिला पन्ना और जोहर पटेल 60 साल निवासी ग्राम नांदचांद की मौत हो गई है।


**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 90
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 92
छोटा ब्रॉयलर - रु. 96

मोबाइल नं. 9300692405



**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 100
मुर्गा मीडियम - रु. 96
मुर्गा बड़ा - रु. 94
मुर्गा जम्बो - रु. 94

मो.-9039925000, 9425800409



G20 | MOFPI



मध्यप्रदेश के उत्पादों को मिलेगी

**दुनिया में पहचान**



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री


**मध्यप्रदेश के विशिष्ट उद्यानिकी उत्पाद**

जबलपुरी मटर, गुना का कुम्भराज धनिया
बुरहानपुर का केला, सिवनी का सीताफल,
खरगौन की मिर्च, इंदौर का जीरावन, मालवी आलू जैसे
16 विशेष उत्पादों को इस वर्ष मिलेगी
'जीआई/GI टैग यानी 'विशिष्ट भौगोलिक पहचान'

"जीआई टैग मिलने से न केवल हमारे प्रदेश के फ़सल उत्पादों को नई पहचान मिलेगी बल्कि प्रदेश की समृद्धि बढ़ाने का नया मार्ग भी मिलेगा।"
— शिवराज सिंह चौहान

"प्रदेश के उद्यानिकी उत्पादों को विशिष्ट पहचान दिलाने की विभाग द्वारा विशेष पहल की जा रही है। इसके लिये सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।"
— भारत सिंह कुशवाह, राज्य मंत्री, (स्वतंत्र प्रभार) उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मध्यप्रदेश शासन




**संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण, मध्यप्रदेश**

D-11076/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी